स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

# स्वतंत्र भारत

लखनऊ, बृहस्पतिवार
8 मई, 2025
वैशाख मास शुक्ल पक्ष 11
सं. 2082 वि.
वर्ष 78, अंक -256 पृष्ठ 12
संस्करण : नगर

मूल्य : 3 रुपये


epaper : epaper.swatantrabharat.net



रोहित शर्मा ने टेस्ट क्रिकेट से किया संन्यास का एलान

## विशेष संपादकीय

## 'सिंदूर' की लाली



आखिरकार भारत के जांबाजों ने 15 दिनों में ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'कल्पना से परे सजा देंगे' और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के 'देश जैसा चाहता है, वैसा ही होगा' संकल्पों को बहुत सधे ढंग से पूरा कर दिखाया। पहलगाम हमले में 26 भारतीयों की नृशंस हत्या के बदले में नौ आतंकी शिविरों को ध्वस्त करके ये लाइनें लिखे जाने तक आधिकारिक पुष्टि के अनुसार उनसे जुड़े तीस लोगों को खत्म कर दिया। अब पाकिस्तान भले कह रहा हो हमें हमले का जवाब देने का हक है लेकिन इस ऑपरेशन सिंदूर ने भारत की शक्ति की लालिमा को और आभायुक्त करते हुए पाक के चेहरे पर कालिख पोत दी है। इसके साथ पहलगाम हमले के खिलाफ बढ़ते वैश्विक समर्थन के बीच बुधवार को राष्ट्रव्यापी मॉक ड्रिल से साफ हो गया है कि पड़ोसी देश को उसी की भाषा में जवाब देने के लिए भारत किसी भी सीमा तक जाने के लिए तैयार है। देश यह मानते हुए कि 'अब जो होना है, होकर रहेगा', बिना किसी हड़बड़ी के एक-एक करके बड़े कदम उठाकर पाक पर घेरा कस रहा है जिसके क्रम में 'सिंदूर' सबसे बड़ा कदम था। मॉक ड्रिल के अभ्यास से 1962 में चीन और 1971 में हुए पाकिस्तान के साथ युद्ध की यादें ताजा हो गई हैं। इससे पहले रक्षा तैयारियों को लेकर पीएम मोदी रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, तीनों सेना प्रमुखों, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल, गृह एवं रक्षा सचिवों आदि के साथ बैठकें कर चुके हैं। पाक पर घेरा कसने के लिए सिंधु जल समझौता स्थगन आदि बड़े कदम भारत उठा चुका है तथा इसी दिशा में और फैसले भी लिए जाने हैं। इससे बौखलाए पाक द्वारा मिसाइल परीक्षण, सीमा पर 13 दिनों से लगातार गोलीबारी जैसी उकसाने वाली कार्रवाइयां तो जारी हैं ही, उसके पीएम व अन्य मंत्रियों, सेना प्रमुख आदि के भड़काऊ बयानों के गोले भी दागे जा रहे हैं। जाहिर है कि वह 29 सितंबर 2016 को गुलाम कश्मीर में और 26 फरवरी 2019 को बालाकोट में की गई सर्जिकल स्ट्राइक से भी बड़ी और चौंका देने वाले हमले से बुरी तरह घबरा चुका है। ऐसे में भारतीय सेना के जवानों को हमारा सैल्यूट। अब देखना यह है कि ऑपरेशन सिंदूर और मॉक ड्रिल और 'क्रॉस बॉर्डर रीयल ड्रिल' के बीच पाक के भाग्य में चैन के कितने दिन बचे रह पाते हैं।

## सिंदूर का प्रहार : कंधार से पहलगाम तक

# 25 मिनट में 25 साल का हिसाब बराबर

**नई दिल्ली।** 6 से 7 मई की दरमियानी रात को 1:05 बजे से लेकर 1:30 बजे तक सशस्त्र बलों ने ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया। 25 मिनट के इस ऑपरेशन में 24 मिसाइलों के जरिए नौ आतंकी शिविरों को ध्वस्त कर दिया गया। इन नौ ठिकानों में से पांच पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में थे, वहीं चार पाकिस्तान में थे। इन ठिकानों में आतंकियों को भर्ती किया जाता था। उन्हें प्रशिक्षित किया जाता था। उनके दिमाग में जहर भरा जाता था। ऑपरेशन सिंदूर में यह खास ध्यान रखा गया कि पाकिस्तान के सैन्य प्रतिष्ठानों, रिहाइशी इलाकों और आम नागरिकों को नुकसान न पहुंचे। इस पराक्रम के तहत नष्ट किए गए आतंकी ठिकान इस तरह हैं।

भारतीय सशस्त्र बलों ने पुख्ता खुफिया जानकारी के आधार पर आतंकियों के ऐसे नौ शिविरों को नष्ट किया, जहां से पिछले 25 साल में अलग-अलग हमलों को अंजाम देने की साजिश रची गई। भारत का यह प्रतिशोध इसलिए भी महत्वपूर्ण है




क्योंकि 25 साल पहले यानी 1999 में कंधार विमान अपहरण के बाद यात्रियों के बदले रिहा किए गए आतंकी जैश-ए-मोहम्मद का मुख्यालय भी ध्वस्त कर दिया गया है। मोस्ट वॉन्टेड आतंकी हाफिज सईद के संगठन लश्कर-ए-तैयबा का सबसे अहम और बड़ा आतंकी शिविर भी तबाह हो चुका है। वहीं, पहलगाम में हमला करने आए आतंकियों ने जहां प्रशिक्षण लिया था, वह भी नेस्तनाबूद किया जा चुका है।

### पीओके में स्थित पांच आतंकी ठिकाने

सवाई नाला कैम्प, मुजफ्फराबाद, पीओके, मरकज सैयदना बिलाल कैम्प, मुजफ्फराबाद, पीओके, गुलपुर कैम्प, कोटली, पीओके, बरनाला कैम्प, भीमबेर, पीओके, अब्बास कैम्प, कोटली, पीओके

### पाकिस्तान के अंदर मौजूद चार आतंकी ठिकाने

सरजल कैम्प, सियालकोट, महमूना जोया कैम्प, सियालकोट, मरकज तैयबा कैम्प, मुरीदके और मरकज सुभानअल्लाह, बहावलपुर, पाकिस्तान

## आतंकियों ने महिलाओं से कहा था 'मोदी को बता देना'

# महिलाओं ने ही बताया 'सिंदूर' का पराक्रम

**नई दिल्ली।** पहलगाम हमले के जवाब में भारत ने जिस तरह से आतंकियों को टारगेट करके पीओके और पाकिस्तानी पंजाब स्थित 9 ठिकाने पर हमले किए हैं, वह अहम है। इन हमलों के बाद भारत ने दो महिला अधिकारियों को ही जानकारी देने के लिए आगे किया। विदेश सचिव विक्रम मिसरी के साथ मीडिया में जानकारी देने आईं कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने एक-एक डिटेल दी कि कैसे भारत ने हमले किए हैं। इन दो महिलाओं को आगे करके भारत ने उन आतंकियों को संदेश दिया है, जिन्होंने महिलाओं से ही कहा था कि जाकर मोदी को बता देना। अब भारत सरकार और सैन्य नेतृत्व ने महिलाओं के जरिए ही पाकिस्तान और खूंखार आतंकियों को जवाब



दिया है।

महिला सैन्य अधिकारियों सोफिया कुरैशी और व्योमिका सिंह के जवाब देने से जनता में भी उत्साह दिखा कि वे ट्विटर पर ट्रेंड करने लगीं। कर्नल सोफिया कुरैशी ने ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी देते हुए कहा कि हमने मुरीदके, बहावलपुर समेत कुल 9 ठिकानों पर हमले किए हैं। इन हमलों में भारत ने सिर्फ आतंकी ठिकानों को ही टारगेट किया है। पाकिस्तान की सेना के प्रतिष्ठानों या फिर आम नागरिकों को भारत ने टारगेट नहीं किया है। इस तरह महिलाओं से ही भारत ने आतंकियों को करारा जवाब दिलाया है। पूरी जानकारी देते हुए सोफिया कुरैशी ने हिंदी में बयान जारी किया तो वहीं विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने उसकी डिटेल इंग्लिश में दी।

# ऑपरेशन सिंदूर : मोदी ने सुरक्षा बलों को सराहा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को ऑपरेशन सिंदूर के लिए भारतीय सशस्त्र बलों की सराहना की। भारतीय सशस्त्र बलों ने देर रात पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकी ठिकानों पर हमले किए थे। इस दौरान नौ आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया गया। पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकी ठिकानों को तबाह करने के लिए चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर के कुछ घंटों बाद प्रधानमंत्री

### पूरी कैबिनेट ने थपथपाई मेज

ने केंद्रीय कैबिनेट की बैठक की अध्यक्षता की। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की ओर से ऑपरेशन सिंदूर के बारे में कैबिनेट को सूचित किया गया। इसके बाद पूरी कैबिनेट ने मेज थपथपाकर कार्रवाई और प्रधानमंत्री के नेतृत्व की सराहना की। ऐसा माना जा रहा है कि पीएम मोदी ने यह भी कहा कि उनकी सरकार आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस रखेगी। सूत्रों के मुताबिक, प्रधानमंत्री ने रक्षा मंत्री और एनएसए अजीत डोभाल से भी अलग से मुलाकात की और मौजूदा हालात का जायजा लिया। इससे




पहले पहलगाम आतंकी हमले का बदला लेते हुए भारतीय सशस्त्र बलों ने मंगलवार-बुधवार की दरम्यानी रात पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में नौ आतंकी ठिकानों पर मिसाइल हमले किए। इनमें बहावलपुर में जैश-ए-मोहम्मद का गढ़ और मुरीदके में लश्कर-ए-तैयबा का ठिकाना शामिल है। प्रधानमंत्री ने इससे पहले पहलगाम हमले के मद्देनजर आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई के लक्ष्यों, तरीके और समय पर निर्णय लेने के लिए सशस्त्र बलों को पूरी स्वतंत्रता दी थी। पहलगाम आतंकी हमले में 26 नागरिक मारे गए थे।

# शाह ने की सीमावर्ती राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक

**नई दिल्ली।** पहलगाम आतंकवादी हमले के जवाब में सशस्त्र सेनाओं के ऑपरेशन सिंदूर से बौखलाए पाकिस्तान की ओर से नियंत्रण रेखा और अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर की जा रही

### बीएसएफ के डीजी से भी की इन राज्यों की स्थिति पर चर्चा

फायरिंग के मद्देनजर केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सीमावर्ती राज्यों के मुख्यमंत्रियों और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बुधवार को यहां बैठक कर स्थिति की समीक्षा की। बैठक में जम्मू कश्मीर, गुजरात, पंजाब , उत्तराखंड, राजस्थान , बिहार, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल और सिक्किम के मुख्यमंत्रियों के अलावा पुलिस महानिदेशकों और मुख्य सचिवों ने भी हिस्सा लिया। सूत्रों ने



बताया कि बैठक पाकिस्तान की ओर से नियंत्रण रेखा और अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर की जा रही फायरिंग में आम लोगों को निशाना बनाये जाने के मद्देनजर बुलायी गयी। बैठक में कहा गया कि सीमावर्ती क्षेत्रों से आम लोगों को जल्द से जल्द सुरक्षित ठिकानों पर पहुंचाया जाना चाहिए। शाह ने सीमा सुरक्षा बल के महानिदेशक से भी इस बारे में बात की है।

## ऑपरेशन सिंदूर के बाद एनएसए अजीत डोभाल ने कहा

# जंग नहीं चाहते पर हिमाकत मंजूर नहीं

**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पीओके में नौ

### कई देशों के अपने समकक्षों से की बात

जगहों पर आतंकवादियों और आतंकवादी ढांचे पर लक्षित हमलों के तुरंत बाद, एनएसए अजीत डोभाल ने कई देशों के अपने समकक्षों से बात की, जिनमें अमेरिकी एनएसए और विदेश मंत्री मार्को रुबियो, यूके एनएसए जोनाथन पॉवेल, सऊदी एनएसए मुसैद अल ऐबन, यूएई एनएसए शेख तहनून, यूएई के एनएससी के महासचिव अली अल शम्सी और जापान के एनएसए मसाटाका ओकानो शामिल हैं। रूसी एनएसए सर्गेई शोइगु, चीन के विदेश मंत्री वांग यी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल बोने के कूटनीतिक सलाहकार से भी संपर्क स्थापित किया। एनएसए डोभाल ने अपने समकक्षों को की गई कार्रवाई और निष्पादन के तरीके के बारे में जानकारी दी, जो कि मापा हुआ, गैर-बढ़ाने वाला और संयमित था। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत का इरादा तनाव बढ़ाने का नहीं है, लेकिन अगर पाकिस्तान तनाव बढ़ाने का फैसला करता है तो वह दृढ़ता से जवाब देने के लिए पूरी तरह तैयार है। एनएसए डोभाल ने चीन से दो टूक शब्दों में कहा है कि भारत पाकिस्तान से जंग नहीं चाहता, लेकिन अगर उसने कोई हिमाकत की



तो करारा जबाब मिलेगा। गौरतलब है कि भारती की कार्रवाई के बाद चीन के विदेश मंत्रालय ने बयान में कहा था कि हम मौजूदा स्थिति को लेकर चिंतित हैं। भारत और पाकिस्तान एक दूसरे के पड़ोसी हैं और हमेशा रहेंगे।

# भारत ने किया 'राइट टू रिस्पॉन्स' का इस्तेमाल : राजनाथ सिंह

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में बुधवार रात की गई एयर स्ट्राइक में कई आतंकी ठिकानों को तबाह कर दिया। सेना की इस कार्रवाई को लेकर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि, सेना ने हमारा मस्तक

### सही समय पर ध्वस्त किए लक्ष्य

उंचा किया है। भारतीय सशस्त्र बलों ने सटीकता, सतर्कता और संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई की। हमने जो लक्ष्य तय किए थे, उन्हें सही समय पर सटीकता के साथ ध्वस्त किया। 6 राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों में 50 बीआरओ (सीमा सड़क संगठन) बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के उद्घाटन के अवसर पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि जैसा कि आप सबको जानकारी है कि कल रात भारतीय सेनाओं ने अपने शौर्य एवं पराक्रम का परिचय देते हुए एक नया इतिहास लिख दिया है। भारत की सेना ने सटीकता, सतर्कता और संवेदनशीलता के साथ करवाई की है। हमने जो लक्ष्य तय किये थे, उन्हें ठीक तय योजना के अनुसार सटीकता से ध्वस्त किया है। किसी भी नागरिक ठिकाने नागरिक जनसंख्या को जरा भी प्रभावित न होने की संवेदनशीलता दिखाई है। यानि एक तरीके की सटीकता, सतर्कता और मानवता सेना ने दिखाई है। जिसके लिए मैं हमारे सेना के जवानों और अधिकारियों को पूरे देश की ओर से साधुवाद देता हूं। सेना को संपूर्ण सम्बल प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री को भी साधुवाद देता हूं। हमने हनुमान जी के उस आदर्श का पालन किया है, जो उन्होंने अशोक वाटिका उजाड़ते समय किया था 'जिन मोहि मारा, तिन मोहि मारे' अर्थात केवल उन्हीं को मारा जिन्होंने हमारे मासूमों को मारा।

# ऑपरेशन सिंदूर के बाद यूपी में रेड अलर्ट घोषित

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद यूपी में सतर्कता बढ़ा दी गई है। डीजीपी प्रशांत

### डीजीपी ने 13 प्वाइंट में जारी किए निर्देश

### महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की सुरक्षा सुनिश्चित हो

कुमार ने सभी जिलों के अधिकारियों को इस बाबत कई निर्देश जारी किए हैं। अफसरों को 13 प्वाइंट में और सबप्वाइंट में बताया गया है कि क्या करना है और क्या नहीं करना है। डीजीपी की ओर से कहा गया है कि आज रात भारतीय सेना द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर के परिप्रेक्ष्य में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा प्रदेशवासियों एवं राज्य के महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की सुरक्षा सुनिश्चित करने को कहा गया है। इसके साथही कानून



व्यवस्था बनाए रखने और इससे सम्बन्धी दिये गये निर्देशों के क्रम में सभी जनपदों, कमिश्नरेट्स और पुलिस इकाइयों को तत्काल प्रभाव से इन निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करना है।

डीजीपी ने राज्य पुलिस के एक्स हैंडल से पोस्ट कर कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सेना द्वारा आतंकी ठिकानों पर की गई कार्रवाई के मद्देनजर उत्तर प्रदेश में रेड अलर्ट घोषित किया गया है। पोस्ट में कहा गया, उत्तर प्रदेश पुलिस की सभी फील्ड इकाइयों को रक्षाबलों से समन्वय स्थापित करने एवं महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की सुरक्षा सुदृढ़ करने के निर्देश दिए गए हैं। उत्तर प्रदेश पुलिस सतर्क है, संसाधनों से लैस है, और प्रदेश के प्रत्येक नागरिक की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह तैयार है। बाद में, पुलिस महानिदेशक ने ऑपरेशन सिंदूर के परिप्रेक्ष्य में उत्तर प्रदेश के निवासियों एवं महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की सुरक्षा के लिये दिशा-निर्देश जारी किये।

## एलओसी पर पाक ने रात भर की फायरिंग

**जम्मू/श्रीनगर।** पाकिस्तानी सेना ने बुधवार को जम्मू कश्मीर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास स्थित गांवों को निशाना बनाकर भारी गोलाबारी की, जिसमें चार बच्चों सहित कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई और 57 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यह गोलाबारी भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में नौ आतंकवादी ठिकानों पर मिसाइल हमले किए जाने के तुरंत बाद हुई। अधिकारियों ने बताया कि सभी नागरिकों की मौत गोलाबारी से सबसे अधिक प्रभावित पुंछ जिले में हुई है। उन्होंने बताया कि 42 लोग घायल भी हुए हैं, जिनमें से कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है।

# तैयारी : देश भर में की गई नागरिक सुरक्षा मॉक ड्रिल

**नई दिल्ली/लखनऊ।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत-पाकिस्तान के रिश्तों में बढ़ते तनाव और संभावित हमले की आशंका के मद्देनजर आज देश भर में मॉक ड्रिल की गई। इसके लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय की तरफ से सभी राज्यों को निर्देश जारी किया गया था। जिसके बाद आज देश की राजधानी दिल्ली से लेकर मुंबई और मध्य प्रदेश से लेकर कर्नाटक तक नागरिक सुरक्षा मॉक ड्रिल की गई। दिल्ली में बुधवार को सुरक्षा एजेंसियों की तैयारियों की जांच के लिए कनॉट प्लेस, खान मार्केट और चांदनी चौक समेत 55 स्थानों पर 'मॉक ड्रिल' (सुरक्षा अभ्यास) किए जाएंगे। यह अभ्यास मंगलवार देर रात को भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में किए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद किया गया। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को लखनऊ पुलिस लाइन में आयोजित मॉकड्रिल के दौरान नागरिक सुरक्षा की तैयारियों का जायजा लिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर आतंकियों को करारा जवाब

## आतंकियों को जवाब है ऑपरेशन सिंदूर : सीएम योगी




है। जिन्होंने भारत की बहन बेटियों का सिंदूर छेड़ने की कोशिश की, उन्हें अपना खानदान खोना पड़ा। ऑपरेशन सिंदूर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और देश की सेना की बहन-बेटियों के प्रति संवेदना का प्रतीक है। सेना के पराक्रम को जनता का भी पूरा समर्थन है। मुख्यमंत्री ने पहलगाम हमले पर सेना की कार्रवाई को निर्णायक बताते हुए कहा कि देश की आन बान और शान के साथ किसी को खिलवाड़ नहीं करने देंगे क्योंकि देश सर्वप्रथम है।

### सुरक्षा एजेंसियों का संयुक्त प्रदर्शन

लखनऊ रिजर्व पुलिस लाइन में आयोजित मॉक ड्रिल की शुरुआत भारत माता की जय के साथ हुई। साथ ही एनडीआरएफ द्वारा जैसे ही मॉक ड्रिल आंरभ किया तो सायरन बजने लगा। दुश्मन की एयर स्ट्राइक से बचने के लिए ब्लैकआउट किया गया, नागरिकों ने सुरक्षित स्थानों की शरण ली। दूसरे सायरन के साथ जब खतरा समाप्त हुआ, तब घायलों का प्राथमिक उपचार किया गया। फायर, चिकित्सा कर्मियों और रेस्क्यू टीमों ने घायलों की मदद की। नागरिकों को ध्वस्त ढांचे से बचाने और केमिकल हमले से निपटने के उपाय भी सिखाया गया। इस दौरान एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और मेडिकल टीमों ने भी तत्परता दिखायी। इस तरह प्रदेश के 19 जनपदो में भी मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया।

## सीबीआई निदेशक प्रवीण सूद को मिला सेवा विस्तार

**नई दिल्ली।** केंद्र ने बुधवार को सीबीआई निदेशक प्रवीण सूद का कार्यकाल एक साल के लिए बढ़ा दिया। सूद ने 25 मई, 2023 को दो साल के कार्यकाल के लिए सीबीआई निदेशक का पदभार संभाला था। अधिकारियों ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता वाली चयन समिति की सोमवार को हुई बैठक में सूद के कार्यकाल को बढ़ाने का फैसला लिया गया। इस समिति में भारत के प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी शामिल थे।





स्वतंत्र भारत
epaper : epaper.swatantrabharat.net web portal : epaper.swatantrabharat.net

भारतीय सेना के सम्मान में

# बिजली कर्मियों ने निकाली तिरंगा रैली

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,लखनऊ।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उप्र के आह्वान पर बुधवार को राजधानी लखनऊ सहित प्रदेश के समस्त जनपदों और परियोजनाओं पर भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम के सम्मान में बिजली कर्मियों ने तिरंगा रैली निकाली। निजीकरण के विरोध में

### निजीकरण की प्रक्रिया वापस लेने की मांग

शक्तिभवन पर चल रहा क्रमिक अनशन आज छठे दिन जारी रहा। संघर्ष समिति ने अवैध ढंग से नियुक्त किये गये ट्रांजैक्शन कंसलटेंट ग्रान्ट थॉर्टन की नियुक्ति निरस्त करने और निजीकरण की प्रक्रिया वापस लेने की मांग की है। लखनऊ में बुधवार को शक्तिभवन पर चल रहे क्रमिक अनशन स्थल से बिजली कर्मचारियों और अभियंताओं ने तिरंगा रैली निकाली। सैकड़ों बिजली कर्मी हाथों में राष्ट्रध्वज लिये हुए भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम के समर्थन में नारे लगाते हुए जीपीओ स्थित गांधी प्रतिमा तक गये। संघर्ष समिति के आह्वान पर इसी प्रकार सभी जनपदों और परियोजनाओं पर तिरंगा रैली निकाल कर भारतीय सेना के साथ एकजुटता का प्रदर्शन किया गया। क्रमिक अनशन के छठे दिन शक्तिभवन पर 200 से अधिक बिजली कर्मचारी और अभियंता क्रमिक अनशन पर बैठे। उधर बरेली, अयोध्या, देवीपाटन, रायबरेली, सीतापुर और लखनऊ क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले जनपदों से बिजली कर्मी अनशन के लिए आये। लखनऊ नगर के बिजली कर्मी भी बड़ी संख्या में अनशन में सम्मिलित हुए। उप्र के बिजली कर्मियों के समर्थन में हरियाणा के बिजली कर्मियों का दस्ता भी क्रमिक अनशन में सम्मिलित हुआ। हरियाणा के बिजली कर्मियों का नेतृत्व सुरेश राठी और संजय ढांडी कर रहे थे। संघर्ष समिति के प्रमुख पदाधिकारी राजेन्द्र घिल्डियाल, सुरेन्द्र सिंह, निखिल नायक, रणवीर सिंह चन्द्रशेखर, दिनेश कुमार सिंह, सुमित सहगल, रजत श्रीवास्तव मुख्यतया सम्मिलित हुए। संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण हेतु अवैध ढंग से नियुक्त किये गये कंसल्टेंट ग्रान्ट थॉर्टन का झूठा शपथ पत्र और फर्जीवाड़ा पहले ही सामने आ चुका है। अब मिर्जापुर में अडानी पॉवर के साथ 1500 मेगा वाट बिजली खरीद के निर्णय के बाद यह सामने आया है कि अडानी पॉवर का कंसलटेंट ग्रान्ट थॉर्टन है। इससे कॉन्फ्लिक्ट ऑफ इंटरेस्ट (हितो के टकराव) का मामला उजागर होकर सामने आ गया है। इससे स्पष्ट है कि निजीकरण के मामले में बड़ा भ्रष्टाचार होने जा रहा है। संघर्ष समिति ने आरोप लगाया है कि मिर्जापुर में लगने वाले अडानी पॉवर थर्मल प्लांट की फिक्स कॉस्ट रू 3.72 प्रति यूनिट है जो प्रदेश में लगे हुए बिजली घरों में सबसे अधिक है। इस पॉवर हाउस से 4 साल बाद प्रदेश को बिजली मिलेगी। उस समय वैरियबल कॉस्ट भी बढ़ चुकी होगी। इस प्रकार अडानी पॉवर के इस थर्मल प्लांट से प्रदेश को सबसे मंहगी बिजली मिलने जा रही है। यदि पूर्वांचल का निजीकरण होता है तो पूर्वांचल की गरीब जनता पर इस मंहगी बिजली का भार सीधे-सीधे आयेगा और बिजली की दरों में भारी वृद्धि होगी। निजीकरण के विरोध में क्रमिक अनशन 08 मई को भी जारी रहेगा।



# निश्चित समयावधि में कार्यों को पूर्ण करना अति आवश्यक

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,लखनऊ।** पूर्वोत्तर रेलवे के वरिष्ठ उपमहाप्रबंधक एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी तुषार कान्त पाण्डेय ने बुधवार को एक दिवसीय दौरे के अन्तर्गत पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, लखनऊ के सभागार में मण्डल रेल प्रबंधक गौरव अग्रवाल एवं अपर मण्डल रेल प्रबन्धक (परिचालन) विक्रम कुमार तथा अपर मण्डल रेल प्रबन्धक (इंफ्रा) भुवनेश सिंह व समस्त शाखाधिकारियों के साथ यात्री परिवहन एवं यात्री सुविधाओं तथा कर्मचारी कल्याण आदि विषयों पर समीक्षा बैठक की। बैठक में अपर मण्डल रेल प्रबंधक (परिचालन)विक्रम कुमार ने पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से लखनऊ मण्डल की आधारभूत संरचना, भौगोलिक क्षेत्र, ट्रेन परिचालन, महत्वपूर्ण गतिविधियां, संरक्षा एवं सुरक्षा तथा कर्मचारी कल्याण के अन्तर्गत हो रहे कार्यो की उपलब्धियों के बारे में जानकारी प्रदान की। बैठक को संबोधित करते हुए वरिष्ठ उपमहाप्रबंधक एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी ने कर्मचारी कल्याण, गतिशक्ति, स्टेशन विकास, यात्री परिवहन आदि विकास परक परियोजनाओं पर प्रमुख रूप से चर्चा करते हुए कहा कि कार्यो को पारदर्शिता के साथ निश्चित समयावधि में पूर्ण करना अति आवश्यक है। कर्मचारी कल्याण की दिशा में कर्मचारियों के विभागीय परीक्षा चयन का कैलेण्डर बना कर सुनिश्चित किया जाये तथा इनकी विभागीय पदोन्नति तथा एमएसीपी इत्यादि को निश्चित समय अवधि में पूरा किया जाये। जिसका वृहद अंतर परिणाम स्वरूप देखने को मिलेगा। इसके अतिरिक्त संवेदनशील पदों का रोटेशनल ट्रांसफर किया जाये। उन्होंने सभी कर्मियों को दैनिक कार्यों में पारदर्शिता एवं ईमानदारी बरतने की सलाह दी। इसके बाद मण्डल रेल प्रबंधक गौरव अग्रवाल ने कहा कि लखनऊ मण्डल में परिचालनिक एवं यात्री सुविधाओं के उन्नयन के साथ-साथ कर्मचारी कल्याण की दिशा में सुचारू रूप से कार्य किया जा रहा है। इस अवसर पर समस्त शाखाधिकारी व अन्य कमचारी उपस्थित थे।



## आज से बैठेंगे बब्बू अवस्थी भूख हड़ताल पर

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,लखनऊ।** घोर अस्वस्थता के बाद भी निजीकरण की सरकारी सोच बदलने एवं 2 अक्टूबर 2020 को संगठन एवं सम्पूर्ण उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 के मध्य समझौते को लागू करवाने के लिए विद्युत कर्मचारी मोर्चा संगठन, उ0प्र0 के केन्द्रीय अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश अवस्थी 'बब्बू' शक्ति भवन पर गुरूवार से यानि कल से अनिश्चित कालीन भूख हड़ताल पर बैठेगें। ज्ञातव्य है कि कर्मचारी समस्याओं एवं निजीकरण की सरकारी सोच बदलने के लिए संगठन एवं प्रबंधन के मध्य 2 अक्टूबर 2020 को द्विपक्षीय वार्ता के मध्य कई सहमतियां बनी थी। उक्त वार्ता के बाद भी कई बैठकों में बनी सहमतियों पर आदेश करने की बात कही गयी। निजीकरण की सोच बदलने के साथ-साथ मुख्य रूप से सेस तृतीय श्रेणी कर्मचारियों को 6600 ग्रेड पे देना, आमेलन खोलना, छठे वेतन आयोग में 2 अग्रिम वेतन वृद्धियां देना एवं बढ़े हुये कार्य के आधार पर प्रत्येक संवर्ग में नई भर्तियां करना।इस भूख हड़ताल में संगठन के पदाधिकारी नवीन गौतम, मोहन जी श्रीवास्तव, एके0 माथुर, देव आशीष तिलक, पीसी वर्मा, अजय अवस्थी, आरएन मिश्र, तपस्या शुक्ला सहयोग करेंगें।

## महिला के हत्यारे की पुलिस मुठभेड़ मामले की मजिस्ट्रियल जांच शुरू

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** राजधानी में 18/19 मार्च 2025 की रात को आलमबाग बस स्टैंड से ई-रिक्शा में बैठाई गई युवती आशा प्रजापति की हत्या मामले में पुलिस मुठभेड़ में मारे गए आरोपी अजय द्विवेदी की मौत की मजिस्ट्रियल जांच शुरू हो गई है। यह मामला राजधानी लखनऊ के थाना मलिहाबाद क्षेत्र से जुड़ा है, जहां युवती की हत्या कर शव फेंक दिया गया था। इस सनसनीखेज वारदात की एफआईआर थाना मलिहाबाद में मु0अ0सं0-0080/2025, धारा 103 (1) बीएनएस के तहत अज्ञात अभियुक्तों के खिलाफदर्ज की गई थी। घटना के बाद पुलिस ने जांच तेज करते हुए स्वॉट टीम, सर्विलांस सेल और थाना मलिहाबाद की संयुक्त टीम गठित की थी। इसी क्रम में 21 मार्च को पुलिस और आरोपी अजय द्विवेदी के बीच मुठभेड़ हुई, जिसमें अजय द्विवेदी की मृत्यु हो गई। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए जिलाधिकारी लखनऊ ने इस पूरी मुठभेड़ की न्यायिक जांच का आदेश दिया है। जांच का दायित्व उप जिला मजिस्ट्रेट मोहनलालगंज अंकित शुक्ला को सौंपा गया है। इस संबंध में उप जिलाधिकारी की ओर से सार्वजनिक सूचना जारी की गई है। इसमें कहा गया है कि यदि किसी भी व्यक्ति के पास इस घटना से संबंधित कोई जानकारी या साक्ष्य है, तो वह आगामी 15 कार्यदिवसों के भीतर, कार्यालय उप जिलाधिकारी, मोहनलालगंज, लखनऊ के कक्ष संख्या-04 में उपस्थित होकर अपना लिखित अथवा मौखिक बयान दर्ज करा सकता है। प्रशासन की ओर से स्पष्ट किया गया है कि यह जांच निष्पक्षता के साथ की जाएगी और इसमें जनता से प्राप्त हर जानकारी को गंभीरता से लिया जाएगा। यह मामला न केवल एक हत्या और मुठभेड़ से जुड़ा है, बल्कि इसमें पुलिस कार्रवाई की पारदर्शिता भी जांच के केंद्र में है।

## खबर एक नजर

### आपात स्थिति से निपटने को मॉकड्रिल

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** बाल निकुंज स्कूल्स एंड कॉलेजेस की सभी शाखाओं में आपदा प्रबंधन को लेकर मॉक-ड्रिल का आयोजन किया गया। इस अभ्यास का उद्देश्य बच्चों को किसी भी आपात स्थिति में सजग, सतर्क और सुरक्षित रहना सिखाना था। बाल निकुंज गर्ल्स एकेडमी अलीगंज शाखा में कॉलेज कोऑर्डिनेटर सुधीर मिश्रा ने छात्रों को शासन द्वारा जारी एडवाइजरी की मौखिक जानकारी दी। उन्होंने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि शासन की एडवाइजरी का शत-प्रतिशत पालन करना हर नागरिक का दायित्व है। देशभक्ति की भावना से प्रेरित रहकर सतर्कता बरतना हमारा प्रथम कर्तव्य है और इसमें किसी भी प्रकार की चूक नहीं होनी चाहिए। प्ले ग्रुप की कक्षाध्यापिका आरती सिंह ने छोटे बच्चों को व्यवहारिक रूप से मॉक-ड्रिल का अभ्यास कराया। बच्चों ने अनुशासित और शांत व्यवहार से यह सिद्ध किया कि वे प्रशिक्षण को गंभीरता से समझ रहे हैं। बाल निकुंज इंटर कॉलेज गर्ल्स विंग की प्रधानाचार्या श्रीमती भगवती भंडारी ने छात्राओं को देशभक्ति और अनुशासन का महत्व समझाते हुए कहा कि बच्चों को शासन के निर्देशों का पालन करते हुए न सिर्फ स्वयं की बल्कि समाज की भी रक्षा करनी चाहिए। इस अवसर पर कविवर की पंक्तियाँ विशेष रूप से छात्रों को समर्पित की गईं युद्ध नहीं जिनके जीवन में, वह भी बड़े अभागी होंगे। या तो प्रण को तोड़े होंगे, या तो रण से भागे होंगे।

### महिला सशक्तिकरण पर दिया जोर



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** रोटरी क्लब लखनऊ राजधानी का 40वां स्थापना दिवस मनाया गया। समारोह के मुख्य अतिथि रोटरी मंडल 3120 के मंडलाधयक्षा रोटेरियन पारितोष बजाज थे। अतिथि रोटरी मंडल 3120 के पूर्व मंडलाधयक्ष रोटेरियन रंजीत सिंह रहे। क्लब ने वंचित समाज की 23 मेधावी छात्राओं को साइकिल और महिला सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत 12 महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के उद्देश्य से सिलाई मशीनें प्रदान की। बजाज ने रोटरी संस्था द्वारा वंचित समाज के लिए चलाई जा रही शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण, महिला सशक्तिकरण आदि विभिन्न योजनाओं पर विस्तार से बताया। क्लब अध्यक्षा रोटेरियन किरनजीत सिंह , क्लब सचिव रो. देव कमला दीक्षित, उपाध्यक्ष रो. राधा घोष, उपाध्यक्ष रो. अनु मारवाह, कोषाध्यक्ष रो. अचिंतो घोष रो. अजय टंडन सहित क्लब के अन्य सदस्य शामिल रहे। क्लब द्वारा संचालित चैरिटेबल ब्लड बैंक एवं महिला वोकेशनल सिलाई कढ़ाई प्रशिक्षण केंद्र का निरीक्षण भी कराया गया। क्लब संपादिका रो. अनिता चतुर्वेदी द्वारा क्लब पत्रिका प्रायोजन का विमोचन मंडलाधयक्ष द्वारा किया गया।

### स्पेलिंग प्रतियोगिता में सीएमएस छात्र अव्वल

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अलीगंज द्वितीय कैम्पस के पाँच मेधावी छात्रों ने अन्तर-विद्यालयी स्पेलिंग प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। 'विज इण्टरनेशनल स्पेल बी प्रतियोगिता' के राज्य स्तरीय ग्रैण्ड फिनाले में सी.एम.एस. अलीगंज द्वितीय कैम्पस के कक्षा-1 के छात्र विहान श्रीवास्तव ने 25वीं रैंक, रेजल खान ने 28वीं रैंक, उदिता ने 29वीं रैंक, आद्वविका ने 30वीं रैंक एवं प्रिशा वाजपेयी ने 32वीं रैंक अर्जित कर अपने मेधात्व का परचम लहराया है। प्रतियोगिता के अन्तर्गत प्रतिभागी छात्रों को उनके अंग्रेजी ज्ञान, स्पेलिंग, ग्रामर, पजल्स, फेनेटिक्स सिम्बल, बोलने की क्षमता, राइमिंग वर्डस, जंबल लेटर्स आदि विभिन्न मानकों पर आंका गया। सी.एम.एस. संस्थापिका-निदेशिका व प्रख्यात शिक्षाविद् डा. भारती गाँधी ने सी.एम.एस. के इस प्रतिभाशाली छात्र के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### चौक में अवैध निर्माण सील



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के निर्देश पर शहर में अवैध निर्माण के खिलाफ लगातार चलाये जा रहे अभियान के क्रम में बुधवार को प्रवर्तन जोन-7 की टीम ने चौक क्षेत्र में एक अवैध व्यावसायिक निर्माण सील किया। प्रवर्तन जोन-7 के जोनल अधिकारी अतुल कृष्ण सिंह ने बताया कि गोपाल दास, राजकुमार, किशन कुमार व अनूप कुमार द्वारा चौक में खुनखुन जी रोड पर लगभग 200 वर्गमीटर क्षेत्रफल में अवैध रूप से व्यावसायिक निर्माण करवाया जा रहा था। प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराये बिना किये जा रहे इस अवैध निर्माण के विरूद्ध विहित न्यायालय द्वारा वाद योजित करते हुए सीलिंग के आदेश पारित किये गये थे। जिसके अनुपालन में सहायक अभियंता संजय शुक्ला के नेतृत्व में अवर अभियंता इम्तियाज अहमद द्वारा प्राधिकरण पुलिस बल के सहयोग से उक्त अवैध निर्माण को सील कर दिया गया।

# ग्रांट थ्रोनटन के गणित से निजीकरण में होगा खेल : अवधेश वर्मा

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की कैबिनेट द्वारा कल अडानी पावर लिमिटेड की 800 मेगावाट की दो इकाइयों से तैयार होने वाली 1600 मेगावाट तापीय पावर परियोजना की कुल 1500 मेगावाट बिजली खरीद का जो रुपया 5.38 प्रति यूनिट में अपनी सहमति दी गई उसमें फिक्स चार्ज रुपया 3.72 प्रति यूनिट बताया गया और फ्यूल चार्ज रुपया 1.65 प्रति यूनिट बताया गया है। उपभोक्ता परिषद ने आज इसकी हकीकत उजागार करते हुए कहा है कि उत्पादन इकाइयों की फिक्स चार्ज का मतलब यह होता है कि आप 25 वर्षों के लिए करार कर लिए हैं, बिजली लें या ना लें फिक्स कास्ट का भुगतान आपको करना है। यह टेंडर जिस पद्धति से हुआ है, उसमें फिक्स कास्ट बहुत मुश्किल से घटने वाली है यानी कि यह कहना उचित होगा कि यह घटेगा नहीं बल्कि बढ़ने की संभावना है। जहां तक सवाल है फ्यूल चार्ज का तो वह जब आज के 5 वर्ष बाद पावर हाउस बनकर तैयार होगा उस समय इसकी दर निर्भर करेगी। ऊर्जा क्षेत्र में निजीकरण का मसौदा तैयार करने वाला असंवैधानिक रूप से नियुक्त ग्रांट थ्रोनटन अडानी के साथ कार्य करता है। उसी की गणित से निजीकरण में खेल होगा। इसीलिए सीबीआई जांच की जरूरत है और बार-बार मुख्यमंत्री से उपभोक्ता परिषद इसीलिए जांच कराए जाने की गुहार लगा रहा है। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने कहा है कि प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं को शायद यह नहीं पता होगा कि उत्तर प्रदेश की बिजली कंपनियां उपभोक्ताओं के लिए लगभग 113 उत्पादन इकाइयों से बिजली लेती हैं। वर्तमान मार्च 2025 के आंकड़े यही कहते हैं। उसमें बात की जाए फिक्स कास्ट की तो अडानी पावर का जो कल कैबिनेट से निर्णय हुआ है यह अब तक का सबसे महंगा फिक्स कास्ट है। उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग द्वारा बनाए गए मेरिट ऑर्डर डिस्पैच के तहत उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन द्वारा जारी किए गए मार्च 2025 की बिजली खरीद वह किए गए भुगतान के आंकड़ों पर नजर डालें तो वह स्वता सिद्ध करता है कि अभी तक रुपया 3 प्रति यूनिट के ऊपर जिन उत्पादन इकाइयों की फिक्स कास्ट है उसमें अलकनंदा हाइड्रो रुपया 3.09 प्रति यूनिट टनकपुर उत्पादन इकाई की रुपया 3.41 प्रति यूनिट एनपीजीसीएल उत्पादन इकाई की फिक्स्ड कॉस्ट रुपया 3.13 प्रति यूनिट और घाटमपुर डीपीएस की रुपया 3.39 प्रति यूनिट फिक्स्ड कॉस्ट मार्च 2025 में बिजली के भुगतान में इंगित की गई है यानी की अडानी पावर की जो फिक्स कास्ट रुपया 3.72 प्रति यूनिट पर स्वीकार की गई है। वह उत्तर प्रदेश के सभी उत्पादन इकाइयों की सबसे महंगी फिक्स कास्ट है। और कहीं ना कहीं इसका खामियाजा प्रदेश की जनता को भुगतना पड़ेगा

## सर्विस नेटवर्क पर चर्चा

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** डाइकिन एयर कंडीशनिंग इंडिया ने इरीडियम शालीमार में आफिस का उद्घाटन किया। मौके पर डाइकिन इंडिया चेयरमैन और एमडी कंवलजीत जावा ने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि हम अपने ग्राहकों को बेहतरीन अनुभव दें, जो हमारे प्रशिक्षित सेल्स और सर्विस नेटवर्क के माध्यम से संभव होगा।

डाइकिन इंडिया के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट एवं एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर कुलदीपक वीरमानी ने कहा, हम ग्राहकों को बेहतरीन अनुभव देने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं।

## फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम की समीक्षा बैठक

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम में नाइट ब्लड सर्वे का महत्व फाइलेरिया के परजीवी माइक्रोफाइलेरिया की प्रसार दर जानने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है । इसके महत्व को देखते हुए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा वर्चुअल रूप से 27 जनपदों के अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी वेक्टर बोर्न डिजीज, जिला मलेरिया एवं सम्बंधित अधिकारियों के साथ एमडीए कार्यक्रम के पहले संचालित किये जाने वाले नाईट ब्लड सर्वे की तैयारी हेतु समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया । इस अवसर पर अपर निदेशक मलेरिया एवं वी.बी.डी., उत्तर प्रदेश डॉ. ए के चौधरी ने बताया कि यह सर्वे रात ही में किया जाता है, क्योंकि रात में फाइलेरिया के परजीवी रक्त में अधिक संख्या में होते हैं, इसलिए इस समय रक्त के नमूने लेकर उनकी पहचान करना आसान हो जाता है । उन्होंने यह भी बताया कि राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत आगामी अगस्त माह में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा फाइलेरिया रोग से प्रभावित 27 जनपदों में एमडीए कार्यक्रम संचालित किया जाना निर्धारित है। एमडीए कार्यक्रम के पहले नाईट ब्लड सर्वे संचालित किया जायेगा ताकि इन क्षेत्रों में फाइलेरिया के परजीवी की प्रसार की दर का पता लगाया जा सके । पाथ संस्था के डॉ. शोएब अनवर और विश्व स्वास्थ्य संगठन के प्रतिनिधि डॉ. तनुज शर्मा ने प्रतिभागियों को नाईट ब्लड सर्वे के दौरान आने वाली चुनौतियों, उनके समाधान एवं एक सफल नाईट ब्लड सर्वे किस प्रकार संचालित किया जाये, इस बारी में महत्वपूर्ण जानकारियां दी । समीक्षा बैठक में जनपद स्तरीय चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ ही सीफार, प्रोजेक्ट कंसर्न इंटरनेशनल और ग्लोबल हेल्थ स्ट्रेटजीज के प्रतिनिधि भी वर्चुअल रूप में उपस्थित थे ।

# ऑफिसर एसोसिएशन ने भारतीय सेना को दी बधाई



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,लखनऊ।** ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए पावर ऑफिसर एसोसिएशन ने भारतीय सेना को दी हार्दिक बधाई देते हुए कहा है कि भारतीय सेना ने इतिहास के पन्नों में दर्ज कर दिया अपना पराक्रम। इसके साथ एसोसिएशन ने यह भी कहा है कि हमें अपनी भारतीय सेना पर हमेशा से गर्व रहा है और गर्व रहेगा। भारतीय सेना द्वारा ऑपरेशन सिंदूर का सफलतापूर्वक ऑपरेशन करके पहलगाम हमले का जो ऐतिहासिक बदला लिया गया। उससे पूरे देश का सम्मान बढ़ गया है। सभी भारतवासियों को भारतीय सेना पर गर्व है। हमारे देश की सेना सर्वोपरि है, जिस प्रकार से बॉर्डर पर देशवासियों की रक्षा के लिए संकल्पित है। उसका योगदान पूरा देश कभी भुला नहीं सकता। उत्तर प्रदेश पावर ऑफिसर्स एसोसिएशन ने आज इस ऐतिहासिक अवसर पर भारतीय सेना को हार्दिक बधाई देते हुए उत्तर प्रदेश पावर ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष आरपी केन, कार्यवाहक अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा, उपाध्यक्ष नेकीराम, महासचिव अनिल कुमार, संगठन सचिव एक प्रभाकर ने कहा है कि केंद्र सरकार के नेतृत्व में भारतीय सेना का पराक्रम इतिहास के पन्नों में दर्ज हो गया है, जिसके लिए देशवासी हमेशा भारतीय सेना के कर्जदार रहेंगे।

# रक्षक सम्मान एवं वीरता पुरस्कार का आयोजन



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ ।** एमएसएमई सिने आर्टिस्ट एवं वर्कर वेलफेयर फेडेरोशन द्वारा पुलिस कर्मियों के लिए सम्मान समारोह के कार्यक्रम की घोषड़ा की गई। जिसमें सुरक्षा एवं सामाजिक कार्य करने वाले पुलिस कर्मियों को सम्मानित किया जायेगा। अगस्त में इसके अलाव सिने आर्टिस्ट एवं वर्कर बेलफेयर फेडरेशन द्वारा इसके सदस्यों को फ्री माडलिंग एवं एक्टिंग की आन लाइन कोर्स की शरुआत की जायेगी। सदस्यता के लिए सीएडब्ल्यू.इन पर 1 जून से सदस्यता ली जा सकती है। संस्था के सदस्यों को 2 लाख का एक्सीडेंटल बीमा एक साल का दिया जा रहा है। सदस्यता के लिये लिये वेवसाइट पर रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है। संस्था द्वारा 10 लाख बच्चो को फ्री मॉडलिंग एक्टिंग, फोटोग्राफी सिनेमेटोग्राफी, मेकअप की निःशुल्क कोर्स प्रारंभ किया जा रहा है। जिसमे 50प्रतिशत पिछड़ो एवं अति पिछड़ें के लिए रिर्जव है। विजय कुमार अध्यक्ष, एमएमएमई पीसीआई केईआरडब्ल्यू इस प्रेस कांफ्रेस में मुख्य रूप रूप से रजत सक्सेना राष्ट्रीय प्रेसीडेंट एयूएम हनी त्यागी राष्ट्रीय महासचिव अरुण शर्मा राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष राहुल सक्सेना राष्ट्रीय सचिव शिवम मिश्रा सदस्य आशीष मौर्या सदस्य अदनान सदस्य पवन गुलाटी सहित कई सदस्य शामिल रहे।

# विद्युत चेकिंग अभियान के दौरान पकड़ी गई बिजली चोरी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,लखनऊ।** अपर पुलिस अधीक्षक मध्यांचल डिस्काम के नेतृत्व में विजिलेंस टीम ने लखनऊ मध्य क्षेत्र के चौक इलाके में विद्युत चेकिंग अभियान चलाकर विद्युत चोरी पकड़ी है। जिसके चलते प्रभारी प्रवर्तन दल लेसा-द्वितीय ने संयुक्त टीम के साथ विद्युत चोरी चेकिंग के दौरान कई बिजली उपभोक्ताओं को विद्युत चोरी करते पकड़ा गया। मिली जानकारी के मुताबिक उपभोक्ता सावित्री पत्नी राजकुमार गुप्ता निवासी- ग्राम अब्बासनगर कालोनी सीतापुर रोड बीकेटी लखनऊ द्वारा परिसर में एलटी लाइन से आ रही सर्विस केबिल को मीटर से पहले काटकर (बाईपास) कर एक अतिरिक्त केबिल जोड़कर एलएमवी-1 में 05 किलोवाट विद्युत भार का उपभोग करते पाया गया। इसी तरह उपभोक्ता अमर बहादुर सिंह पुत्र तिलक सिंह निवासी- म0नं0 37 राजपुर इन्दौराबाग बीकेटी लखनऊ द्वारा परिसर में एलटी लाइन से आ रही सर्विस केबिल को मीटर से पहले काटकर (बाईपास) कर एक अतिरिक्त केबिल जोड़कर एलएमवी-1 में 05 किलोवाट विद्युत भार का उपभोग करते पाया गया। यही नहीं प्रभारी प्रवर्तन दल लेसा-तृतीय के प्रभारी निरीक्षक सैयद मोहम्मद अब्बास प्रवर्तन दल लेसा-तृतीय मय टीम विद्युत चोरी रोको व राजस्व वृद्धि के क्रम में विवि खण्ड चौक के नादानमहल क्षेत्र में उपखण्ड अधिकारी के साथ चलाए गए संयुक्त सघन चेकिंग के दौरान उपभोक्ता अब्दुल मलिक पुत्र मो0 चांद कुरैसी निवासी- 264/22/9 बिल्लौचापुरा चौक द्वारा एक अतिरिक्त केबिल पोल से जोड़कर एलएमवी-1 में 13 किलोवाट विद्युत भार का उपभोग घरेलू विधा में करते पाया गया। इसके साथ ही उपभोक्ता मो0 साजुद्दजमा कुरैशी पुत्र बदरूजमा निवासी- 264/20के0ए मस्जिद-ए-उमर बिल्लौचपुरा चौक द्वारा अपने परिसर पर पोल से डायरेक्ट केबिल जोड़कर एलएमवी-1 में 11 किलोवाट विद्युत भार का उपभोग घरेलू विधा में करते पाया गया। इतना ही नहीं उपभोक्ता मो0 रेहान कुरैशी पुत्र स्व0 मो0 फारूक निवासी- 264/29/1ए बिल्लौचपुरा चौक द्वारा अपने परिसर पर एक अतिरिक्त केबिल जोड़कर एलएमवी-1 में 06 किलोवाट विद्युत भार का उपभोग घरेलू विधा में करते पाया गया। इसके अतिरिक्त लखनऊ मध्य क्षेत्र के चौक के ठाकुरगंज खंड के अंतर्गत आज़ाद नगर उपकेंद्र के हाय लॉस फीडर अंबरगंज के क्षेत्र मोअज्जम नगर, वजीरबाग, रामनगर, यासीनगंज में विद्युत चोरी रोकने के लिए मॉर्निंग रेड अभियान भी चलाया गया।

## अखिलेश को ब्राह्मण समाज पर बोलने का हक नहीं : पाठक

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव को ब्राह्मण समाज पर बोलने का कोई अधिकार नहीं है। सपा के शासनकाल में ब्राह्मण समाज के खिलाफ अत्याचार और अपमान के कई उदाहरण गिनाते हुए कहा कि कन्नौज के मासूम नीरज मिश्र की गर्दन कटवाकर लखनऊ मंगवाने का काम सपा के शासन में हुआ। इटावा में वाजपेयी परिवार का सार्वजनिक अपमान किया गया। सपा के शासनकाल में ब्राह्मण समाज पर संगठित ढंग से अत्याचार और अनाचार हुए। जब-जब ब्राह्मण समाज का मान-मर्दन हुआ, तब-तब प्रदेश में सपा की सरकार थी। उन्होंने सपा पर ब्राह्मण समाज को लगातार निशाना बनाने और उनकी भावनाओं को ठेस पहुंचाने का आरोप लगाया।




स्वतंत्र भारत

# अलर्ट : 41 जगहों पर ब्लैक आउट, युद्ध जैसी स्थिति से निपटने के लिए तैयार राजधानी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** राजधानी लखनऊ ने बुधवार रात युद्ध जैसी आपात स्थिति से निपटने की अभूतपूर्व तैयारी दिखाई। पूरे शहर में रात 9 बजे से 9:30 बजे तक 41 से ज्यादा प्रमुख चौराहों और स्थानों पर ब्लैक आउट किया गया। बिजली गुल कर पूरे शहर को अंधेरे में डुबो दिया गया, ताकि यह परखा जा सके कि युद्ध या आतंकी हमले जैसी स्थिति में शहर कितना सतर्क और तैयार है।

डीएम विशाख स्वयं सड़क पर उतरे, सिविल डिफेंस की 18 टीमें तैनात

ब्लैक आउट के दौरान जिलाधिकारी विशाख जी स्वयं हजरतगंज, राजभवन, और अन्य प्रमुख क्षेत्रों में टीमों के साथ निरीक्षण पर निकले। उन्होंने ब्लैक आउट की स्थिति में सुरक्षा तैयारियों और लोगों की प्रतिक्रियाओं का जायजा लिया।





डीएम ने बताया कि शहर में लगभग 50 स्थानों पर ब्लैक आउट किया गया, जहां सिविल डिफेंस की 18 टीमें तैनात रहीं। हर टीम को विशेष स्थानों पर निगरानी और मदद के लिए जिम्मेदार बनाया गया था।

राजधानी के 41 प्रमुख चौराहे और इलाके रहे अंधेरे में बसमंडी चौराहा, कमला नेहरू चौराहा, टेढ़ीपुलिया चौराहा (कुर्सी रोड), अम्बेडकर पार्क चौराहा, बंगला बाजार चौराहा, बापू भवन चौराहा, बुद्धेश्वर अंडरपास चौराहा, दुबग्गा हरदोई बाईपास तिराहा, इंजीनियरिंग कॉलेज चौराहा, गोल मार्केट चौराहा, कैसरबाग अशोक स्तंभ चौराहा, लाल बत्ती चौराहा, लोहिया पार्क चौराहा, मटियारी चौराहा, नाथा तिराहा, पक्का पुल चौराहा, पत्रकारपुरम चौराहा, पीजीआई गेट, पावर हाउस चौराहा, टेढ़ीपुलिया आलमबाग, तेलीबाग चौराहा, उतरेठिया, सीएमएस तिराहा, परिवर्तन चौक, आलमबाग तिराहा, बंदरिया बाग चौराहा, बराबिरवा चौराहा, बर्लिंगटन, कैप्टन मनोज पांडेय चौराहा, हैनिमन चौराहा, कठौता झील चौराहा, शहीद पथ मोड़, 1090 चौराहा, दुबग्गा पेट्रोल पंप तिराहा, हजरतगंज, आईजीपी चौराहा, आईटी चौराहा, कपूरथला चौराहा, कुंवर जगदीश चौराहा, पॉलिटेक्निक चौराहा, हुसड़िया चौराहा।

# आपरेशन सिंदूर पर शहर भर में जश्न

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान के खिलाफ चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर की खबर जैसे ही सामने आई, पूरे देश में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। लखनऊ में भी देशभक्ति की भावना चरम पर देखने को मिली। जैसे ही यह सूचना मिली कि सेना ने रातोंरात नौ ठिकानों पर सफलतापूर्वक कार्रवाई की है, सुबह होते ही लोग घरों से बाहर निकलकर सड़कों पर आ गए और विजय का जश्न मनाने लगे। पुराने लखनऊ के चौक इलाके में स्टेडियम के पास सैकड़ों लोग इकट्ठा हुए। वहां भारत माता की जय, वंदे मातरम, हिंदुस्तान जिंदाबाद, और इंडियन आर्मी जिंदाबाद के नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। तिरंगे को लहराकर लोगों ने भारतीय सेना को सलाम किया और मिठाइयां बांटीं। माहौल पूरी तरह से देशभक्ति से सराबोर हो गया।



पाकिस्तान पर हमले के बाद तिरंगा लहराते भाजपा कार्यकर्ता

चौक स्टेडियम और लोहिया पार्क चौक मॉर्निंग वॉकर्स एसोसिएशन के संरक्षक अनुराग मिश्रा ने कहा कि हमारी सेना ने निर्दोष लोगों की शहादत का बदला ले लिया है। देश अब यह जान चुका है कि आतंक का जवाब सिर्फ बातचीत से नहीं, बल्कि ठोस कार्रवाई से दिया जाएगा। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की नीति की सराहना की और कहा कि देश की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया गया। एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल गुप्ता ने बताया कि सुबह-सुबह लड्डू बांटे गए और जमकर आतिशबाजी की गई। लोगों ने भारत-पाक सीमा पार की गई कार्रवाई को न्याय का प्रतीक बताया और कहा कि सेना ने बहनों का सिंदूर मिटाने वालों का नाम ही मिटा दिया है। बड़ी संख्या में महिलाएं भी इस आयोजन का हिस्सा बनीं। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ सेना की नहीं, पूरे देश की जीत है। कुछ लोगों ने भावुक होकर कहा कि वो भी देश सेवा को तैयार हैं। रात से ही जैसे-जैसे खबरें आती रहीं, लोगों में उत्साह बढ़ता गया। सुबह होते-होते चौक, लोहिया पार्क और अन्य स्थानों पर देशभक्ति का नज़ारा देखने को मिला। पाकिस्तान मुर्दाबाद और भारतीय सेना अमर रहे जैसे नारों के साथ पूरा माहौल गूंज उठा। लखनऊ की जनता ने एक स्वर में कहा कि आतंकवाद के खिलाफ इस निर्णायक कार्रवाई से भारत ने न केवल अपनी रक्षा नीति को स्पष्ट किया है, बल्कि यह संदेश भी दे दिया है कि अब देश चुप नहीं बैठेगा। यह दिन लंबे समय तक लोगों के ज़ेहन में गर्व और आत्मबल की भावना के साथ दर्ज रहेगा।

## हमले पर खुशी मनाते व्यापारी



भारतीय वायुसेना द्वारा 6-7 मई की दरमियान रात पाकिस्तान में ऑपरेशन सिंदूर के तहत आतंकी कैंपों पर हिंदुस्तानी बारूद बरसाकर उन्हें नेस्तानाबूद कर दिया है। इसे पहलगाम आतंकी हमले के बाद एक आक्रामक बदले के तौर पर देख रहा है। मुंशी पुलिया चौराहे पर एकत्रित होकर प्रधानमंत्री मोदी और भारतीय सेना को कोटि कोटि बधाई देते हुए विजय कुमार ने कहा की मोदी का छप्पन इंच का सीना ने एक ऐतिहासिक ऑपरेशन सिंदूर कार्यक्रम चलाकर पाकिस्तान के कई ठिकानों पर एयर स्ट्राइक कर आतंकवादियों को मार गिराया इस बार पीओके ले के रहेंगे। टेंट कैटर्स लाइट फ्लावर के सभी व्यापारियों ने पटाखे जलाकर जश्न मनाया और हिंदुस्तान जिंदाबाद, पाकिस्तान मुर्दाबाद, भारतीय सेना जिंदाबाद के नारे लगाए। नगर अध्यक्ष कीर्ति चौधरी प्रदेश उपाध्यक्ष सोनू बिन्द्रेश्री महामंत्री ऋतु जायसवाल मुकेश यादव, धर्मेन्द्र शर्मा, सुजीत अब्रैलिक सहित कई लोग शामिल रहे।

## मॉकड्रिल में आतंकी हमले से बचने के तरीकों को बताया

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** रिज़र्व पुलिस लाइन ग्राउंड में हुई नागरिक सुरक्षा द्वारा आयोजित वृहद स्तर पर मॉकड्रिल में आतंकी हमले से बचाव कार्य किये गये। ब्लैकआउट मॉकड्रिल में चीफ़ वार्डेन अमरनाथ मिश्रा सिविल डिफेंस टीम के साथ रेस्क्यू जुटे। आतंकी हवाई हमले में लगी भीषण आग और आग में फंसे लोगों को अत्याधुनिक उपकरणों की मदद से चीफ वार्डेन अमरनाथ मिश्रा ने घायल को रेस्क्यू किया। सिविल डिफेंस के चीफ वार्डेन अमरनाथ मिश्रा ने बताया कि मॉकड्रिल ब्लैकआउट जो कि युद्ध के दौरान जनधन की क्षति को कम करने हेतु क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था को तत्काल रोक लगाना। जलते हुए गैस सिलेंडर को बाहर निकालकर उसकी आग पर काबू पाना। हवाई हमले में घरों में लगी आग को बुझाने, घरों में फंसे लोगों को बचाओ कार्य और घायलों को तत्काल प्राथमिक उपचार देने का कार्य सिविल डिफेंस के वार्डेनों द्वारा ही संभव हो सकता है जिसको बखूबी निभाते हैं। सिविल डिफेंस द्वारा ब्लैकआउट मॉकड्रिल समय समय आयोजित कि जाती रही है। भारत सरकार के गृह मंत्रालय की गाइड लाइन के अनुसार देश के 244 स्थानों पर सिविल डिफेंस के तत्वाधान में किया जाना सुनिश्चित किया गया था, जिसके परिपेक्ष्य में सिविल डिफेंस से जुड़ी गतिविधियों को निरंतर किया जाता रहा है। वृहद स्तर पर ब्लैकआउट मॉकड्रिल अभ्यास ताकि स्वयंसेवकों और प्रशिक्षित हो सकें और अधिक से अधिक आम नगारिकों को भी जागरुक किया जा सके। नागरिक सुरक्षा के डिप्टी चीफ वार्डेन गुरप्रीत सिंह सेठी, स्टॉफ ऑफिसर ऋतुराज रस्तोगी, उपनियंत्रक अनिता प्रताप, वरिष्ठ सहायक उपनियंत्रक मनोज वर्मा, सहायक उपनियंत्रक ऋषि कुमार, ममता रानी, मुकेश कुमार, रेखा पाण्डेय, डिविजनल वार्डेन सुनील कुमार शुक्ला, सुनील कुमार शुक्ला, कृपाशंकर मिश्रा, प्रवीण कुमार श्रीवास्तव, राजेंद्र श्रीवास्तव, रामगोपाल सिंह, नफीस अहमद सहित वार्डेनों प्रतिभाग किया।

## सुरक्षा उपायों के तहत लखनऊ मंडल में मॉक ड्रिल

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,लखनऊ।** सुरक्षा परिदृश्य को ध्यान में रखते हुए उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल द्वारा सुरक्षा तैयारियों को परखने एवं आपातकालीन स्थितियों से

मण्डल रेल प्रबंधक ने स्टेशन की सुरक्षा व्यवस्था को परखा

निपटने की क्षमता को और सुदृढ़ करने के लिए बुधवार को मण्डल रेल प्रबंधक ने लखनऊ सहित अयोध्या कैंट एवं अयोध्या धाम स्टेशनों का निरीक्षण किया। साथ ही स्टेशन की सुरक्षा व्यवस्था को परखा। इसके चलते मण्डल के विभिन्न स्टेशनों पर मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। लखनऊ रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आतंकी हमले जैसी आकस्मिक स्थिति का परिदृश्य तैयार कर मॉक ड्रिल की गई। इस अभ्यास में रेलवे सुरक्षा बल, राजकीय रेलवे पुलिस ने सक्रिय रूप से भाग लिया। मॉकड्रिल के दौरान हमले की सूचना पर तत्काल प्रतिक्रिया, यात्रियों को सुरक्षित निकास, घायलों को प्राथमिक उपचार प्रदान करना तथा हमलावरों पर नियंत्रण प्राप्त करने की कार्यवाहियों का यथार्थ प्रदर्शन किया गया। सायरन बजाकर आपातकालीन स्थिति का वातावरण निर्मित किया गया। इसके अलावा विभिन्न विभागों के बीच त्वरित समन्वय सुनिश्चित किया गया। रेल विभाग के लिए अपने यात्रियों तथा रेल कर्मचारियों की सुरक्षा सर्वोपरि है। इस प्रकार के अभ्यास न केवल हमारी तैयारियों की जांच होती हैं, बल्कि समन्वित प्रयासों के माध्यम से आपातकालीन परिस्थितियों में तत्काल और प्रभावी प्रतिक्रिया देने की हमारी क्षमता भी सुदृढ़ होती हैं।

## अप्रेंटिसशिप को बढ़ावा देने के लिए छात्रों से लें सुझाव : कपिलदेव

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने बुधवार को डेलॉयट इंडिया के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर यूपी की अर्थव्यवस्था को वन ट्रिलियन डॉलर तक पहुँचाने के लिए किए जा रहे प्रयासों की समीक्षा की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि कौशल विकास योजनाओं को मिशन मोड में संचालित कर युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर प्रदान किए जा रहे हैं। कपिल देव अग्रवाल ने रोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप को बढ़ावा देने के लिए संस्थानों से संवाद स्थापित करने के निर्देश दिए। स्थानीय स्तर पर युवाओं को अप्रेन्टिसशिप के अधिक अवसर उपलब्ध कराए जाएं। कौशल विकास योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन के लिए छात्रों से योजनाओं पर प्रतिक्रिया और अनुभव भी प्राप्त किये जाएं। इसके तहत विभागीय अधिकारी रैंडम कॉल के माध्यम से छात्रों से संवाद करें।

## विकास में कोई विकास खंड नहीं रहेगा पीछे : योगी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आकांक्षात्मक जनपदों और आकांक्षात्मक विकास खंडों में आये बदलाव का परीक्षण करने के निर्देश दिए हैं। आकांक्षात्मक विकास खंड कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि 8 आकांक्षात्मक जनपदों में प्रमुख सचिव व सचिव स्तर के अधिकारियों को 3 दिन के दौरे पर भेजा जाए।



मुख्यमंत्री ने बुधवार को आयोजित बैठक में कहा कि नीति आयोग द्वारा संचालित इन कार्यक्रमों के माध्यम से शासन की प्राथमिकता अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक सेवा एवं विकास की पहुंचाना है। प्रत्येक जनपद एवं विकास खंड को सतत निगरानी और परिणाम आधारित रणनीति से आगे बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि देश के प्रथम 10 आकांक्षात्मक जनपदों में उत्तर प्रदेश के 6 जिले शामिल हैं। स्वास्थ्य एवं पुष्टाहार क्षेत्र में बलरामपुर, सिद्धार्थनगर, चंदौली, सोनभद्र, श्रावस्ती और फतेहपुर देश के टॉप-10 जिलों में शामिल हैं। शिक्षा क्षेत्र में बलरामपुर, सोनभद्र, श्रावस्ती, सिद्धार्थनगर और चित्रकूट ने भी देश स्तर पर शीर्ष 10 में स्थान बनाया है। वित्तीय समावेशन एवं कौशल विकास श्रेणी में सिद्धार्थनगर पांचवें स्थान पर है। बैठक में बताया गया कि मार्च 2024 में 21 इंडिकेटर्स में 108 आकांक्षात्मक विकास खंडों का औसत प्रदर्शन राज्य औसत से बेहतर रहा। मार्च 2025 में यह संख्या बढ़कर 24 इंडिकेटर्स तक पहुँच गई है।

## लखनऊ विश्वविद्यालय में मॉक ड्रिल

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** लू के प्रचंड ताप और दोपहर की तपती धूप के बीच लखनऊ विश्वविद्यालय के गेट नंबर-1 पर अचानक एक तेज धमाका हुआ और सायरन की आवाज गूंज उठी। दोपहर 2 बजकर 20 मिनट पर हुए इस धमाके के बाद दृश्य पूरी

आपदा की घड़ी में एनसीसी कैडेट्स ने दिखाया अनुशासन और तत्परता

तरह से बदल गया। एनसीसी कैडेट्स तत्काल जमीन पर लेट गए, इमरजेंसी मेडिकल टीम ने मोर्चा संभाला और घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। ये सब एक सुनियोजित मॉक ड्रिल का हिस्सा था, जिसका उद्देश्य कैडेट्स को आपातकालीन स्थितियों के लिए तैयार करना था। ड्रिल में हिस्सा ले रहे एनसीसी कैडेट्स ने सटीक रिस्पांस और बेहतरीन अनुशासन का परिचय दिया। विश्वविद्यालय प्रशासन और सेना के वरिष्ठ अधिकारियों ने उनकी तत्परता की सराहना की।

**आपदा प्रबंधन में अद्भुत प्रदर्शन**

लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने मॉक ड्रिल के बाद कहा, एनसीसी कैडेटों का अनुशासन, तत्परता और सेवा भाव वास्तव में अद्भुत है। डिजास्टर मैनेजमेंट में उनका योगदान अत्यंत सराहनीय है। वहीं एनसीसी के एडीजी मेजर जनरल विक्रम कुमार ने उपस्थित कैडेटों को संबोधित करते हुए कहा कि संकट की घड़ी में साहस, रणनीति और सामूहिक जिम्मेदारी ही सबसे बड़ा अस्त्र है। उन्होंने कहा कि ऐसे अभ्यास कैडेटों को वास्तविक आपदा प्रबंधन के लिए मानसिक, शारीरिक और भावनात्मक रूप से तैयार करते हैं।



**युद्ध जैसी परिस्थितियों में प्रशिक्षण का अभ्यास**

लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश ने बताया कि मॉक ड्रिल का उद्देश्य एनसीसी कैडेट्स को युद्ध जैसी आपातकालीन परिस्थितियों के लिए प्रशिक्षित करना है। जैसे बम विस्फोट, अचानक ब्लैकआउट, आगजनी, या घायल व्यक्ति को सुरक्षित स्थान तक पहुंचाना। इस ड्रिल के माध्यम से कैडेटों ने प्राथमिक चिकित्सा, रणनीतिक संचालन, रेस्क्यू तकनीक, और संकट प्रबंधन जैसे पहलुओं का व्यवहारिक अभ्यास किया।

## मेडिकल क्षेत्र में बढ़ा कैरियर

शिक्षा परिदृश्य

आज जब बेरोजगारी की चुनौती बड़ी होती जा रही है, ऐसे में मेडिकल क्षेत्र में भर्ती के ऐसे मौके न सिर्फ युवाओं को नई राह दिखाते हैं, बल्कि यह संकेत भी देते हैं कि अब स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े क्षेत्रों में स्थायित्व और प्रगति दोनों के अच्छे अवसर मौजूद हैं। खासकर कोविड काल के बाद मेडिकल स्टाफ की अहमियत जिस तरह से बढ़ी है, उसके बाद यह क्षेत्र युवाओं के लिए एक सुरक्षित और सम्मानजनक करियर विकल्प बन चुका है। अगर आप मेडिकल सेक्टर में स्थाई और प्रतिष्ठित नौकरी की तलाश में हैं, तो आपके लिए शानदार अवसर आया है। किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू), लखनऊ ने नर्सिंग ऑफिसर के 733 पदों पर सीधी भर्ती प्रक्रिया शुरू कर दी है। इनमें से 107 पद बैकलॉग के अंतर्गत रखे गए हैं। सरकारी नौकरी की चाहत रखने वाले युवाओं के लिए यह एक सुनहरा अवसर है, खासतौर से उन लोगों के लिए जो चिकित्सा सेवा को अपना करियर बनाना चाहते हैं। केजीएमयू जैसी राष्ट्रीय स्तर की संस्था में काम करना न सिर्फ एक उपलब्धि है, बल्कि यह आपके करियर को मजबूती देने वाला कदम भी साबित हो सकता है। अब वक्त आ गया है कि युवा केवल इंजीनियरिंग या प्रशासनिक सेवाओं की ओर न देखें, बल्कि मेडिकल, नर्सिंग और पैरामेडिकल फील्ड को भी एक सशक्त विकल्प के रूप में अपनाएं। मेडिकल सेक्टर में सरकारी नौकरी का यह मौका न केवल एक रोजगार है, बल्कि यह एक मिशन भी है, देश की सेहत से जुड़ने और जरूरतमंदों की सेवा करने का। जो युवा अब तक दुविधा में थे कि कौन सा क्षेत्र चुना जाए, उनके लिए यह सही समय है कि नर्सिंग जैसे सम्मानजनक पेशे में आने के लिए युवतियां आगे आ रही हैं।

– राहुल वर्मा

# आरटीई दाखिला : तीन हजार बच्चों का भविष्य अधर में

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** 'बच्चे देश का भविष्य हैं', यह बात हम अक्सर कहते हैं, मगर जब गरीब बच्चों के लिए आरक्षित सीटों पर दाखिला देने की बात आती है तो बड़े-बड़े स्कूल इस जिम्मेदारी से मुंह मोड़ लेते हैं। राजधानी लखनऊ में शिक्षा का अधिकार (आरटीई)

डीएम सख्त, फिर भी मनमानी कर रहे बड़े स्कूल

अधिनियम के तहत ऐसे ही हजारों बच्चों का भविष्य अधर में लटका हुआ है।

जिला बेसिक शिक्षा विभाग से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, 2025-26 सत्र में लखनऊ में कुल 18,093 बच्चों का चयन आरटीई के तहत हुआ, जिनमें से 11,313 बच्चों का दाखिला हो चुका है। लेकिन लगभग 3,000 से अधिक ऐसे बच्चे हैं, जिनका दाखिला अब तक नहीं हो पाया है। इनमें से कुछ मामलों में अभिभावकों ने दूरी या पसंद का स्कूल न मिलने के कारण खुद दाखिला नहीं कराया, जबकि अधिकांश मामलों में प्राइवेट स्कूलों ने जानबूझकर आरटीई के तहत बच्चों को एडमिशन देने से इनकार किया है।

**डीएम ने जताई नाराजगी लेंगे बैठक**

इस लापरवाही पर जिलाधिकारी विशाख जी. ने कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि शिक्षा के अधिकार अधिनियम का उल्लंघन करने वाले स्कूलों को बख्शा नहीं जाएगा। जिलाधिकारी खुद इस विषय पर संबंधित अधिकारियों और स्कूल प्रतिनिधियों के साथ आज शाम 4 बजे बैठक करने जा रहे हैं ताकि यह तय किया जा सके कि नियम न मानने वाले स्कूलों पर कैसी कड़ी कार्रवाई की जाए।

**अभिभावकों की पीड़ा: 'सरकार कहती है पढ़ाओ, स्कूल कहते हैं नहीं लेंगे'**

जिन अभिभावकों ने अपने बच्चों को दाखिला दिलाने के लिए आवेदन किया था, उनका कहना है कि सरकार ने तो बच्चों के नाम लॉटरी में निकाले, मगर स्कूल उन्हें एडमिट ही नहीं कर रहे। कई स्कूलों ने दस्तावेज मांगकर महीनों तक दौड़ाया, फिर मना कर दिया। एक परेशान पिता ने बताया 'सरकार एक तरफ बच्चों को पढ़ाने का अधिकार देती है, दूसरी ओर स्कूलों को खुली छूट मिली है कि वो नियमों की धज्जियां उड़ाएं'।

**संवेदनशीलता की कमी: शिक्षा विभाग के अधिकारियों में भी असमंजस**

आरटीई के जिला समन्वयक से जब इस संबंध में बात की गई तो उन्होंने बताया कि 3,545 अभिभावकों ने खुद दाखिला नहीं कराया लेकिन बाकी 3,000 बच्चों का मामला बेहद गंभीर है। इनमें अधिकांश मामलों में स्कूलों की मनमानी या जानबूझकर नाम वापस करने की स्थिति बनी है। विभाग ने इन बच्चों के अभिभावकों को दोबारा बुलाया है और डीएम की मौजूदगी में समाधान निकाला जाएगा।

### सवाल जो जिम्मेदारों से पूछे जाने चाहिए

- अगर शिक्षा का अधिकार कानून अनिवार्य है, तो स्कूलों की मनमानी पर अब तक ठोस कानूनी कार्रवाई क्यों नहीं हुई?
- 18,000 से ज्यादा चयनित बच्चों में से 3,000 के भविष्य पर खतरा क्यों मंडरा रहा है?
- सरकार करोड़ों खर्च कर रही है डिजिटल पोर्टल, अपार आईडी, यू-डायस, आरटीई सिस्टम पर मगर उसका ज़मीनी असर कहां है?
- क्या सिर्फ एक बैठक से इन स्कूलों की हेकड़ी टूटेगी?

### बेरुखी से आरटीई अभियान पर कुठाराघात

आरटीई अभियान का प्रचार-प्रसार मलिन व गरीब बस्तियों में करने वाले अमित कुमार का कहना है कि यह सिर्फ शिक्षा का सवाल नहीं है, यह गरीबों के अधिकार का सवाल है, जो देश के संविधान और कानून ने उन्हें दिया है। अगर आरटीई जैसी क्रांतिकारी योजना को सिर्फ कागजों तक सीमित कर दिया गया, तो शिक्षा के क्षेत्र में समानता और न्याय का सपना अधूरा ही रह जाएगा। अब वक्त है कि प्रशासन और सरकार दोनों मिलकर इन 3,000 बच्चों की लड़ाई को अपनी प्राथमिकता बनाएं नहीं तो यह सिर्फ एक आंकड़ा नहीं, बल्कि 3,000 उज्ज्वल भविष्य की बर्बादी होगी।





## जल शक्ति मंत्री ने की जल संसाधन और विकास कार्यों की समीक्षा

**स्वतंत्र भारत लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह आज एक दिवसीय दौरे पर आजमगढ़ पहुंचे, जहां उन्होंने सिंचाई और जल संसाधन विभाग से जुड़े विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा की और कई स्थलों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने लोकार्पण कार्यक्रमों में भाग लिया और विभागीय कार्यों की प्रगति का प्रत्यक्ष रूप से आकलन किया।मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने शारदा सहायक खंड 23 और खंड 32 के नवनिर्मित भवनों का लोकार्पण किया, जिनकी लागत क्रमशः 4.34 करोड़ रुपये और 4.11 करोड़ रुपये थी। इन भवनों के निर्माण से विभागीय कार्यों में सुविधा और गति आएगी, जिससे आजमगढ़ जिले को तकनीकी और प्रशासनिक दृष्टिकोण से और अधिक सशक्त बनाया जा सकेगा।जलशक्ति मंत्री ने आजमगढ़ में सरयू नदी से बाढ़ सुरक्षा के लिए किए गए प्रयासों की भी सराहना की। जल शक्ति विभाग ने 75.800 किलोमीटर लंबाई में 8 तटबंधों का निर्माण कराया है, जिससे 42,732 हेक्टेयर कृषि भूमि और 66,687 लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित हुई है। यह कार्य बाढ़ से होने वाले नुकसान को रोकने और ग्रामीण क्षेत्रों की आर्थिक सुरक्षा को बनाए रखने में महत्वपूर्ण है।आजमगढ़ में जल संचयन और वर्षा जल संग्रहण के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय प्रगति हुई है। विभाग ने 795 तालाबों में से 597 तालाबों को 6 मई 2025 तक भरवाने का कार्य किया है, जिससे भूगर्भ जल स्तर में सुधार होगा और सिंचाई की सुविधा में वृद्धि होगी।वित्तीय वर्ष 2024-25 के अंतर्गत जलशक्ति विभाग ने 10 परियोजनाओं को पूरा किया है, जिनकी कुल लागत 2021.27 लाख रुपये है। इसके अलावा, वित्तीय वर्ष 2025-26 में 14 नई परियोजनाओं पर काम चल रहा है, जिनकी कुल लागत 8039.74 लाख रुपये है। इनमें जल संसाधन विकास, नहरों की मरम्मत, पंप हाउस उन्नयन, जल निकासी तंत्र सुधार और सिंचाई क्षमता वृद्धि के कार्य शामिल हैं।मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने इस अवसर पर विभागीय अधिकारियों के साथ निर्माणाधीन परियोजनाओं की समीक्षा की और निर्देश दिए कि सभी तटबंधों, नहरों और जलाशयों की स्थिति बरसात से पहले दुरुस्त कर ली जाए।

**U.P. Rajkiya Nirman Nigam Ltd.**
(ISO 9001:2008 Certified Company)
Visheshwaraiya Bhawan, Gomti Nagar, Lucknow

**TENDER NOTICE**

On behalf of Managing Director, U.P. Rajkiya Nirman Nigam Ltd., General Manager (Bareilly Zone) invites online Item Rate/percentage rate bids in two bid system for-
1. NIT No.-128/201-B/GM(B)/RNN/25 Dated-01.05.2025, e-tender Construction of Cyber Crime Thana Distt. Bijnor.
2. NIT No.-129/201-B/GM(B)/RNN/25 Dated-01.05.2025, e-tender Construction of Cyber Crime Thana Distt. Amroha, Last date of submission of offers upto 02:00 P.M on Dated-22.05.2025, all other details on:-website; **www.etender.up.nic.in** and **www.uprnn.upsdc.gov.in.**

## राज्य संग्रहालय में प्राचीन भारतीय चित्रकला पर व्याख्यान

**स्वतंत्र भारत लखनऊ।** राज्य संग्रहालय, लखनऊ, संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ पब्लिक स्कूल्स एण्ड कॉलेजेस एवं फ्लोरेसेन्स आर्ट गैलरी, लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित पांच दिवसीय कला अभिरुचि पाठ्यक्रम के तहत आज 'प्राचीन भारतीय चित्रकला की प्रमुख विशेषतायें' पर आधारित एक महत्वपूर्ण व्याख्यान आयोजित किया गया। यह व्याख्यान राज्य संग्रहालय, लखनऊ में हुआ, जिसकी अध्यक्षता प्रो0 शैलेन्द्र नाथ कपूर, पूर्व विभागाध्यक्ष, प्राचीन भारतीय कला एवं पुरातत्व विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय ने की।कार्यक्रम की शुरुआत प्रो0 कपूर के आगमन पर की गई। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 मीनाक्षी खेमका, सहायक निदेशक, राज्य संग्रहालय द्वारा किया गया। डॉ0 खेमका ने पांच दिवसीय व्याख्यान श्रृंखला के बारे में जानकारी साझा की और प्रतिभागियों को व्याख्यान को ध्यानपूर्वक सुनने की सलाह दी।मुख्य अतिथि प्रो0 शैलेन्द्र नाथ कपूर ने अपने व्याख्यान में प्राचीन भारतीय चित्रकला की सूक्ष्म विशेषताओं पर विस्तृत रूप से चर्चा की। उन्होंने बताया कि चित्रकला न केवल कला का एक रूप है, बल्कि यह लोक मानस तक पहुँचने का सशक्त माध्यम भी है। उन्होंने प्राचीन साहित्य से उदाहरण देते हुए बताया कि सातवीं शताबदी में लिखे गए विष्णु धर्मोत्तर पुराण के तीसरे खंड के अध्यायों में चित्रकला, संगीत, नृत्य, शिल्पकला और स्थापत्य कला पर विस्तृत विवरण मिलता है। प्रो0 कपूर ने यह भी बताया कि प्राचीन चित्रकला में लोक जीवन की भावनात्मक अभिव्यक्ति देखने को मिलती है, और चित्रकला का वर्णन करते हुए उन्होंने इसे सभी कलाओं में श्रेष्ठ बताया।

## महिला कल्याण एवं बाल विकास पुष्टाहार विभाग की ओर से पोषण पाठशाला का आयोजन

**स्वतंत्र भारत लखनऊ।** महिला कल्याण एवं बाल विकास पुष्टाहार विभाग द्वारा मातृ पोषण, स्तनपान और गर्मी से बचाव के उद्देश्य से 08 मई, 2025 को पूर्वाहन 11 बजे से 01:30 बजे तक वेबकास्ट पोषण पाठशाला का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में महिला कल्याण एवं बाल विकास पुष्टाहार मंत्री बेबीरानी मौर्य और राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला भी शामिल होंगी। पोषण पाठशाला में विशेषज्ञों के रूप में प्रमुख सचिव महिला एवं बाल विकास विभाग श्रीमती लीना जौहरी, प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. अंजू अग्रवाल, सलाहकार डॉ. सीमा टंडन, और बालरोग विशेषज्ञ डॉ. मो. सलमान खान शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में डीपीओ, सीडीपीओ, मुख्य सेविका, आंगनबाड़ी कार्यकत्री, आईसीडीएस के लाभार्थी, गर्भवती महिलाएं, धात्री महिलाएं और छोटे बच्चों के अभिभावक भी भाग लेंगे।आमजन भी वेबकास्ट पोषण पाठशाला में शामिल होकर लाभ उठा सकते हैं।

**दि किसान सहकारी चीनी मिल्स लि.-पूरनपुर, पीलीभीत (निविदा सूचना)**

वर्ष 2025-26 हेतु व्यापार कर में पंजीकृत मूल निर्माताओं/ अधिकृत विक्रेताओं/ अनुभवी आपूर्तिकर्ताओं / ठेकेदारों से निम्नांकित सामानों/ जॉब कार्यों हेतु प्रत्येक के सम्मुख अंकित तिथि को अपरान्ह 03.00 बजे तक मुहरबंद निविदायें आमंत्रित की जाती है।
**क्रमांक-1. कार्य का विवरण-** सी.आई. कनवर्जन / जी.एम. कास्टिंग, गन मैटल बियरिंग की कास्टिंग, औद्योगिक गैस, रबर गुड्स, मोटरों की रिवाईडिंग, जनरल इलैक्ट्रीकल गुड्स, **अर्नेस्ट मनी** रु0-5000.00 प्रति आइटम, **निविदा तिथि** -16.05.2025। **क्रमांक-2. कार्य का विवरण-** हार्डवेयर आईटम्स, रबर वी-बेल्ट्स, केन कटिंग नाइफ, हैमर, पेन्ट्स, बैलेन्सिंग एवं अल्ट्रासोनिक टेस्टिंग, वैक्यूम फिल्टर रिपेयरिंग एवं स्पेयर्स, कम्प्रेशर स्पेयर्स / रिपेयर्स हाइड्रोलिक सिलेन्डर्स की चेकिंग, रिफिलिंग, स्टेशनरी प्रिन्टिंग, लेखन सामग्री। **अर्नेस्ट मनी** रु0-3000.00 प्रति आइटम, **निविदा तिथि** 19.05.2025। **क्रमांक-3. कार्य का विवरण-** इन्जीनियरिंग / मैन्युफैक्चरिंग विभाग से सम्बन्धित समस्त कार्य। **अर्नेस्ट मनी** रु0-1000.00 प्रति कार्य, **निविदा तिथि** -26.05.2025। **क्रमांक-4. कार्य का विवरण-** ब्वायलर रिट्यूबिंग कार्य एवं अन्य कार्य। **अर्नेस्ट मनी** रु0-10000.00, **निविदा तिथि** -30.05.2025। **क्रमांक-5. कार्य का विवरण-** सल्फर परिवहन मथुरा एवं पानीपत रिफाइनरी से मिल स्टोर। **अर्नेस्ट मनी** रु0-2000.00, **निविदा तिथि** 30.05.2025।
निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में निर्धारित निविदा प्रपत्र शुल्क रु0 300.00 (जीएसटी अतिरिक्त) मिल कोषागार में जमा कर प्राप्त किया जा सकता है। समस्त आइटमों की धरोहर धनराशि पृथक-पृथक जमा करनी होगी। प्राप्त निविदायें निर्धारित तिथि को अपरान्ह 03.30 बजे खोली जायेंगी। अधोहस्ताक्षरकर्ता को किसी एक अथवा समस्त निविदाओं को बिना कोई कारण बताये निरस्त करने का सर्वाधिकार सुरक्षित होगा।

पत्रांक 108/ लेखा-क्रय/2025-26 दिनांक 07-05-2025 **प्रधान प्रबन्धक**

सी.आर.-263/D

**एफ0सी0जे0 फार्म नं0 13 भाग-1 हेतु संदर्शित की सूचना (साधारण प्रारूप)**
**न्यायालय श्रीमान सिविल जज जू0डि0 महोदय, स्थान मोहम्मदी, जिला खीरी**
**प्र0 वाद सं0 16/2024**
**अवधेश कुमार आदि**
**बनाम**
**महेश कुमार आदि**
1. महेश कुमार पुत्र हरीराम निवासी ग्राम महमूदपुर नाजिर पर0 पसगवां तह0 मोहम्मदी जिला खीरी
2. राजेश कुमार पुत्र हरीराम निवासी ग्राम महमूदपुर नाजिर पर0 पसगवां तह0 मोहम्मदी जिला खीरी
चूंकि उपरोक्त नामित वादी ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि स्थाई निषेधाज्ञा अतएव आपको एतद्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए 2025 के माह 07 दिवस 07 को 10:00 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्यक रुपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रुप से सुना जायेगा व अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर सहित आज दिवस को निकाली गयी।
**न्यायालय की आज्ञानुसार**
**सिविल जज जू0डि0**
**मोहम्मदी खीरी**

सी.आर.-260/D-CN

**उत्तर रेलवे**
**खुली निविदा सूचना (ई-निविदा)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि 30.05.2025 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेगें यदि कोई मैनुवल आफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।
निविदाकर्ता निविदा फार्म का मूल्य व धरोहर राशि का भुगतान केवल ireps पोर्टल पर उपलब्ध आनलाईन भुगतान प्रणाली में नेट बैकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड इत्यादि किया जायेगा। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपाजिट रसीद एफ डी आर द्वारा भुगतान स्वीकार नहीं किये जायेगे

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या | 05102025 दिनांकः-07.05.2025 |
| 2 | निविदा सख्या | 1. 06-Sr-DEN-VI-LKO-2025-26 2. 07-Sr-DEN-VI-LKO-2025-26 |
| 3 | कार्य का नाम | 1. सहायक मण्डल इंजीनियर-प्रयाग एवं सहायक मण्डल इंजीनियर-उन्नाव के अन्तर्गत दिन-प्रतिदिन के रखरखाव और अन्य संबद्ध कार्यों के लिए नियमित आधार पर पी. वे सामग्री का लीडिंग, लोडिंग और अनलोडिंग का कार्य।<br>2. सहायक मण्डल इंजीनियर-प्रयाग के अन्तर्गत प्रयाग क्षेत्र के (पीआरजी-पीएफएम, पीएफएम-एसडब्ल्यूई और एसडब्ल्यूई-एमईएम) सेक्शन में 03 IBS के प्रावधान के सम्बन्ध में बिल्डिंग के निर्माण का कार्य। |
| 4 | अनुमानित लागत | 1. Rs. 2,04,75,384.55 2. Rs. 75,15,580.16 |
| 5 | धरोहर राशि | 1. Rs. 2,52,400.00 2. Rs. 1,50,300.00 |
| 6 | कार्य की समापन अवधि | 1. स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से बारह माह।<br>2. स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से छः माह। |
| 7 | निविदा डालने का प्रारंभ | 16.05.2025 |
| 8 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 30.05.2025 15:00 बजे |
| 9 | वेबसाइट | www.ireps.gov.in |

**नोट** : निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 1355/25
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**
**खुली निविदा सूचना (ई-निविदा)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक **28.05.2025 को 15.00** बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेगें यदि कोई मैनुयल आफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

| | | |
|---|---|---|
| निविदा सूचना संख्या | 04902025 dated 06.05.2025 | |
| निविदा संख्या | (1) 06/DEN-V-LKO/2025-26 (2) 09/DEN-V-LKO/2025-26 (3) 10/DEN-V-LKO/2025-26 | |
| कार्य का नाम | (1) अयोध्या और अयोध्या कैंट में विभिन्न बुनियादी सुविधाओं जैसे सड़क जलापूर्ति नालियां सीवरेज प्रणाली सेप्टिक टैंक आदि का सुधार और संवर्द्धन।<br>(2) मंडल अभियंता/पंचम लखनऊ के अधिकार क्षेत्र में सहायक मंडल अभियंता अयोध्या कैंट के अधीन एलसी संख्या 92, 132, 148 पर तथा सहायक मंडल अभियंता (द्वितीय)/लखनऊ के अधीन एलसी संख्या 171, 1 पर दबाव ग्राउटिंग द्वारा जोड़ो को सील करने नाबदान कुओं की सफाई रिटेनिंग दीवारों को ऊपर उठाने पहुंच मार्गो पर रिवर्स ढलान का प्रावधान पीसीसी कार्य और जलभराव रोकने के लिए अन्य उपायों जैसे सुधारात्मक उपायों का प्रावधान।<br>(3) मंडल इंजीनियर/पंचम लखनऊ के अधीन डी स्ट्रेसिंग टीएफआर 59.570 टी के एम और एबीपी एवाईसी बीबीके एलबीएच अनुभाग में अन्य संबद्ध कार्य। | |
| अनुमानित लागत | (1) Rs.2,31,09,594.90 (2) Rs.3,31,86,693.86 (3) Rs.92,29,551.16 | |
| धरोहर राशि | (1) Rs.2,65,600.00 (2) Rs.3,15,900.00 (3) Rs.1,84,600.00 | |
| कार्य की समापन अवधि | 1 एवं 3 के लिये | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से 6 माह। |
| | 2 के लिये | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से 12 माह। |
| निविदा डालने का प्रारंभ | 14.05.2025 | |
| निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 28.05.2025 at 15:00 hrs | |
| वेबसाईट | www.ireps.gov.in | |

नोटः- निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 1350/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**
**ई-ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन से सम्बंधित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ-उ०रे०-मण्डल-वाणिज्य/उ०रे० |
| नीलामी सूची सं०/लॉट सं० | 19402-SLR-F2-LKO-SBIB-24-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 02.05.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 19.05.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 19.05.2025 at 12:30 hrs. |
| नीलामी सूची सं०/लॉट सं० | 14207-SLR-F2-MBDP-DLI-24-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 02.05.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 19.05.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 19.05.2025 at 12:40 hrs. |
| नीलामी सूची सं०/लॉट सं० | 20415-SLR-F2-BSB-INDB-22-3 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 02.05.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 19.05.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 19.05.2025 at 12:50 hrs. |
| नीलामी सूची सं०/लॉट सं० | 14205-SLR-F2-AYC-DLI-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 02.05.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 19.05.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 19.05.2025 at 13:00 hrs. |
| नीलामी सूची सं०/लॉट सं० | 22614-SLR-F2-AYC-RMM-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 02.05.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 19.05.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 19.05.2025 at 13:10 hrs. |
| नीलामी सूची सं०/लॉट सं० | 12419-SLR-F2-LKO-NDLS-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 02.05.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 19.05.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 19.05.2025 at 13:20 hrs. |
| नीलामी सूची सं०/लॉट सं० | 22104-SLR-F2-AYC-LTT-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 02.05.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 19.05.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 19.05.2025 at 13:30 hrs. |
| नीलामी सूची सं०/लॉट सं० | 22178-22177-VP-1-BSB-CSMT-25-4 (Parcel-Parcel Van) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 02.05.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 19.05.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 19.05.2025 at 13:40 hrs. |
| Website particulars where complete details of auction can be seen by registered bidders | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

No.: C/SLR Leasing contract-2019/KS Date:- 06.05.2025 1351/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

स्वतंत्र भारत
वर्गीकृत

**सूचना**
मैं अपने पुत्र विशाल चौरसिया के मेरे साथ गलत आचरण के कारण अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रहा हूँ। इनके किसी भी कृत्यों के वे स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार का कोई सरोकार नहीं होगा। प्रमोद चौरसिया पुत्र बृजलाल चौरसिया, नि.- सुन्दर नगर न्यू हैदरगंज, ठाकुरगंज, लखनऊ।
सी.आर.-259/L-41

**सूचना**
मैं अपने पुत्र धरमवीर के गलत आचरण के कारण अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। इनके किसी भी कृत्यों के वे स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार का कोई सरोकार नहीं होगा। श्रीपाल पुत्र स्व. गंगादीन, नि.- बसहा बक्शी का तालाब लखनऊ।
सी.आर.-258/L-35

**सूचना**
मैं निशा पाठक पत्नी स्वर्गीय योगेंद्र पाठक निवासी ग्राम महमूद नगर, प. व तहसील मलिहाबाद लखनऊ हूं मेरे पुत्र अथर्व पाठक के आधार कार्ड संख्या 2941 6393 4407 है जिसमें त्रुटिवश सुगम पाठक जन्मतिथि 20-3-2006 दर्ज है जो गलत है। सही नाम अथर्व पाठक, जन्मतिथि 20.3.2008 है। आधार कार्ड व अभिलेखों में यही नाम लिखा पढ़ा समझा जाए।
सी.आर.-266/L-47

**सूचना**
मैं अरुण कुमार रमाकांत मिश्रा से अपना नाम बदलकर अरुण मिश्रा रख रहा हूं आज से मुझे नए नाम से जाना व पहचाना जाए। पता-फ्लैट संख्या-604, ट्यूलिप C, ओमेक्स रेजीडेंसी-1, सेक्टर 7 अर्जुनगंज लखनऊ।
सी.आर.-264/L-25

**सूचना**
मैं AMIT पुत्र श्री SUBEDAR, निवासी-कोडरा, संदाना, अजगैन, उन्नाव, उ.प्र., सबको सूचित करता हूँ कि मैंने अपना नाम बदलकर AMIT KANOJIYA पुत्र श्री सुबेदार रख दिया है, अतः आज से मुझे AMIT KANOJIYA के नाम से जाना पहचाना व लिखा जाये।
सी.आर.-264/L-25

**सूचना**
मेरा हाईस्कूल वर्ष 2022 का अंकपत्र सह प्रमाण पत्र जिसका अनुक्रमांक 1221678002 वास्तव में कहीं खो गया है। पता- शिव कुमार पुत्र रामकुमार ग्राम पूरे पड़ाईन पुरवा पो.- हरदोइया जनपद-अयोध्या।
सी.आर.-262/D-27

**सूचना**
मेरा हाईस्कूल वर्ष 2018 का अंकपत्र सह प्रमाण पत्र जिसका अनुक्रमांक 2118927 वास्तव में कहीं खो गया है। पता- आरजू परवीन पुत्री अकील अहमद ग्राम व पो. सरायबरई जनपद-अयोध्या।
सी.आर.-262/D-25

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम शमायल था जो अब मैंने बदलकर शमायल अब्बास कर लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। शमायल अब्बास पत्नी - जैन अब्बास अस्करी निवासी-254/289, दायरा शाह अजमल - प्रयागराज।
सी.आर.-261/D-34

**पूर्वोत्तर रेलवे**

राष्ट्रपति भारत सरकार की ओर से मण्डल इंजीनियर/यांत्रिक कारखाना वास्ते मुख्य कारखाना प्रबन्धक यांत्रिक कारखाना गोरखपुर द्वारा नीचे लिखे कार्य के लिये आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित की जाती है।
**क्रम सं0 1:- ई-निविदा सूचना सं0 एवं निविदा कार्य का विवरणः** DEN-MWS-2025-04 जी.के.पी.एस.-रिप्लेसमेंट ऑफ एम.जी. ट्रैक्स इन ओल्ड पेंट शॉप फ्रॉम लाइन न. 1 टू 5 वाई 52 केजी बीजी रेल। अनुमानित लागत (रू0में): ₹ 2,80,31,348.07, धरोहर राशि (रू0में): ₹ 2,90,200.00, निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समयः 10.06.2025, 11.00 बजे।
इस ई-निविदा का पूर्ण विवरण एवं निविदा में भाग लेने हेतु भारतीय रेल की वेबसाइट संख्या **www.ireps.gov.in** पर देखे।
**मण्डल इंजीनियर/यांत्रिक कारखाना**
**मुजाधि/यांत्रिक-18 गोरखपुर**
गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

**एफ0सी0जे0 फार्म नं0 13 भाग-1 हेतु संदर्शित की सूचना (साधारण प्रारूप)**
**न्यायालय श्रीमान उपजिलाधिकारी न्यायिक महोदय, स्थान मोहम्मदी, जिला खीरी**
**अं0 धारा 24 उ0प्र0रा0सं02006**
**सुनीता आदि बनाम प्रेम प्रकाश आदि**
1.वेद प्रकाश पुत्र मुन्शीलाल निवासी अमिरता पथेली परगना मोहम्मदी जिला खीरी
2.चमन प्रकाश पुत्र मुन्शीलाल निवासी अमिरता पथेली परगना मोहम्मदी जिला खीरी
3. ऋषीकान्त पुत्र प्रताप बहादुर निवासी अमिरता पथेली परगना मोहम्मदी जिला खीरी
4. रामवती पत्नी स्व0 प्रताप बहादुर निवासी अमिरता पथेली परगना मोहम्मदी जिला खीरी
चूंकि उपरोक्त नामित सुनीता आदि ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि धारा 24 रा0सं0उ0प्र0 अतएव आपको एतद्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के खिलाफहेतु संदर्शित करने के लिए 2025 के माह 05 दिवस 17 को 10:00 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्यक रुपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रुप से सुना जायेगा व अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर सहित आज दिवस 06.05.2025 को निकाली गयी।
**न्यायालय**
**उपजिलाधिकारी/मजिस्ट्रेट न्यायिक**
**मोहम्मदी खीरी**

सी.आर.-260/D-CN

**सम्मन बगरज इनफिसाल मुकदमा**
**(आर्डर 5 कायदा 1 व 5 मजमुआ जाब्ता दीवानी सन् 1908)**
**नम्बर मुकदमा/ वाद सं0**
**टी2025104304O2143 जिला-खीरी**
**अं0धारा 35(2)रा0सं0उ0प्र0**
**अदालत श्रीमान उपजिलाधिकारी महोदय (न्यायिक), मोहम्मदी खीरी**
**रामप्रसाद बनाम रामबहादुर आदि**1. रामबहादुर पुत्र तुला निवासी ग्राम महोलिया मजरा उम्मरपुर परगना अटवा पिपरिया तहसील मोहम्मदी जिला खीरी
2. लेखराम पुत्र रामप्रसाद निवासी ग्राम पिपरिया कप्तान परगना अटवा पिपरिया तहसील मोहम्मदी जिला खीरी
3. विन्दर पुत्र रामप्रसाद निवासी ग्राम पिपरिया कप्तान परगना अटवा पिपरिया तहसील मोहम्मदी जिला खीरी
4. रामसरन पुत्र रामप्रसाद निवासी ग्राम पिपरिया कप्तान परगना अटवा पिपरिया तहसील मोहम्मदी जिला खीरी
5. शिवसरन पुत्र रामप्रसाद निवासी ग्राम पिपरिया कप्तान परगना अटवा पिपरिया तहसील मोहम्मदी जिला खीरी
6. उरमिला देवी पुत्री रामप्रसाद निवासी ग्राम पिपरिया कप्तान परगना अटवा पिपरिया तहसील मोहम्मदी जिला खीरी
बाजेह हो कि अपीलान्ट ने आपके नाम एक नालिश बावत अपील की लिहाज आपको हुक्म होता है कि आज तारीख 16 माह 05 सन् 2025 ई0 बवक्त 10 बजे बमुकाम असालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमा के हालात बाकई से बाकिफ किया गया हो और जो कुछ अमूर, अहम मुतालिक मुकदमों का जबाब दे सके, हाजिर हूजिए और जबाबदेही दावा की कीजिए और हर माह वही तारीख जो आपको हाजिरी के लिए मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल कतई मुकदमा के तजवाज के लिए हुई है, आपको सूचित हो कि गवाही की जिनकी शहादत में जुमला दस्तावेजों जिस पर बताइद अपनीदेही के इस्तदलाल करना चाहते हो उसे रोज पेश कीजिए। और आपको इत्तिला दी जाती है कि अर बरोज मसकूर आप हाजिर न होते तो मुकदमा बगैर हाजिर मसमूअ और फैसला होगा।
मेरे दस्तखत और मुहर अदालत से आज तारीख 06 माह 05 सन् 2025 ई0 जारी किया गया।
**न्यायालय**
**उपजिलाधिकारी/मजिस्ट्रेट**
**(न्यायिक) मोहम्मदी खीरी**

सी.आर.-260/D-CN

**अदालती सूचना**

विवाद्यकों के विथरीकरण के लिये सम्मन (आदेश 5 के नियम 1 और 5) (शीर्षक)
न्यायालय श्रीमान मोटर वाहन दुर्घटना दावा अधिकरण (दक्षिणी) कानपुर नगर
प्रतिकर वाद सं. 461/2022
श्रीमती सुखदेई वयस्क उम्र लगभग 74 वर्ष पत्नी स्व. राम अवतार नि. ग्राम/पोस्ट गुजैला तहसील घाटमपुर जिला कानपुर नगर...याचीगण
बनाम-1.मेसर्स एस.वी.एस. कान्सट्रक्शन यू/सी. मिस्टर शशांक विक्रम सिंह पता सेकेण्ड फ्लोर देवा प्लेस काम्पलेक्स 327 विराम खण्ड-1 गोमती नगर लखनऊ उ.प्र. 226010 (वाहन स्वामी ट्रक टेलर सं. यू.पी. 32 क्यू. एम. 3809)..प्रतिवादी सं. 1
सुखदेई ने आपके विरूद्ध मोटर दुर्घटना प्रतिकर के लिये वाद संस्थित किया है आपको इस न्यायालय में तारीख 15.05.2025 को दिन में 10.30 जो दावे का उत्तर देने के लिये उपसंजात हाजिर होने के लिए सम्मन किया जाता है आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है। जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और इस वाद से सम्बन्धित सभी साखान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे नव प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन दाखिल करे और उस दिन ऐसे सब दस्तावेजों जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज चाहे वह आपके कब्जे में शक्ति में हो या न हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन मेंसाक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो आप ऐसी दस्तावेजों की लिखित कथन के साथ उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नही होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। यह आज तारीख 24.03.2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुहर लगाकर दिया गया। आज्ञा से, मुन्सरिम मोटर वाहन दुर्घटना दावा अधिकरण दक्षिणी कानपुर नगर।

सी.आर.-265/K-CN

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, देवरिया**

Website:-www.Municipaldeoria.in mail:- eonppdeo@gmail.com
पत्रांक .: 443/प्र.अनु.-2025-26/देवरिया दिनांक : 06/05/2025

**ई-निविदा प्रणाली के अन्तर्गत अतिअल्पकालिक निविदा सूचना (ई-प्राक्यूरमेंट सूचना)**

एतद्द्वारा वर्ष 2025-26 हेतु ई-निविदा प्रणाली पालिका के पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मों/व्यक्तियों/समूहों से दिनांक 14/05/2025 समय 02:00 बजे तक ई-निविदायें, ई-निविदा पोर्टल (https://www.etender.up.nic.in) पर राज्य वित्त/अन्य उपलब्ध मद के अन्तर्गत नगर पालिका परिषद, देवरिया के वार्ड नं. 31 टाउनहाल परिसर में स्थित आडिटोरियम में सेन्ट्रल ए.सी. लगाने का कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा पोर्टल https://www.etender.up.nic.in से दिनांक 07/05/2025 से दिनांक 14/05/2025 के अपरान्ह 02:00 बजे तक अपलोड व डाउनलोड की जा सकती है। ई-निविदा प्रपत्र एवं यथेष्ठ मूल्य की धरोहर धनराशि U.P E-Temder Online Account में नेट बैंकिंग के माध्यम से जमा करके प्राप्ति रसीद ई-निविदा प्रपत्र के साथ अपलोड करना अनिवार्य होगा। अन्यथा ई-निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। नेट बैंकिंग के माध्यम से जमा धरोहर धनराशि निविदादाता की निविदा सफल होने पर एफ.डी.आर., के.वी.पी., एन.एस.सी. रूप में जमानत धनराशि जमा कराकर नेट बैंकिंग के माध्यम से जमा धरोहर धनराशि वापस कर दी जायेगी। ई-निविदा के संबंध में किसी प्रकार का परिवर्तन उल्लिखित वेबसाइट पर ही अपलोड किया जायेगा। इस कारण ई-निविदादाताओं को यह भी सूचित किया जाता है कि वेबसाइट का अवलोकन करते रहें। ई-निविदाओं के सम्बन्ध में अन्य जानकारी प्रकाश अनुभाग नगर पालिका परिषद, देवरिया में किसी भी कार्य दिवस में की जा सकती है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | वेबसाइट पर ई-निविदा प्रकाशन की तिथि व समय- | 07/05/2025 | 02:00 PM से |
| 2. | ई-निविदा डाउनलोड की प्रारम्भ तिथि व समय- | 07/05/2025 | 02:00 PM से |
| 3. | ई-निविदा डाउनलोड की अन्तिम तिथि व समय- | 14/05/2025 | 02:00 PM तक |
| 4. | ई-निविदा टेक्निकल बिड खोले जाने की तिथि व समय | 14/05/2025 | 03:00 PM से |
| 5. | ई-निविदा फाइनेन्सियल बिड खोले जाने की तिथि व समय | 14/05/2025 | 10:00 AM से |

**(संजय कुमार तिवारी)**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, देवरिया।**

**(अलका सिंह)**
**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद, देवरिया।**

**कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी कसमण्डा-सीतापुर**

पत्रांक-323/भूसा क्रय/ई-टेण्डरिंग/2025-26 दिनॉक- 03.05.2025

**अति - अल्पकालीन ई-निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि विकास खण्ड कसमण्डा के अन्तर्गत वर्ष 2025-26 में 13 स्थाई/अस्थाई गौवंश आश्रय स्थलों सरैया, हमीरपुर, दाउदपुर, जगदीशपुर, सीतारसोई, महोली, बिलरिया, संधना कल्यानपुर, बहरीमऊ, अलोइया, रेवरी, अशोधन में संरक्षित गौवंश के भरण पोषण के लिये **दिनॉक 03.05.2025 से 14.05.2025 तक** ई-टेण्डरिंग के माध्यम से मात्रा अनुबन्ध (Quantity contract) के तहत भूसा कय करने हेतु इच्छुक दुकानदारों/फर्मो/एजेन्सियों से ई-निविदाये आमंत्रित की जाती है, जो कि **दिनॉक 15.05.2025 अपरान्ह 03:00 बजे** गठित समिति के द्वारा उपस्थिति निविदादाताओं के समक्ष विकास खण्ड कार्यालय में देखी जायेगी। निविदा से सम्बन्धित नियम व शर्ते http://etendar.up.nic.in पर उपलब्ध है तथा विकास खण्ड के नोटिस बोर्ड पर देखी जा सकती है।

**प्रस्तावित सामग्री का विवरण निम्नवत है :-**

| क० सं० | सामग्री का नाम | भूसा की अनुमानित मात्रा वर्ष 2025-26 (कु०मे०) | भूसा की अनुमानित मात्रा प्रतिमाह (कु० मे०) | निविदा प्रपत्र मूल्य (रु०) (नान रिफण्डेबल) (डिमांड ड्राफ्ट के तौर पर) | निविदा प्रपत्र मूल्य (रु०) रिफण्डेबल (एफ०डी०आर०) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | भूसा | 38102 | 3175 | 1000 | 10000 |

**खण्ड विकास अधिकारी**
**कसमण्डा-सीतापुर**

# छात्रा की मौत मामले में प्रेमी गिरफ्तार

## रेप के बाद हत्या का दर्ज हुआ था केस

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** महानगर थाना क्षेत्र के भीखमपुर में छात्रा की मौत के मामले में महानगर पुलिस को आरोपित प्रेमी



**■ महानगर में प्रेमी के घर मिली थी छात्रा की लाश**

पवन के खिलाफ हत्या के साक्ष्य नहीं मिले। पुलिस ने प्रेमी के खिलाफ दर्ज मुकदमे को आत्महत्या के लिए उकसाने की धारा में तरमीम कर पवन को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वहीं, दुष्कर्म की धारा अभी नहीं हटी है। एसीपी महानगर नेहा त्रिपाठी ने बताया कि आरोपित पवन सीतापुर जनपद के सिधौली कस्बे में नरोत्तमनगर का रहने वाला है। उसे खाटू श्याम मंदिर के पास से गिरफ्तार किया गया है। वह बैडमिंटन का कोच है। 30 मई को छात्रा का शव पवन के कमरे में पड़ा मिला था। छात्रा के परिवारीजन ने पवन के खिलाफ दुष्कर्म के बाद हत्या का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था। पोस्टमार्टम में फांसी से मौत की पुष्टि हुई थी। इंस्पेक्टर महानगर अखिलेश मिश्रा ने बताया कि आरोपित के खिलाफ दुष्कर्म, हत्या और एसी-एसटी एक्ट की धारा में मुकदमा दर्ज किया गया था। छात्रा की पीएम रिपोर्ट पर विशेषज्ञों से राय ली गई, पर हत्या की पुष्टि नहीं हुई थी। इसके बाद मुकदमे में लगी हत्या की धारा को आत्महत्या के लिए उकसाने की धारा में तरमीम कर दी गई थी।

# दबंगों ने असलहे के बल पर प्रापर्टी डीलर को पीटा

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** राजधानी में दबंगों ने असलहे के बल पर एक प्रापर्टी डीलर की पिटाई कर बट से उसका सिर फोड़ दिया। तीन युवकों ने उसे रात में कार पार्क करते समय गालियां दीं। विरोध करने पर उसे गिराकर मारने लगे। उसकी सोने की चेन और 35 हजार रुपए लेकर भाग गए। सुशांत गोल्फ सिटी थाना क्षेत्र में मंगलवार रात करीब 10:30 बजे टेडर पाम अस्पताल के सामने मुख्य मार्ग पर तीन युवकों ने स्कॉर्पियो सवार की पिटाई कर लहूलुहान कर दिया। घनश्याम द्विवेदी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके साले मोहित मिश्रा (निवासी विरखुंभा कजेहरा थाना गोल्फ सिटी) स्कॉर्पियो पार्क कर रहे थे। इसी दौरान एक मोटरसाइकिल और एक डंपर पर सवार तीन बदमाश वहां पहुंचे। उन्होंने पहले गालियां दीं। जब मोहित ने इसका कारण पूछा, तो तीनों ने मोहित मिश्रा को सड़क पर गिराकर पीटना शुरू कर दिया। बदमाशों ने घनश्याम के लाइसेंसी पिस्टल से उनके सिर के पिछले हिस्से में हमला किया। फिर पिस्टल वहीं फेंककर उनके गले की सोने की चेन और जेब में रखे 35000 रुपए लूट लिए। हमलावर मौके से फरार हो गए। घायल मोहित मिश्रा का टेडर पाम अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# युवक को ट्रैक्टर से कुचलकर मारने का आरोप

## परिजनों ने शव रखकर किया प्रदर्शन

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** इंदिरानगर इलाके में युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिवार ने ट्रैक्टर कुचलकर हत्या करने का आरोप लगाया है। आक्रोशित परिजनों ने कार्रवाई न होने तक शव को घर के पास रखकर प्रदर्शन किया। मौके पर पहुंचे वरिष्ठ अधिकारियों ने समझाकर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवा दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। इंदिरानगर के जरहरा निवासी सूरज यादव पुत्र झब्बू यादव ट्रैक्टर चलाता था। मृतक के भाई शोभित ने बताया मंगलवार शाम राज जायसवाल काम से ले जाने की बात कहकर अपने साथ ले गया था। इसके बाद वापस नहीं लौटा। परिजनों ने तलाश की तो उसका शव बुधवार सुबह नेवादा पावर हाउस के पास मिला। परिजनों का आरोप है कि सूरज की ट्रैक्टर से कुचलकर हत्या की गई है। इसके बाद शव को सड़क किनारे फेंककर आरोपी फरार हो गए। परिजनों ने राज जायसवाल नाम के व्यक्ति पर आरोप लगाया है। पुलिस से शिकायत के बाद भी कार्रवाई न होने पर परिजनों ने घर के बाहर शव



रखकर विरोध प्रदर्शन किया। उनका कहना है कि आरोपी पर कार्रवाई की जाए। जब तक कार्रवाई नहीं होगी तब तक शव का अंतिम संस्कार नहीं करेंगे। मौके पर पहुंचे पुलिस के अधिकारियों ने पीड़ित परिवार को समझाकर शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। एसीपी गाजीपुर अनिध्य विक्रम सिंह का कहना है परिवार की तहरीर पर राज जायसवाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। भाई शोभित ने बताया सूरज कभी-कभार राज का ट्रैक्टर चलाने जाता था। राज मिट्टी खनन का काम करता है। मंगलवार रात 8 बजे राज घर से बुलाकर ले गया था। बुधवार सुबह करीब 7 बजे राज ने कॉल करके बताया तुम्हारे भाई की मौत हो गई है। नेवादा पावर हाउस पहुंच कर देखा तो उसके शरीर पर ट्रैक्टर के पहिए के निशान और शरीर पर चोट के निशान थे। मुहं से खून निकल रहा था। इसके पहले भी पैसे के लेनदेन को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ था। जिसके बाद से सूरज ने उसके साथ जाना बंद कर दिया था।

## खबर एक नजर

### डीसीएम व डम्पर की टक्कर में दो की मौत

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** माल थाना क्षेत्र में बुधवार सुबह डीसीएम और डम्पर की भीषड़ टक्कर हो गयी। दर्दनाक हादसे में दो लोगों की मौत हो गयी और गाड़ियों के परखच्चे उड़ गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने छानबीन के बाद शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस भेज दिये। पुलिस के मुताबिक, आउटर रिंग रोड पर सुबह करीब 8:00 बजे रैंथा गांव के पास तेज रफ्तार डीसीएम और डम्पर में भिड़ंत हो गयी। टक्कर इतनी भयंकर थी कि दोनों गाड़ियों के परखच्चे उड़ गए। हादसे से सड़क पर जाम लग गया। लोगों ने फौरन पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने डीसीएम में फंसकर तड़प रहे दो घायलों को कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला और आनन-फानन में हॉस्पिटल पहुंचाया, लेकिन तब तक उनकी सांसें थम चुकी थीं। हॉस्टिपटल में डॉक्टरों द्वारा मृत घोषित किए जाने पर पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस भेज दिए। छानबीन के दौरान मृतकों की पहचान गौतमबुद्धनगर निवासी 32 वर्षीय नाजिम पुत्र लियाकत और 34 वर्षीय वसीम पुत्र जुल्फिकार के रूप में हुई। पुलिस ने मृतकों के परिवार को सूचना दे दी। उनकी मौत की खबर पाकर घर में कोहराम मच गया। पोस्टमार्टम हाउस पर परिचितों का जमावड़ा लग गया।

### पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए नए सिरे से करें तैयारी : जयवीर

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने आज विभाग द्वारा संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों के प्रोन्नति, स्थानांतरण, सम्बद्धता एवं लंबित प्रकरणों का निस्तारण समय सीमा में कराने के निर्देश दिए। साथ ही रिक्त पदों पर शीघ्र तैनाती एवं स्थानांतरण नीति के तहत आवश्यक प्रस्ताव भी तैयार कराया जाए। सोनभद्र के प्राचीन जीवाश्म पार्क को यूनेस्को की सूची में दर्ज कराने के लिए कार्यवाही 30 सितम्बर तक पूरा करने के निर्देश दिए। पर्यटन मंत्री ने कहा कि यूपी वन ट्रिलियन डालर अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए देशी-विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए नए सिरे से तैयारी की जाए। साथ ही होटल, ढाबों, बारातघर, ग्रामीण एवं शहरी होम स्टे के लिए चिन्हित आवासों में कमरो की संख्या बढ़ाई जाए। साथ ही बेड एण्ड ब्रेकफास्ट एस्टेब्लिशमेंट एंड होम स्टे पॉलिसी के प्रस्तावों को धरातल पर उतराते हुए पर्यटकों को अधिक सुविधाएं सृजित की जाए। राजमार्गो के वे-साइट एमिनिट्सि बढ़ाई जाए। पेट्रोल पंम मालिको से संपर्क कर साफ-सुथरे स्नानघर एवं शौचालय तथा अतिरिकत कमरे बनाने पर जोर दिया जाए। उन्होंने कहा कि वे-साइट एमिनिटी, ढाबा को जनपयोगी बनाया जाए। राजमार्गों के किनारे पड़ने वाले होटल आदि जहां पर पर्यटकों का ज्यादा आना जाना होता है। वहां अवस्थापना सुविधाओं का विकास किया जाए। धार्मिक पर्यटन स्थल के सर्वाधिक पर्यटक वाराणसी, प्रयागराज, मिरजापुर, लखनऊ, झांसी, बरेली, अयोध्या तथा आगरा आते है। इनसे ट्रेवल ऑपरेटर एवं टूर ऑपरेटर होटल व्यवसायियों के साथ ही आम आदमी तक को रोजगार मिलाता है। इससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को गति मिलती है। चूंकि पर्यटन सेक्टर में आय की असीमित संभावनाएं है। पर्यटन को युवाओं से जोड़ने के लिए युवा क्लबों का अधिक से अधिक गठन तथा इको पर्यटन को बढ़ावा दिया जाए। जयवीर सिंह ने कहा कि पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग से इको पर्यटन से जुड़ी गतिविधियों में सहयोग लिया जाए। ग्रामीण पर्यटन के तहत एग्री -रूरल एण्ड गंगे ग्राम रूरल टूरिज्म को बढ़ावा दिया जाए। पर्यटन गांव में घरेलू पर्यटको की संख्या 3 लाख तथा विदेशी पर्यटको की संख्या एक लाख से अधिक है। बैठक में प्रमुख सचिव, पर्यटन एवं संस्कृति मुकेश मेश्राम ने होटलों एवं ढाबों में बेहतर सुविधाएं तथा प्रदेश में होटल ऑक्यूपेंसी बढ़ाने पर जोर दिया। इस अवसर पर यूपीटीडीसी की एमडी सान्या छावड़ा, निदेशक प्रखर मिश्र संयुक्त उपनिदेशक, दिनेश कुमार, उपनिदेश मुख्यालय कल्याण सिंह सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे।

# अवैध संबंधों में रोड़ा बनने पर पत्नी को मौत के घाट उतारने वाला गिरफ्तार

## सिर पर ईंट से वार के बाद गला कसकर किया था कत्ल

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** मोहनलालगंज थाना क्षेत्र के डडाईन खेड़ा में सविता की हत्या के मामले में पुलिस ने उसके आरोपित पति संजय रावत को बुधवार दोपहर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। अवैध संबंधों में रोड़ा बनने पर उसने पहले सिर पर ईंट से वार किया और फिर गला कसकर मौत की नींद सुला दिया था। दवा दिलाने के बहाने वहा पत्नी को घर से लेकर निकला था। पुलिस ने सनसनीखेज हत्याकांड का खुलासा किया है। पुलिस उपायुक्त दक्षिणी ने बताया कि पूछताछ में पता चला कि संजय के उसकी एक रिश्तेदार महिला से प्रेम प्रसंग थे। वह उससे शादी करना चाहता था। पत्नी सविता इस बात का विरोध करती थी।



इस कारण योजनाबद्ध तरीके से उसने पत्नी की हत्या कर दी। अपर पुलिस उपायुक्त अमित कुमावत के मुताबिक, आरोपित की निशानदेही पर वारदात में प्रयुक्त खून से सनी ईंट भी बरामद कर ली गई है। संजय सोमवार शाम वह पत्नी को दवा दिलाने के बहाने किसान पथ, खुजौली मोहिद्दीनपुर की ओर लेकर गया था। वहां पर हत्या कर दी थी। इसके बाद फरार हो गया था।सविता के पिता ने संजय और उसके परिवारीजन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था।

इसके बाद घटना के राजफाश के लिए एसीपी रजनीश वर्मा की निगरानी में तीन टीमें गठित की गई थी। साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने आरोपित संजय को मंगलवार को हिरासत में लिया था। पूछताछ में उसने हत्या किए जाने की बात स्वीकार की। आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया। परिवारीजन की भूमिका की जांच की जा रही है।

# कार की टक्कर के बाद मारपीट

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** निगोहां थाना क्षेत्र में सोमवार को तेज रफ्तार कार द्वारा बाइक में टक्कर मारे जाने के बाद मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। इस घटना में दो लोग घायल हो गए, जिनमें से एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस के मुताबिक, भोला का पुरवा निवासी राजकरण के पुत्र राकेश कुमार अपने मामा के लड़के अमेन्द्र के साथ बाइक (यूपी 32 एफयू 3563) से कहीं जा रहे थे। जैसे ही वे बकतखेड़ा गांव के समीप पहुंचे, सामने से आ रही तेज रफ्तार कार (यूपी 32 ईए1401) ने लापरवाहीपूर्वक उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे के बाद दोनों पक्षों के बीच कहासुनी शुरू हो गई, जो देखते ही देखते गाली-गलौज और मारपीट में बदल गई। राकेश का आरोप है कि कार चालक और उसके साथियों ने उन दोनों पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए।स्थानीय लोगों की मदद से अमेन्द्र को प्राथमिक उपचार के लिए सीएचसी मोहनलालगंज ले जाया गया, जहां से हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने उसे ट्रॉमा सेंटर, पीजीआई लखनऊ रेफर कर दिया।

**■ मारपीट में घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में कराया भर्ती**

वहीं, राकेश का इलाज सीएचसी में चल रहा है। सूचना मिलने पर निगोहां पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जांच शुरू कर दी। राकेश की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। निगोहां थाना प्रभारी अनुज तिवारी ने बताया कि आरोपी वाहन चालक और उसके साथियों की तलाश की जा रही है।

# जंगल में मिला युवक का शव, हत्या की आशंका

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** निगोहां थाना क्षेत्र में एक युवक का शव जंगल में मिलने से सनसनी फैल गयी। लोगों ने पीट-पीटकर हत्या किये जाने की आशंका जताते हुए पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन शुरू की, लेकिन मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया और मामले की जांच की जा रही है। पुलिस के मुताबिक, इससे नकारा नहीं जा सकता लिहाजा कई बिंदुओं पर जांच पड़ताल कर शव की पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है। निगोहां थाना क्षेत्र के नटौली मजरा खुद्दी खेड़ा गांव के पास नहर किनारे एक युवक का खून से लथपथ शव मिला। ऐसा प्रतीत हो रहा है कि युवक की पीट-पीटकर हत्या की गई है। बुधवार सुबह जब ग्रामीण शौच के लिए जंगल की ओर गए तो देखा कि एक युवक की खून से लथपथ लाश पड़ी है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस मामले की छानबीन कर आसपास के लोगों को बुलाकर शव की पहचान कराने का प्रयास किया, लेकिन कामयाबी नहीं मिल सकी। आंशका जताई जा रही है कि युवक की उम्र 30 से 35 वर्ष के आसपास रही होगी। यह भी चर्चा है कि उसे यहां लाकर मारा गया है। पुलिस पंपलेट छपवाकर शव की पहचान कराने की कोशिश कर रही है।

## सपा सरकार बनाने का संकल्प

**स्वतंत्र भारत, लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राज्य मुख्यालय लखनऊ स्थित डॉ. राममनोहर लोहिया सभागार में आज आयोजित प्रबुद्ध सम्मेलन में नेता विरोधी दल विधानसभा उत्तर प्रदेश, माता प्रसाद पाण्डेय की अध्यक्षता में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं और प्रबुद्धजनों ने 2027 के विधानसभा चुनाव में श्री अखिलेश यादव के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने का संकल्प लिया। सम्मेलन की शुरुआत जय परशुराम के उद्घोष के साथ हुई, जिसमें सभी उपस्थित प्रबुद्धजनों ने दोनों हाथ उठाकर इस संकल्प को दोहराया।सम्मेलन के मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव थे। कार्यक्रम का संचालन पूर्व मंत्री पवन पाण्डेय ने किया। इस अवसर पर अखिलेश यादव ने ब्राह्मण समाज की अग्रणी भूमिका का उल्लेख करते हुए कहा कि ब्राह्मण समाज समाज को दिशा देने का कार्य करता है और समाजवादी पार्टी में उनका बहुत सम्मान है।

# फर्जी वेबसाईट के जरिए जन्म व मृत्यु प्रमाण-पत्र बनाने वाले दो गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** यूपी एसटीएफ ने फर्जी वेबसाइट व साफ्टवेयर एवं पोर्टल के जरिए अन्तर्राज्यीय स्तर पर फर्जी जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने वाले संगठित गिरोह के दो सदस्यों को बरेली के भमोरा थाना क्षेत्र के दिलजीत इण्टरनेट कैफे कस्बा देवचरा से गिरफ्तार किया है। पकड़े गये देव सिंह पुत्र महेन्द्रपाल सिंह निवासी ग्राम खेड़ा, थाना भमोरा जनपद बरेली व रवि सिंह पुत्र महेन्द्रपाल सिंह निवासी ग्राम खेड़ा, थाना भमोरा जनपद बरेली के पास से दो लैपटाप व तीन मोबाईल फोन व एक आधार कार्ड व एक एटीएम व छब्बीस फर्जी जन्म प्रमाण पत्र व चार मृत्यु प्रमाण पत्र व दो हजार रूपये नकद बरामद किया।एसटीएफ चीफ अमिताभ यश नें बताया कि पकड़े गये रवि सिंह व देव सिंह ने साइबर कैफे चलाते है एवं देव सिंह राम भरोसे इण्टर कालेज में इतिहास का अध्यापक है। अपनी आर्थिक आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु आनलाइन फर्जी जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने का कार्य कर रहे है। इस कार्य के लिए हम लोग फेसबुक के माध्यम से फर्जी पोर्टल बनाने वाले से सम्पर्क कर फर्जी पोर्टल बनवाते है फिर फेसबुक के माध्यम से विभिन्न ग्रुप में जुड़कर जन्म / मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने के विज्ञापन में अपना मोबाइल नम्बर प्रदर्शित करते है। इच्छुक व्यक्ति व्हाट्सएप के माध्यम से हमसे जुड़ते है। हम लोग उन्हे पोर्टल का लिंक भेजते है जिस लिंक को खोलने पर रजिस्ट्रेशन हेतु मोबाइल नम्बर/ईमेल मांगा जाता है, जिसके अगले पेज पर रिचार्ज वालेट आप्शन जाने पर एक क्यू आर कोड प्रदर्शित होता है, जिसको स्कैन करने पर सम्बंधित का 200 रूपये आनलाइन आहरित हो जाता है एवं उसके वैलेट में यह रिचार्ज प्रदर्शित होने लगता है तत्पश्चात बर्थ आप्शन पर क्लिक करने पर राज्य चुनकर तथा रजिस्ट्रेशन फार्म भर कर तत्काल जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र डाउनलोड किया जा सकता है। इसके लिए किसी दस्तावेज की भी आवश्यकता नहीं होती है।आरोपियों द्वारा प्रयोग किये जा रहे पोर्टल पर प्रदर्शित क्यूआर कोड के सम्बन्ध में जानकारी किये जाने पर लिंक बैंक खाते में विगत 03 वर्षों में 28 लाख से अधिक धनराशि का केडिट होना पाया गया।जिसे अवैध रूप से जन्म/ मृत्यु प्रमाण पत्र बनाकर अर्जित किया जाना बताया गया।



# जातीय गणना कराने के फैसले का श्रेय लेने की होड़ : के. लक्ष्मण

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जाति जनगणना कराये जाने के फैसले पर बुधवार को लखनऊ के सहकारिता भवन में संगोष्ठी एवं आभार सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. के. लक्ष्मण ने कहा कि जातीय जनगणना कराने से विशेष रूप से पिछड़े एवं अति पिछड़े वर्ग के लोगों को अपनी संख्या की पहचान होगी। इसी आधार पर उन्हें संवैधानिक अधिकार भी मिल सकेगा। के लक्ष्मण ने कहा कि जातीय जनगणना आजादी के पूर्व वर्ष 1931 में हुई थी। 94 वर्ष का लम्बा अन्तराल ऐसा गुजरा जिसमें अधिकांश समय में कांग्रेस पार्टी या गैर भाजपा दलों की सरकारे देश में रही है। लेकिन अफसोस कि गैर भाजपाई सरकारों ने जातीय जनगणना कराने का साहस नहीं जुटा सकी। लेकिन आज उनकी पार्टी के नेता राहुल गांधी, अखिलेश यादव तथा तेजस्वी यादव




जैसे नेताओं में इस जातीय जनगणना कराने के फैसले का श्रेय लेने की होड़ लगी है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2010 में तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने लोकसभा में आश्वासन दिया था कि जाति जनगणना पर कैबिनेट में विचार किया जाएगा। साथ ही एक समिति का भी गठन किया गया जिसमें अधिकांश राजनैतिक दलों ने जातिगत आधार पर जनगणना की संस्तुति की। इसके बावजूद कांग्रेस की सरकार ने जाति जनगणना की जगह एक सर्वे करवाया जिस पर 4893.60 करोड़ रूपए खर्च किए गए। लेकिन जातिगत आकड़े प्रकाशित नही हुए क्योंकि इस सर्वे में 8.19 करोड़ गलतियां पाई गई। भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री जातीय जनगणना के फैसले से आज पिछड़े वर्ग में जश्न का माहौल है। उन्होंने कहा कि 1980 में बी.पी. मण्डल आयोग की रिपोर्ट का तो खुलकर संसद एवं सड़क पर गांधी परिवार ने विरोध किया। यदि 1990 में भाजपा के समर्थन से बी.पी. सिंह की सरकार नहीं बनी होती तो ओबीसी के लोगों को 27 प्रतिशत आरक्षण भी नहीं मिला होता।

ओबीसी कमीशन को संवैधानिक दर्जा मिला। ओबीसी के चेयरमैन को कैबनेट मंत्री का दर्जा मिलना, नीट परीक्षा में 27 प्रतिशत आरक्षण, केन्द्रीय एवं सैनिक विद्यालयों में 27 प्रतिशत रिजर्वेशन, क्रीमिलेयर आय सीमा को 8 लाख तक बढ़ाना तथा केन्द्रीय कैबनेट में 27 प्रतिशत पिछड़े वर्ग के सांसदों को मंत्री बनाना जैसे महत्वपूर्ण निर्णय हुए हैं। इस अवसर पर मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री संगम लाल गुप्ता, प्रदेश महामंत्री एमएलसी रामचंद्र प्रधान, विधायक रामरतन कुशवाहा, लखनऊ जिलाध्यक्ष विजय मौर्या, प्रदेश महामंत्री संजय भाई पटेल, ऋषि चौरसिया, नीरज गुप्ता सहित सैकड़ों नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# 25 लाख नए किसानों का बनेगा क्रेडिट कार्ड

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** किसानों की आय बढ़ाने और खेती को लाभकारी बनाने की दिशा में प्रदेश सरकार द्वारा लगातार प्रयास किये जा रहे है। इसी कड़ी में वित्तीय वर्ष 2024-25 में 71 लाख से अधिक किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड की सुविधा प्रदान की है। वहीं वर्तमान वित्तीय वर्ष में 25 लाख नए किसानों को क्रेडिट कार्ड बनाने का लक्ष्य तय किया गया है। इसे लेकर सभी मंडलायुक्तों और जिलाधिकारियों को निर्देश भी गए हैं।प्रदेश सरकार ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के सभी किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड उपलब्ध कराने का कार्य तेज कर दिया है। इसके अंतर्गत सहकारी और व्यवसायिक बैंकों की सहायता से कार्ड का वितरण किया जा रहा है। भारत सरकार ने भी सभी पात्र किसानों को केसीसी से जोड़ने के निर्देश दिए हैं, ताकि वे फसली ऋण जैसी सुविधाओं का लाभ ले सकें।खेती-किसानी को फायदे का सौदा बनाने का उद्देश्य ग्रामीणों के जीवन स्तर को बेहतर बनाना और कृषि को आर्थिक रूप से मजबूत करना है। किसान क्रेडिट कार्ड योजना इसी नीति का हिस्सा है, जिससे किसानों को समय पर आर्थिक मदद मिलती है और वे साहूकारों के चंगुल में फंसने से बचते हैं।

**केसीसी से बढ़ा फसली ऋण वितरण का दायरा**

किसान क्रेडिट कार्ड योजना से फसली ऋण वितरण में भी वृद्धि हो रही है। इस योजना में किसानों को खेती के लिए आवश्यक धनराशि बैंक से कम ब्याज पर उपलब्ध कराई जाती है। जिससे वे उन्नत बीज, खाद, कीटनाशक आदि की खरीद सकें। इससे न केवल उनकी पैदावार बढ़ती है, बल्कि उनकी आय भी दोगुनी होती है। प्रदेश सरकार ने आने वाले वित्तीय वर्ष में 25 लाख नए किसानों को केसीसी योजना से जोड़ने की योजना बनाई है।

# लाखों की ड्रग के साथ तस्कर गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ ) ने अन्तर्राज्यीय स्तर पर ड्रग्स तस्करी करने वाले गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से 25 ग्राम कोकीन एवं 50 ग्राम सिंथेटिक ड्रग्स मेफेड्रान बरामद किया है।बरामद कोकीन की अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 25 लाख रूपये व सिंथेटिक ड्रग्स मेफेड्रान की कीमत करीब 05 लाख रूपये बताई गई है। पकड़ा गया आरोपी प्रेम बाबू उर्फ राज कुमार पुत्र छुन्ना लाल राजधानी के आलमबाग थाना क्षेत्र के मकान नं0 569च/448 प्रेमनगर का रहने वाला है। एसटीएफ के चीफ अमिताभ यश ने बताया कि टीम ने इसकी गिरफ्तारी गाजीपुर थाना क्षेत्र के सेक्टर-8, प्रेरणा पार्क के सामने रेडियो कालोनी से की है। पकड़ा गया प्रेम बाबू ने टीम को बताया कि उसका मादक पदार्थो की तस्करी करने वाला संगठित गिरोह है, जो कि अवैध मादक पदार्थो की तस्करी करता है। यह लखनऊ स्थित किसी होटल में काम करता था। इसी दौरान मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले गिरोह के सम्पर्क में आया। जिसके बाद नई दिल्ली के पालमपुर से किसी नाइजिरियन व्यक्ति से कोकिन एवं मेफेड्रान लाकर लखनऊ में सप्लाई करने लगा।बीती छह मई की सुबह फ्लाईट द्वारा दिल्ली गया था वहाँ से मादक पदार्थ लेकर बस द्वारा लखनऊ आया था।इसे थाना गाजीपुर में दाखिल कर मुकदमा दर्ज किया गया है।



स्वतंत्र भारत


यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।

## अफगानिस्तान से रिश्ते


अफगानिस्तान की तालिबान सरकार ने पहलगाम हमले की पृष्ठभूमि में पाकिस्तान को रणनीतिक मदद देने से इनकार करते हुए भारत के साथ सहयोग का जो वादा किया है, वह महत्वपूर्ण है। दरअसल एक समय अफगानिस्तान को संचालित करने वाले पाकिस्तान के वहां की तालिबान सरकार से अच्छे रिश्ते नहीं हैं, जिसकी वजह पाक तालिबान हैं। तालिबान ने पिछले सप्ताह पहलगाम हमले की निंदा करते हुए कहा था कि ऐसे हमले पूरी क्षेत्रीय सुरक्षा के लिए खतरा हैं और हमलावरों को सजा मिलनी ही चाहिए। पाकिस्तान को कूटनीतिक रूप से घेरने के उद्देश्य से ही विदेश मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने काबुल में कार्यवाहक अफगान विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी से मुलाकात की। बैठक में भारत ने अफगानिस्तान के प्रति अपने समर्थन को दोहराया और भारत-अफगानिस्तान संबंध मजबूत करने की प्रतिबद्धता भी जतायी गयी। भारत ने कहा कि वह अफगानिस्तान में ठप पड़ी पहलों को पुनर्जीवित करेगा। जबकि मुत्ताकी ने अफगानिस्तान में उपलब्ध अनुकूल निवेश अवसरों का लाभ उठाने का आग्रह किया. बैठक में द्विपक्षीय राजनीतिक संबंधों, व्यापार, पारगमन और हाल की क्षेत्रीय राजनीतिक प्रगति पर चर्चा हुई। हालांकि भारत द्वारा अटारी बॉर्डर बंद कर देने से पाकिस्तान के जरिये होने वाला भारत-अफगान व्यापार बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। इस बॉर्डर के जरिये दोनों देशों के बीच सालाना 50 करोड़ डॉलर का व्यापार होता रहा है। यह सूखे मेवों का सीजन है और अफगानिस्तान से सूखे मेवे इसी रूट से भारत आते रहे हैं। गौरतलब है कि 2001 से 2021 तक भारत क्षेत्रीय स्तर पर अफगानिस्तान का सबसे बड़ा मददगार था, जिसने उस दौरान काबुल को तीन अरब डॉलर से अधिक की मदद की थी। तब भारत ने अफगानिस्तान के सभी प्रांतों में बिजली, जलापूर्ति, सड़क संपर्क, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, कृषि और क्षमता निर्माण जैसे क्षेत्रों में 500 से अधिक परियोजनाओं को वित्तपोषित किया था। इसी कारण भारतीय प्रतिनिधि ने काबुल में पूर्व अफगान राष्ट्रपति हामिद करजई से भी मुलाकात की. बेशक तालिबान को वैश्विक मान्यता नहीं मिली है, लेकिन भारत ने वहां कूटनीतिक मौजूदगी और मानवीय मदद बनाये रखी है। विगत जनवरी में विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने दुबई में मुत्ताकी से मुलाकात भी की थी। कुल मिलाकर, इस समय भारत को मिलता अफगानिस्तान का साथ पड़ोसी पाकिस्तान के लिए बड़ा कूटनीतिक झटका है।

## बढ़ता खजाना

देश के विदेशी मुद्रा भंडार में लगातार हो रही वृद्धि भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती के बारे में बताती है। 11 अप्रैल को समाप्त हुए सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 1.567 अरब डॉलर की वृद्धि के साथ 677.83 अरब डॉलर तक पहुंच गया। रिजर्व बैंक के मुताबिक, लगातार छठे सप्ताह विदेशी मुद्रा भंडार में वृद्धि हुई है। दरअसल, पिछले सप्ताह डॉलर के मुकाबले रुपया मजबूत हुआ था। इसी दौरान विदेशी निवेशकों का भारतीय शेयर बाजारों में भी निवेश बढ़ा। इससे पहले के सप्ताह में मुद्रा भंडार में 10.8 अरब डॉलर की भारी वृद्धि हुई थी, जिसके पीछे विदेशी मुद्रा आस्तियों (फॉरेन करेंसी एसेट्स) और सोने के भंडार में वृद्धि का प्रमुख योगदान रहा। फॉरेन करेंसी एसेट्स-यानी एफसीए विदेशी मुद्रा भंडार का महत्वपूर्ण हिस्सा होता है, जिसमें अमेरिकी डॉलर, यूरो, येन और पाउंड जैसी विदेशी मुद्राएं शामिल हैं। जहां तक स्वर्ण भंडार में वृद्धि का प्रश्न है, तो विश्व बाजार में सोने की कीमतों में मजबूती और निवेशकों के बीच इसके सुरक्षित निवेश विकल्प के रूप में लोकप्रियता इसका कारण है। निर्यात तथा विदेशी निवेश में वृद्धि और मुद्रा विनिमय दरों में स्थिरता भी विदेशी मुद्रा भंडार में वृद्धि के दूसरे कारण हैं। रिजर्व बैंक के मुताबिक, आइएमएफ में भारत के रिजर्व पोडिशन की वैल्यू भी 4.3 करोड़ डॉलर बढ़कर 4.5 अरब डॉलर हो गयी। विदेशी मुद्रा भंडार में वृद्धि से डॉलर के मुकाबले रुपये को मजबूती मिलती है, जो अर्थव्यवस्था के लिए बेहतर है। विदेशी मुद्रा भंडार में वृद्धि के कारण डॉलर के मुकाबले में तेजी देखी गयी है। विदेशी मुद्रा भंडार में वृद्धि का अर्थ है कि भारत के पास विदेशी मुद्रा में अधिक संसाधन उपलब्ध हैं। इसकी मजबूत स्थिति बाजार तथा निवेशकों में विश्वास पैदा करती है, जिससे घरेलू एवं विदेशी निवेशक अधिक निवेश करने के प्रति प्रोत्साहित होते हैं।



## काँव-काँव



◆◆◆

**सड़क हादसे में घायलों का मुफ्त इलाज-गडकरी**
सड़क दुर्घटनाएं रोकते तो सही रहता हुजूर!
**मानव विकास में भारत की प्रगति यात्रा जारी**
करोड़ों लोग पेट भर अन्न खरीद नहीं सकते!
**हरियाणा राज्य में अब महंगी हो जायेगी शराब**
पियक्कड़ों के लिये अपना यूपी सर्वोत्तम है!
**मोदी को थी पहलगाम हमले की सूचना-खड़गे**
प्रधानमंत्री का सुरक्षित रहना सबसे जरूरी!
**सांसद सुमन छह घंटे आवास में नजरबंद**
इसी बहाने पब्लिसिटी तो मिलेगी!
**मुर्शिदाबाद में बाहर से लाए गए थे दंगाई**
यही तो हर जगह होता है ममता दीदी!

◆◆◆

# अब ऑपरेशन सिंदूर

पाकिस्तान को लगा भारत बुधवार को सिविल डिफेंस की मॉक ड्रिल करेगा। पाकिस्तानी हुक्मरान और फौज, दोनों निश्चिंत होकर सोये रहे। लेकिन भारत की सेना ने आधी रात को 'ऑपरेशन सिंदूर' शुरू कर उसके सबसे डरावने सपने को हकीकत बना दिया। भारत का यह ऑपरेशन रणनीतिक चतुरता की मिसाल है। भारत ने बुधवार को देश के 244 जिलों में मॉक ड्रिल की योजना बनाई थी। खबर ने पाकिस्तान को यह यकीन दिला दिया कि भारत कोई बड़ा सैन्य ऑपरेशन नहीं करेगा। इसी भ्रम



**- अशोक भाटिया**


का फायदा उठाते हुए भारत ने 'ऑपरेशन सिंदूर' को अंजाम दिया। पहलगाम अटैक के 15 दिन बाद भारत ने 6 मई की रात 1. 44 बजे पाकिस्तान पर सर्जिकल स्ट्राइक की। इसे नाम दिया गया 'ऑपरेशन सिंदूर।' भारतीय सेनाओं ने इस ऑपरेशन के दौरान पाकिस्तान में चार और पाक अधिकृत कश्मीर में आतंकियों के पांच ठिकानों पर रॉकेट बरसाए। इन टारगेट में बहावलपुर, मुरिदके, बरनाला, तेहराकलां, मुजफ्फराबाद, कोटली और सियालकोट शामिल थे। इन जगहों पर लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद जैसे आतंकी संगठनों अड्डे संचालित थे। इसके अलावा आतंकी मौलाना मसूद अजहर का मदरसे को भी इस हमले में नेस्तनाबूद किया गया है। गौरतलब है कि पाकिस्तान से आए आतंकवादियों ने 22 अप्रैल 2025 को पहलगाम में 27 लोगों की हत्याकर दी थी। इसमें 26 भारतीय व एक नेपाली नागरिक था। आतंकियों के इस कायराना हमले का करारा जवाब देने के लिए भारत ने सैन्य कार्रवाई से पहले कूटनीतिक हमले किए। हमले के 15 दिन बाद ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से अपनी सैन्य ताकत दिखा दी। ऑपरेशन सिंदूर पहलगाम हमले में मारी गई उन महिलाओं को समर्पित है, जिनके पति की हत्या उनकी आंखों के सामने ही आतंकवादियों ने की थी। इस स्ट्राइक में भारतीय सेना ने 24 मिसाइलों से आतंकी अड्डों पर हमला किया। जिसकी पीएम नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल लगातार मॉनीटरिंग कर रहे थे।भारत के एयर स्ट्राइक के बाद पाकिस्तान से जो वीडियो आ रहे हैं, उसमें खुद पाकिस्तान के लोग चीख-चीख बता रहे हैं कि आतंकी अजहर मसूद के ठिकाने पर मिसाइल से हमले किए गए हैं। इसमें पाकिस्तान की आवाम खुद बता रही है कि भारतीय सेना ने कैसे हमला किया है। इसके अलावा वीडियो में देख सकते हैं कि आतंकी ठिकाने से आग की लौ भी उठती दिख रही है। ये आतंकियों के ठिकाने को मिट्टी में मिलाने का सबसे बड़ा सबूत है। अहमद शरीफ चौधरी ने रात ही कहा कि भारत के हवाई हमलों में अब तक 8 नागरिक मारे गए हैं जबकि 35 घायल हुए हैं। जैसा कि बताया जा रहा है भारत सेना के एयर स्ट्राइक में करीब 100 आतंकी मारे गए हैं। अस्पतालों में घायल आतंकवादियों की लाइन लगी है। हर तरफ एंबुलेंस दौर रहे हैं। ये भारत नहीं बल्कि तमाम इंटरनेशनल मीडिया संस्थान कह रहे हैं। ये संस्थाएं पाकिस्तान के हालात की तस्वीरें ला रही हैं। इससे पता चलता है कि भारत ने पहलगाम का बदला कैसा लिया। इन हमलों को राफेल, सुखोई जैसे फाइटर जेट्स या फिर बेहद आधुनिक ड्रोन से अंजाम दिया गया। ऑपरेशन सिंदूर की जरूरत पर भारत ने दुनिया को जवाब दे दिया। भारतीय विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कहा कि पाकिस्तान अपने नियंत्रण वाले क्षेत्र में आतंकियों पर एक्शन के लिए कोई कदम नहीं उठाता। खुफिया जानकारी के मुताबिक, भारत के खिलाफ आगे भी हमले हो सकते हैं। इसलिए ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद के इंफ्रास्ट्रक्चर को समाप्त करने और भारत में भेजे जाने वाले आतंकियों को अक्षम बनाने के लिए है। उन्होंने यह भी कहा कि 25 अप्रैल को टीआरएफ के संदर्भ को हटाने के लिए पाकिस्तान के दबाव को भी ध्यान देना चाहिए। पाकिस्तान दुनिया भर में आतंकवादियों के शरणस्थल के रूप में पहचान बना चुका है। साजिद मीर का मामला अंतराष्ट्रीय प्रेशर बनाने के बाद वो जीवित पाया गया, इसका सबूत है। भारत ने इसी तरह का हमला फरवरी 2019 में उस समय किया था, जब जम्मू कश्मीर के पुलवामा में सीआरपीएफ के एक काफिले को निशाना बनाया गया था। इस हमले का बदला लेने के लिए भारत ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के बालाकोट में हमला कर आतंक के ठिकानों को तबाह कर दिया था। इस ऑपरेशन को नाम दिया गया था, "ऑपरेशन बंदर'। बुधवार तड़के हुई कार्रवाई को पाकिस्तान ने युद्ध की कार्रवाई बताया है। उसका कहना है कि उसके पास जवाबी कार्रवाई का हक है। आइए देखते हैं कि 'ऑपरेशन बंदर' और 'ऑपरेशन सिंदूर' में क्या अंतर है। साल 1971 के युद्ध के बाद पहली बार है कि भारत की सेनाओं ने पाकिस्तान में घुसकर कार्रवाई को अंजाम दिया था। इससे पहले 2016 में हुए उड़ी हमला और 2019 के पुलवामा हमले के बाद भारतीय सेनाओं ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में घुसकर कार्रवाई की थी।





इन हमलों को सर्जिकल स्ट्राइक बताया था। भारत ने इस आत्मरक्षा के अधिकार के तहत की गई कार्रवाई बताया था। इसमें भारतीय सेनाओं ने पाकिस्तान में कोई निशाना नहीं बनाया था। भारतीय सेनाओं ने पहली बार पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में हमला किया। इससे पहले सेनाओं ने पाकिस्तान में किसी ठिकाने को निशाना नहीं बनाया था। यह भारत की तीनों सेनाओं का एक संगठित प्रयास था। बालाकोट कैंप का चुनाव इसलिए किया गया था कि वह एक पहाड़ी की चोटी पर स्थित था। उसके आसपास कोई नागरिक नहीं था। यानी हमले से नागरिकों को कोई नुकसान नहीं होगा और वह कोई मदरसा नहीं था, इसलिए वहां कोई बच्चा नहीं होगा। वहां केवल आतंकवादी और उनके आका होंगे। इसलिए ही बालाकोट का चुनाव किया गया था। भारत ने 25-26 फरवरी की रात हवाई हमला करना चुना था। इसके लिए मध्य प्रदेश के ग्वालियर एयरबेस से 20 मिराज-2000 विमानों ने उड़ान भरी थी। इन विमानों पर इजराइली लेजर गाइडेड बम लगे हुए थे। इनमें से 12 विमानों ने सुबह करीब पौने चार बजे अंतराष्ट्रीय सीमा पार कर पाकिस्तान में प्रवेश किया। और अपने निशानों पर बम बरसाए। भारतीय वायुसेना ने इस ऑपरेशन को केवल 21 मिनट में अंजाम दे दिया था। इस ऑपरेशन को अंजाम दिया था एयर मार्शल हरि कुमार ने। वह पश्चिमी वायु कमान के एयर ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ थे। खास बात यह थी कि वह फरवरी में ही रिटायर होने वाले थे। हमले से पहले उन्हें फेयरवेल पार्टी भी दी गई थी। इन हमलों में 250 से अधिक आतंकी मारे गए थे। पाकिस्तान आतंकी कैंपों की मौजूदगी को स्वीकार नहीं कर रहा था। भारत ने कड़ा रुख अपनाते हुए ऐसा कदम उठाया कि न सिर्फ पाकिस्तान बल्कि पूरी दुनिया को दिखा दिया कि भारत आतंकी कैंपों का खात्मा कर सकता है। 28-29 सितंबर की दरम्यानी रात को भारतीय सेना के विशेष बलों ने नियंत्रण रेखा (एलओसी) पार कर पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में आतंकी लॉन्च पैड्स पर सर्जिकल स्ट्राइक की और उन्हें तबाह कर दिया। इस हमले में भारतीय सेना ने पाकिस्तानी आतंकवादियों के छह लॉन्चपैड को तबाह कर दिया था और करीब 45 आतंकी इस कार्रवाई में मारे गए थे। अब ऑपरेशन सिंदूर' के बाद विरोधी दल के पास विरोध करने का कुछ बचा ही नहीं है और न ही सबूत मांगने का कारण क्योंकि जो भी पाकिस्तानी विडियो आ रहे है वो खुद ही सबूत बन रहे है।

## प्रेमचंद की कहानियां



### जुलूस

और जुलूस में हैं कौन लोग, देखो-लौंडे, लफंगे, सिरफिरे। शहर का कोई बड़ा आदमी नहीं। मैकू चट्टियों और स्लीपरों की माला गरदन से लटकाये खड़ा था। इन दोनों सेठों की बातें सुन कर हंसा।

शंभू ने पूछा- क्यों हंसे मैकू? आज रंग चोखा मालूम होता है।

मैकू-हंसा इस बात पर जो तुमने कही कि कोई बड़ा आदमी जुलूस में नहीं है। बड़े आदमी क्यों जुलूस में आने लगे, उन्हें इस राज में कौन आराम नहीं है? बंगलों और महलों में रहते हैं, मोटरों पर घूमते हैं, साहबों के साथ दावतें खाते हैं, कौन तकलीफ है! मर तो हम लोग रहे हैं जिन्हें रोटियों का ठिकाना नहीं। इस बखत कोई टेनिस खेलता होगा, कोई चाय पीता होगा, कोई ग्रामोफोन लिए गाना सुनता होगा, कोई पारिक की सैर करता होगा, यहां आये पुलिस के कोड़े खाने के लिए? तुमने भी भली कही ?

शंभू-तुम यह सब बातें क्या समझोगे मैकू, जिस काम में चार बड़े आदमी अगुआ होते हैं उसकी सरकार पर भी धाक बैठ जाती है। लौंडों-लफंगों का गोल भला हाकिमों की निगाह में क्या जंचेगा ?

मैकू ने ऐसी दृष्टि से देखा, जो कह रही थी-इन बातों के समझने का ठीका कुछ तुम्हीं ने नहीं लिया है और बोला-बड़े आदमी को तो हमी लोग बनाते बिगाड़ते हैं या कोई और? कितने ही लोग जिन्हें कोई पूछता भी न था, हमारे ही बनाये बड़े आदमी बन गये और अब मोटरों पर निकलते हैं और हमें नीच समझते हैं। यह लोगों की तकदीर की खूबी है कि जिसकी जरा बढ़ती हुई और उसने हमसे आंखें फेरीं। हमारा बड़ा आदमी तो वही है, जो लंगोटी बांधे नंगे पांव घूमता है, जो हमारी दशा को सुधारने के लिए अपनी जान हथेली पर लिये फिरता है। **क्रमशः...**

## ।। चाणक्य नीति ।।

◆◆◆

**जलबिन्दु निपाते क्रमशः पूर्यते घटः।**
**सः हेतुः सर्वविद्यानां धर्मस्य च धनस्य च।।**

जिस प्रकार जल की एक-एक बूंद से धीरे-धीरे पूरा घड़ा भर जाता है, उसी प्रकार एक-एक अक्षर प्रतिदिन पढ़ने से मनुष्य एक दिन विद्वान, एक-एक पैसे जोड़ते रहने से धनवान् और थोड़ा-थोड़ा धर्नानुष्ठान करते रहने से धार्मिक प्रवृत्ति का बन जाता है।

◆◆◆

# इन्हें अपराध से नहीं बल्कि अपराधी के धर्म से नफ़रत है

उत्तरांचल का व्यस्त पर्यटक स्थल नैनीताल पिछले दिनों साम्प्रदायिकतावादियों के निशाने पर आ गया। ख़बरों के अनुसार 12 अप्रैल को नैनीताल में एक 12 वर्षीय नाबालिग़ लड़की के साथ उस्मान नामक एक वृद्ध आयु के आरोपी द्वारा कथित तौर पर बलात्कार



**-निर्मल रानी**

किया गया। पीड़िता की मां द्वारा घटना की रिपोर्ट 30 अप्रैल को मल्लीताल थाने में दर्ज कराई गई। आरोप है कि आरोपी उस्मान स्कूल से आते समय बालिका को बहला फुसलाकर कार में बिठाकर ले गया और उसने कार में ही बच्ची के साथ दरिन्दिगी की। पुलिस द्वारा आरोपी को फ़ौरन गिरफ़्तार कर जेल भेजा जा चुका है । परन्तु प्राथमिकी दर्ज होते ही थाने में ही हिंदूवादी संगठनों की भीड़ इकट्ठी होनी शुरू हो गयी। और उसी दिन देर रात से लेकर अगले दिन 1 मई तक इस घटना के विरुद्ध जो भीड़ द्वारा जो तांडव किया गया। उसकी तो कल्पना भी नहीं की जा सकती थी। उस्मान की दरिन्दिगी का बदला उसके समुदाय के लोगों से लिया जाने लगा। चुन चुनकर मुसलमानों के घरों व दुकानों में आग लगाई जाने लगी। अनेक मस्जिदें तोड़ी गयीं व कई आग के हवाले कर दी गईं। सड़कों पर जुलूस निकालकर समुदाय विशेष के विरुद्ध नारेबाज़ी की गयी।इस घटना का एक अत्यंत सम्प्रदायिकतापूर्ण दुखद पहलू यह भी रहा कि जब हालात को नियंत्रित करने के लिये मल्लीताल थाने में तैनात उत्तराखंड पुलिस के वरिष्ठ सब इंस्पेक्टर मोहम्मद आसिफ़ ख़ान जो ड्यूटी पर तैनात थे, जब वहां पहुंचे तो उन्मादी भीड़ ने उन्हें भी घेर लिया। उनके साथ धक्का-मुक्की की और वर्दी का कॉलर पकड़ कर खींचने की कोशिश की। वे भी वहां प्रदर्शनकारियों की उग्रता का शिकार हो गए। उग्र भीड़ में कुछ लोग उनका नाम पूछते हुए अभद्रता धक्कामुक्की करते देखे गये। भीड़ ने केवल धार्मिक आधार पर उन पर निशाना साधा और उन्हें कोतवाली के अंदर तक घसीट ले गए और कोतवाली में भी हंगामा करते रहे । इस घटना का वीडीओ भी सोशल मीडिया पसर शेयर हुआ और खूब वायरल हुआ। इस घटना का दूसरा प्रभाव यह हुआ कि जो नैनीताल शांति व प्रकृतिक सौदर्य के लिये मशहूर था वह भी साम्प्रदायिकता व अचानक साम्प्रदायिक उपद्रव के नाम से कलंकित हो गया। इतना ही नहीं करोड़ों रूपये का पर्यटन प्रभावित हुआ। और ख़बर तो यह है कि अगले महीने यानी जून तक की बुकिंग अनेक पर्यटकों द्वारा रद्द करा दी गयी । एक ओर तो उपद्रवियों द्वारा एक व्यक्ति की दरिन्दिगी के चलते द्वारा उसके धर्म के लोगों के विरुद्ध जमकर फ़साद किया गया तो दूसरी तरफ़ इसी समाज के लोगों द्वारा उस्मान के विरुद्ध कई कड़े फैसले लिये गए। नैनीताल के मुस्लिम संगठन अंजुमन-ए-इस्लामिया द्वारा उस्मान को मुस्लिम समाज से बहिष्कृत करने का फ़ैसला लिया गया और उसके मस्जिद में प्रवेश पर रोक लगा दी गयी । साथ ही पीड़िता के इलाज से लेकर उसकी शिक्षा तक का पूरा ख़र्च उठाने की घोषणा की गयी। अंजुमन ने यथाशीघ्र आरोपी को सख़्त से सख़्त सज़ा दिलाने की मांग की तथा इस घृणित कार्य की घोर निंदा की व इसे अमानवीय कृत्य बताया। परन्तु इस साम्प्रदायिक उपद्रव ने वही सवाल एक बार फिर खड़ा कर दिया कि क्या किसी एक व्यक्ति के अपराध की सज़ा उसके पूरे धर्म व उसके धर्मस्थलों को दी जा सकती है ? और दूसरा यह भी कि बलात्कार जैसे अपराध पर उपद्रवियों का ग़ुस्सा क्या किसी अन्य समाज से जुड़े आरोपियों पर भी कभी उतरते देखा गया? और तीसरा यह भी कि आख़िर



वह कौन लोग हैं जो समय समय पर बलात्कारियों व हत्यारों के पक्ष में दिखाई देते हैं ? याद कीजिये,इसी उत्तरांचल राज्य में सितंबर 2022 में 19 वर्षीय अंकिता की हत्या एक रिज़ॉर्ट संचालक और भाजपा नेता व पूर्व राज्यमंत्री विनोद आर्य के बेटे पुलकित आर्य, रिज़ॉर्ट मैनेजर सौरभ भास्कर और एक अन्य रिसोर्ट कर्मी अंकित द्वारा कर दी गयी थी। अंकिता विनोद आर्य के स्वामित्व वाले वंतरा रिज़ॉर्ट में रिसेप्शनिस्ट की नौकरी कर रही थी । पुलिस के अनुसार अंकिता को रिसोर्ट के 'विशेष' मेहमानों के साथ 'अनैतिक कार्य' करने के लिए मजबूर किया जा रहा था और जब अंकिता ने इस बारे में मना किया व इस घटना को दूसरों को बताने की बात कही तो उसकी हत्या कर दी गई। हत्या के बाद अंकिता का शव ऋषिकेश- हरिद्वार मार्ग पर चीला शक्ति नहर के पावर हाउस के पास बरामद किया गया है। उस समय हत्यारे पुलकित का भाई अंकित भी उत्तराखंड में अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग का उपाध्यक्ष था। यह पूरा परिवार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़ा है। अंकिता भी उत्तरांचल की ही बेटी थी और पौड़ी गढ़वाल के डोम श्रीकोट की रहने वालीं थीं। इस घटना के बाद न तो किसी भीड़ का खून खौला न कोई हिंदूवादी संगठन सड़कों पर उतरते नज़र आया ? आख़िर क्यों? हाँ महिला अस्मिता के इन साम्प्रदायिकतावादी उपद्रवियों की भीड़ उस समय हत्यारों और बलात्कारियों के पक्ष में ज़रूर खड़ी दिखाई दी थी जब 2018 में कश्मीर में आठ साल की मासूम बच्ची असिफ़ा के साथ सामूहिक बलात्कार और हत्या की घटना अंजाम दी गयी थी। और कई दिनों तक कई लोगों द्वारा मंदिर परिसर के एक कमरे में मंदिर के पुजारी सहित अनेक लोगों द्वारा उसका बलात्कार करने के बाद उसका शव झाड़ियों में फ़ेंक दिया गया था। उस समय राज्य में भाजपा व पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की गठबंधन सरकार थी। पुलिस द्वारा आसिफ़ा की मौत व बलात्कार के सिलसिले में एक सेवानिवृत्त सरकारी अधिकारी, चार पुलिस अधिकारियों और एक किशोर सहित आठ लोगों को गिरफ़्तार किया गया था। मगर देश का इतिहास याद रखेगा कि इन आरोपियों की गिरफ़्तारी ने साम्प्रदायिक रूप ले लिया। भाजपा सहित अनेक हिंदूवादी संगठन जम्मू में विरोध प्रदर्शन करने लगे। हिंदूवादी वकीलों द्वारा आरोप पत्र दायर करने के लिए पुलिस को अदालत में प्रवेश करने से रोकने की कोशिश की गयी।

## प्रेरक प्रसंग

### धन सफलता प्रेम

एक दिन एक औरत अपने घर के बाहर आई और उसने तीन संतों को अपने घर के सामने देखा। वह उन्हें जानती नहीं थी। औरत ने कहा कृपया भीतर आइये और भोजन ...करिये।
संत बोले क्या तुम्हारे पति घर पर हैं?
औरत ने कहा नहीं, वे अभी बाहर गए हैं।
संत बोले हम तभी भीतर आयेंगे जब वह घर पर हों।
शाम को उस औरत का पति घर आया और औरत ने उसे यह सब बताया।
औरत के पति ने कहा जाओ और उनसे कहो कि मैं घर आ गया हूं और उनको आदर सहित बुलाओ।
औरत बाहर गई और उनको भीतर आने के लिए कहा।
संत बोले हम सब किसी भी घर में एक साथ नहीं जाते।
पर क्यों? औरत ने पूछा।
उनमें से एक संत ने कहा मेरा नाम धन है फिर दूसरे संतों की ओर इशारा कर के कहा इन दोनों के नाम सफलता और प्रेम हैं। हममें से कोई एक ही भीतर आ सकता है। आप घर के अन्य सदस्यों से मिलकर तय कर लें कि भीतर किसे निमंत्रित करना है।
औरत ने भीतर जाकर अपने पति को यह सब बताया। उसका पति बहुत प्रसन्न हो गया और बोला यदि ऐसा है तो हमें धन को आमंत्रित करना चाहिए। हमारा घर खुशियों से भर जाएगा।
लेकिन उसकी पत्नी ने कहा मुझे लगता है कि हमें सफलता को आमंत्रित करना चाहिए।
उनकी बेटी दूसरे कमरे से यह सब सुन रही थी। वह उनके पास आई और बोली मुझे लगता है कि हमें प्रेम को आमंत्रित करना चाहिए। प्रेम से बढ़कर कुछ भी नहीं है।
तुम ठीक कहती हो, हमें प्रेम को ही बुलाना चाहिए उसके माता-पिता ने कहा।
औरत घर के बाहर गई और उसने संतों से पूछा आप में से जिनका नाम प्रेम है वे कृपया घर में प्रवेश कर भोजन ग्रहण करें।
प्रेम घर की ओर बढ़ चले। बाकी के दो संत भी उनके पीछे चलने लगे। औरत ने आश्चर्य से उन दोनों से पूछा मैंने तो सिर्फ़ प्रेम को आमंत्रित किया था। आप लोग भीतर क्यों जा रहे हैं?
उनमें से एक ने कहा यदि आपने धन और सफलता में से किसी एक को आमंत्रित किया होता तो केवल वही भीतर जाता। आपने प्रेम को आमंत्रित किया है। प्रेम कभी अकेला नहीं जाता। प्रेम जहां-जहां जाता है, धन और सफलता उसके पीछे जाते हैं।

## आपका पत्र मिला

### आतंकियों के खिलाफ अब कोई ढिलाई न बरतें

आखिरकार वह समय आ गया जब भारतीय सेना ने रात्रि 1:00 बजे से 1:30 के बीच ऑप्रेशन सिंदूर चला कर, पाकिस्तान के 9 आतंकवादियों के ठिकानों पर एयर स्ट्राइक कर, धूल धूसरित कर दिया है। पहलगाम में आतंकी घटना के ठीक 15 दिन बाद भारत ने पाक के में घुसकर व खुलकर ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया है। इस ऑपरेशन में जैश-ए-मोहम्मद के प्रमुख मौलाना मसूद अजहर के परिवार के 14 सदस्य मारे गए। कई आतंकी प्रमुख व सरगना तथा आतंकवादी नरकीय यात्रा कर रहे हैं। ये शैतान अपने कैंपों में आतंकवादियों को प्रशिक्षण देकर, भारत में निर्दोष व निहत्थे लोगों को कायरों की भांति छुप-छुपकर कर मारते थे। इन्होंने कई परिवारों को उजाड़ा है। कितनों को ही दुःख दर्द दिया है। भारत की इस कार्रवाई से जो आतंकी परिजन जिंदा है, वे जाने की आखिर दर्द क्या होता है। दूसरों को दर्द देने वाले को दर्द का एहसास तभी होता है, जब उसकी कड़वी दवा उसी को पिलाई जाएं, जो आप्रेशन सिंदूर के माध्यम से पिलाई गई है। मानव जीवन बड़े नसीब से मिलता है। लेकिन ये शैतान मानव जीवन का महत्व ही क्या समझते हैं। ये शैतान इस जीवन की न तो अहमियत समझते हैं, न मानव जीवन का आनंद लेना जानते हैं। अब भारत को हाफिज सईद व मसूद अजहर जैसे बड़े-बड़े शैतानों को ठिकाने लगाना होगा। साथ ही बदला पूरा हुआ कहकर बड़े हुए कदम रूकना नहीं चाहिए। भारत को सीमा की अतिरिक्त सुरक्षा के साथ-साथ आतंकवादियों को मिट्टी में मिलाओं का सिलसिला थमना नहीं चाहिए। पाकिस्तान में जितने भी आतंकवादी ठिकाने हैं, सभी को चुन-चुन कर नेस्तनाबूद करना होगा, वरना ये खटमल की औलादें पुनः खून पीने हेतु खड़ी हो जाती है। इसलिए अब कोई ढिलाई बरतना नहीं चाहिए। जय हिंद, जय भारत की सेना।

**हेमा हरि उपाध्याय,'अक्षत'**
**वाया ई-मेल**

**इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।**
आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं। **संपादक,**
**स्वतंत्र भारत**
**1, जॉपलिंग रोड,**
**लखनऊ-226001**
**E-mail : swatantrabharat77@gmail.com**

# लहंगे में हो स्किन टोन

जब भी स्टाइलिश दिखने की बात होती है, तो हम सभी ट्रेंड के पीछे भागते हैं। लेकिन जरूरी नहीं होता है कि एक ही ट्रेंड सभी पर फिट बैठे। अगर आप किसी खास मौके पर लहंगा पहनने का मन बना रही हैं, तो सिर्फ ट्रेंड को फॉलो करते हुए कलर कॉम्बिनेशन नहीं चुनना चाहिए। बल्कि ऐसे रंगों का चुनाव करना चाहिए, जो आपकी स्किन टोन के साथ फिट बैठे। जिससे आपके लुक में निखार आए।

बता दें कि अगर आप बिना सोचे समझे लहंगे के कलर कॉम्बिनेशन को पहनती हैं, तो यह आपके पूरे लुक को बिगाड़ सकता है। हालांकि लहंगे के कलर कॉम्बिनेशन के ऑप्शन में कोई कमी नहीं है। इसके लिए जरूरी है कि आप अपने लिए सही कलर कॉम्बिनेशन चुनें। हर स्किन टोन का अपना कलर होता है, जो उनपर अच्छा लगता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि स्किन टोन के आधार पर आप लहंगे के कलर के किन कॉम्बिनेशन का चुनाव कर सकती हैं।

**फेयर स्किन टोन**

अगर आपकी रंगत फेयर है तो आप लाइट और डार्क शेड्स दोनों ही पहन सकती हैं। हालांकि कुछ रंग आपकी रंगत को फीका दिखा सकते हैं। इसलिए आपको बहुत ज्यादा क्रीम, बेज या फिर सुपर ब्राइट नियॉन शेड्स से बचना चाहिए। फेयर स्किन टोन के लिए आपको मैरून, डीप पर्पल, नेवी, लैवेंडर, एमरेल्ड ग्रीन, रॉयल ब्लू, ब्लश पिंक, पीच, आइसी ब्लू और पाउडर पिंक या फिर गोल्ड व सिल्वर कलर पहनना चाहिए। इसमें आप बहुत ज्यादा खूबसूरत नजर आएंगी। वहीं अगर आप परफेक्ट कलर कॉम्बिनेशन वाला लहंगा पहनना चाहती हैं, तो आप एमरेल्ड ग्रीन के साथ गोल्ड, सिल्वर, डीप ब्लू या फिर ब्लश पिंक के अलावा रोज गोल्ड पहन सकती हैं।

**मीडियम स्किन टोन**

मीडियम स्किन टोन एक बेहद वर्सेटाइल स्किन टोन है। इसके कलर कॉम्बिनेशन में आपके पास ऑप्शन की कमी नहीं होगी। इस स्किन टोन वाली महिलाएं ऑलिव ग्रीन, रूबी रेड, मिंट ग्रीन, मस्टर्ड, डीप रेड, डस्की पिंक जैसे कलर्स कैरी कर सकती हैं। प्रयास करें कि आप अधिक लाइट पेस्टल शेड्स या फिर नियॉन ग्रीन, नियॉन येलो जैसे रंगों को इग्नोर करें। अगर आप लहंगे में कलर कॉम्बिनेशन पहनना चाहती हैं, तो आप रॉयल ब्लू के साथ सिल्वर, डीप रेड के साथ गोल्ड या फिर ऑलिव ग्रीन के साथ ब्रॉन्ज जैसे कलर्स को साथ में पेयर कर सकती हैं।

**डस्की स्किन टोन**

इस स्किन टोन वाली महिलाएं ब्राइट और बोल्ड कलर्स को अपने स्टाइल का हिस्सा बना सकती हैं। ऐसे में आप कोबाल्ट ब्लू, ब्राइट रेड, हॉट पिंक, मैजेंटा, टैंगरीन से लेकर चॉकलेट ब्राउन, मस्टर्ड, डीप ग्रीन या एमरेल्ड को अपने रूटीन में शामिल कर सकती हैं। डस्की स्किन टोन वाली महिलाएं बेबी पिंक, बेज, पाउडर ब्लू, ग्रे और सिल्वर जैसे शेड्स अच्छे नहीं लगते हैं। आप डीप ग्रीन के साथ कॉपर, मैजेंटा के साथ गोल्ड या फिर रस्ट ऑरेंज के साथ बेज कलर को कैरी कर सकती हैं।

**रिच मरून और गोल्डन लहंगा**

मरून और गोल्डन का कॉम्बिनेशन हमेशा से क्लासिक और रॉयल लुक देने वाला रहा है। यह पारंपरिक रंग शादी में शाही लुक पाने के लिए परफेक्ट है। गोल्डन ज़री और एंब्रॉयडरी के साथ मरून लहंगा, आपको ट्रेडिशनल के साथ-साथ स्टाइलिश लुक भी देगा। इस रंग के लेटेस्ट कलेक्शन कई डिजाइनर ने निकाले हैं। जिसमें मनीष मल्होत्रा भी शामिल हैं।

**पेस्टल लवेंडर कलर का लहंगा**

अगर आप उन लड़कियों में हैं जो डार्क कलर पसंद नहीं करती हैं तो पेस्टल लवेंडर कलर का लहंगा चुन सकती हैं।2025 में पेस्टल शेड्स का क्रेज बढ़ने वाला है, और खासकर लवेंडर रंग दुल्हनों के बीच खूब पसंद किया जाएगा। यह रंग सॉफ्ट और सटल लुक के लिए परफेक्ट है। लवेंडर लहंगे पर हल्की फ्लोरल एम्ब्रॉइडरी और पर्ल वर्क इसे और भी आकर्षक बनाएंगे।

**इलेक्ट्रिक ब्लू**

अगर आप अपने ब्राइडल लुक में कुछ बोल्ड और यूनिक चाहती हैं, तो इलेक्ट्रिक ब्लू लहंगा आपके लिए परफेक्ट रहेगा। यह रंग आपको फ्यूजन और मॉडर्न लुक देगा। सिल्वर और ब्लू का कॉम्बिनेशन इस लहंगे में चार चांद लगाएगा और आपको हर किसी की नजरों का सेंटर ऑफ अट्रैक्शन बना देगा।

**ब्राइट पीच और पिंक**

पीच और पिंक का ब्राइट कॉम्बिनेशन दुल्हनों के बीच हमेशा से हिट रहा है। 2025 में इस कॉम्बिनेशन को और भी अधिक पसंद किया जाएगा, खासकर अगर इसे फ्लोरल मोटिफ्स और ग्लिटर वर्क के साथ डिज़ाइन किया जाए। यह रंग आपकी स्किन टोन को ग्लो देगा और आपको बिल्कुल फ्रेश और यूथफुल लुक में पेश करेगा।

लहंगा के साथ फॉलो करें से स्टाइल टिप्स

मैचिंग ज्वेलरी-लहंगे के रंग के अनुसार ज्वेलरी चुनना बेहद महत्वपूर्ण है। मेटालिक सिल्वर के साथ डायमंड या कुंदन, और मरून के साथ गोल्डन ज्वेलरी बहुत अच्छा लगेगा।



**मेकअप-** लहंगे के रंग के अनुसार मेकअप भी जरूरी है। पेस्टल लहंगे के साथ नैचुरल और ग्लॉसी मेकअप करें, जबकि ब्राइट और बोल्ड लहंगे के साथ डार्क लिप्स और स्मोकी आइज़ चुनें। अपनी शादी में हर लड़की सबसे सुंदर दिखना चाहती हैं। इन कलर को आप अपने बकेट लिस्ट में शामिल करके अभी से सर्च अभियान चलाएं। दिल्ली के चांदनी चौक में आपको एक से बढ़कर एक लहंगा कम कीमत में मिल जाएंगी। लेकिन अगर आप डिजाइनर लहंगा चाहती हैं तो हर जगह बड़े डिजाइनर का स्टोर मौजूद होता है। आप चाहें तो कस्टमाइज भी लहंगा करा सकती हैं इन कलर में।

# सफेद बालों को दें नैचुरल कलर

हले जहां बढ़ती उम्र के चलते बाल सफेद होते थे लेकिन अब बिगड़े लाइफस्टाइल और गलत खान-पान के चलते कम उम्र में ही बाल सफेद होने लगे हैं और इन सफेद बालों को छिपाने के लिए हेयर कलर करने का ट्रेंड आम ही हो गया है। बाल सफेद ना भी हो तब भी बालों को अलग टेक्सचर देने के लिए कलर करवाया जाता है लेकिन कैमिकल से भरे ये हेयर कलर आपकी स्किन को भी नुकसान पहुंचाते हैं और ये काफी महंगे भी होते हैं। इसकी जगह पर आप कुछ देसी टिप्स फॉलो करके बालों को नैचुरल कलर दे सकते हैं चलिए उन्हीं के बारे में आपको बताते हैं।



**मेहंदी और तेजपत्ता**

ये दोनों ही वनस्पतियां बालों के रंग को गहरा करती हैं। जो लोग बालों को बरगंडी कलर देना चाहते हैं वो भी मेहंदी बालों में लगाते हैं। मेहंदी की तासीर ठंडी होती हैं गर्मियों में इसे लगाना स्कैल्प के लिए भी बढ़िया माना जाता है।

**तरीका :** आधा कप सूखी मेहंदी और तेजपत्ते में दो कप पानी मिला कर उबालें। इस मिश्रण को कुछ देर तक रखा रहने दें। फिर बालों को शैंपू करने के बाद इस लेप को अप्लाई कर लें और आधे से एक घंटा लगाए रखें इससे अच्छा और नैचुरल रंग आएगा।

**चाय पत्ती या कॉफी**

चाय पत्ती का पानी और कॉफी भी बालों को नैचुरल ब्राउन बनाए रखती हैं।

**तरीका :** पानी में चाय की पत्ती या कॉफी पाउडर डाल कर उसे 10 मिनट तक उबालें। बालों का रंग नैचुरल डार्क ब्राउन रखने के लिए चाय की पत्ती का प्रयोग कर लें और भूरा बनाए रखने के लिए कॉफी पाउडर का इस्तेमाल करें। पानी ठंडा होने पर इस पानी बालों में लगाएं और 1 घंटे बाद बाल ताजे धो लें।

**मेहंदी (हिना) और इंडिगो**

मेहंदी बालों को प्राकृतिक रूप से लाल-भूरे रंग में रंगने के लिए इस्तेमाल होती है। इंडिगो को अगर मेहंदी के साथ मिलाकर लगाया जाए, तो इससे बालों को काला या गहरा भूरा रंग मिल सकता है।

**तरीका :** मेहंदी का पेस्ट बनाएं, इसे बालों में लगाएं और 2-3 घंटे के लिए छोड़ दें। फिर बाल धो लें। इसके बाद इंडिगो का पेस्ट बनाएं और इसे बालों में लगाएं। इसे 1-2 घंटे के लिए छोड़ दें और फिर धो लें।

**आंवला और शिकाकाई**

आंवला और शिकाकाई बालों को प्राकृतिक रूप से गहरा करने में मदद कर सकते हैं। आंवला आपके बालों को काला भी करता है और घना भी।

**तरीका :** आंवला पाउडर को पानी में मिलाकर पेस्ट बनाएं और इसे बालों में लगाएं। इसे लगभग 1 घंटे के लिए छोड़ दें और फिर बालों को धो लें।


चुकंदर और गाजर का रस अगर आप अपने बालों में लाल रंग चाहते हैं, तो चुकंदर और गाजर के रस का उपयोग कर सकते हैं। तरीकाः दोनों का रस मिलाकर बालों में लगाएं और 1 घंटे के लिए छोड़ दें। फिर बाल धो लें।

**कैमोमाइल फूल हर्ब्स**

कैमोमाइल फूल हल्के सुनहरे बालों के लिए अच्छा विकल्प हो सकता है। कैमोमाइल चाय को पानी में उबालें और इसे बालों में लगाएं। 1 घंटे बाद बालों को ताजे पानी से धो लें। याद रखिए ये सभी प्राकृतिक तरीके हैं और इनमें कोई केमिकल नहीं होते, लेकिन परिणाम धीरे-धीरे आते हैं और नियमित उपयोग की आवश्यकता हो सकती है।

# गर्मी में कूल और क्लासी लुक देंगी हैट

गर्मियों में धूप से बचाव के लिए हैट और कैप पहनना न केवल स्टाइलिश होता है, बल्कि स्किन की सुरक्षा के लिहाज़ से भी बेहद ज़रूरी है। तेज धूप से चेहरे को बचाने के लिए सही टोपी का चुनाव और उसे सही तरीके से पहनना आपको ङ्क किरणों से सुरक्षित रख सकता है। आइए जानते हैं, गर्मी में कौन सी हैट्स बेस्ट हैं, और इसे कैसे स्टाइल का हिस्सा बना सकते हैं।



**वाइड ब्रिम हैट**

वाइड ब्रिम हैट गर्मियों के लिए सबसे बेहतरीन और स्टाइलिश विकल्पों में से एक है। यह न सिर्फ चेहरे को धूप से बचाती है, बल्कि गर्दन और कानों तक भी छाया देती है। समर आउटफिट्स के साथ यहबहुत सुंदर और एलीगेंट दिखती है। इसे बीच, गार्डन पार्टी या वेकेशन पर पहना जा सकता है।

**बेसबॉल कैप**

यह आज के समय की सबसे पॉपुलर और स्टाइलिश हेडगियर में से एक है, जो आपके कैजुअल लुक को भी सुपर कूल बना देती है। यह लड़के और लड़कियों दोनों के लिए यूनिसेक्स ऑप्शन है। इसकी खास आत यह है कि ये जीन्स-टीशर्ट, कुर्ती, शर्ट, सभी के साथ सूट कर जाती है। रोज़ाना की आउटिंग या वॉक के लिए यह एकदम परफेक्ट है।

**बकेट हैट**

कॉटन, लिनन या नायलॉन से बनी यह हैट हल्की और सांस लेने लायक होती है। इसके चारों और ब्रिम होता है जो अच्छी तरह छाया देता है। कैजुअल आउटिंग्स, ट्रैवल, या समर वेकेशंस के लिए यह एक शानदार ऑप्शन है।

**सन हैट**

यह खासतौर पर महिलाओं, बच्चों और बीच या आउटडोर एक्टिविटीज़ पसंद करने वालों के बीच बेहद पॉपुलर है। सन हैट एक एलिगेंट, रॉयल और वेकेशन वाइब देता है। हॉलिडे, ट्रेकिंग, हिल स्टेशन, बीच, फार्महाउस जैसी जगहों के लिए आप इसे कैरी कर सकते हैं।

**स्पोर्ट्स कैप**

यह हैट उन लोगों के लिए परफेक्ट है जो रनिंग, वॉकिंग, जिमिंग या किसी भी आउटडोर एक्टिविटी में रुचि रखते हैं। टी-शर्ट और ट्रैक पैंट के साथ स्पोर्ट्स हैट आपके लुक को फुर्तीला और फिटनेस-फ्रेंडली बना देगी। यह खासतौर पर उन लोगों के लिए फायदेमंद है जो खुले बालों में वर्कआउट करते हैं।

**हैट को लेकर स्टाइलिंग टिप्स**

कैज़ुअल आउटफिट (टी-शर्ट + जींस) के साथ बेसबॉल कैप एकदम कूल लुक देता है।

# तैयार होते वक्त इन बातों का जरूर रखें ध्यान

ज्यादातर लोगों को ऐसा लगता है कि बड़े-बड़े ब्रांड के कपड़े पहनने से लुक स्टाइलिश और क्लासी दिखता है। जबकि ऐसा नहीं है। कई बड़े सिलेब्स ऐसे भी हैं, जो भले ही महंगे कपड़े पहन लेते हैं, लेकिन फिर भी उनका लुक अजीब ही दिखता है।ये हकीकत है कि स्टाइलिश दिखने के लिए आपको महंगे ब्रांड की नहीं, बल्कि बस कुछ बातें ध्यान रखने की जरूरत है। अगर आप अपने कपड़ों को सही से स्टाइल करेंगे तो आपका लुक क्लासी दिखेगा। हर कोई आपसे आपके स्टाइलिस्ट का पता पूछेगा। यदि आप कम बजट में स्टाइलिश दिखना चाहते हैं, तो यहां हम आपको कुछ टिप्स देने जा रहे हैं। जिनको फॉलो करने के बाद आपका लुक क्लासी दिखेगा।



**जरूरी नहीं है ब्रांड पहनना**

अक्सर लोगों को लगता है कि सिर्फ बड़े ब्रांड के कपड़े पहनकर वो स्टाइलिश दिखेंगे। जबकि ऐसा नहीं है। ये जरूरी नहीं है कि कपड़े ब्रांडेड हों, बस आपके कपड़े अलग और जगह के हिसाब से होने चाहिए। कोशिश करें कि अपने कपड़ों को अपने हिसाब से तैयार कराएं।

**कलर का रखें ध्यान**

एक समय था जब लोग चटक रंग के कपड़े पहनते हैं, लेकिन अब फैशन बदल गया है। आज के समय में लोग हल्के रंग पहनना पसंद करती है। न्यूड और पेस्टल रंग लड़के और लड़कियों दोनों को पसंद आते हैं। ऐसे में अपने वार्डरोब में सफेद, बेज, क्रीम, ब्लैक, ग्रे, ब्लू, कैमल ब्राउन, पिंक रंग अवश्य शामिल करें।

**मौसम के हिसाब से हो फैब्रिक**

अगर आप मौसम के हिसाब से आउटफिट के फैब्रिक का चयन नहीं करेंगे, तो इससे आपका लुक खराब दिख सकता है। ऐसे में ध्यान रखें कि जिस मौसम के लिए आउटफिट खरीद रहे हैं, वो उसके अनूकूल हो। गर्मी के मौसम में आप ऑर्गेंजा, लिनेन कॉटन और टिश्यू फैब्रिक का चयन कर सकते हैं। इसके साथ सर्दी के मौसम में ऊनी, वेल्वेट और सिल्क फैब्रिक का चयन कर सकते हैं।

**महिलाओं का बैग होना चाहिए सही**

पहले अब महिलाओं के बारे में बात करते हैं कि उन्हें अपना आउटफिट कैसे स्टाइल करना है। आजकल बड़े बैग कैरी करने का फैशन नहीं है। आजकल के हिसाब से आपको छोटे साइज का बैग कैरी करना है। बस ध्यान रखें कि आपका बैग अच्छी क्वालिटी का होना चाहिए। खराब क्वालिटी का बैग आपका लुक बिगाड़ सकता है।

**मेकअप हो लाइट**

आजकल हैवी मेकअप करने का ट्रेंड नहीं है। ऐसे में हर आउटफिट के साथ न्यूड मेकअप का चयन करें। आजकल तो लड़कियां शादी तक में न्यूड मेकअप का चयन करती हैं। अगर आपको न्यूड शेड नहीं पसंद है तो लाइट पिंक शेड का चयन करें।

**लड़के रखें इन बातों का ध्यान**

पुरुष तैयार होते वक्त इस बात का ध्यान रखें कि आपके अच्छी तरह से साफ होने चाहिए। इसके साथ-साथ आप हाथ में एक घड़ी अवश्य पहनें। अपने कपड़ों का चयन जगह के हिसाब से करें, ताकि लोग आपसे लुक से इंप्रेस हो जाएं। इसके साथ-साथ अपने बालों और दाढ़ी को भी सही से सेट करें।



-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

**दैनिक पंचांग लखनऊ**
**बृहस्पतिवार, 8 मई 2025**

श्री शुभ सम्वत् 2082 शके 1947 श्री सूर्य उत्तर अयने पृथ्वी उत्तर गोलगते बसंत ऋतौ वैशाख मासोमते शुक्ल पक्षे , एकादशी तिथौ गुरु वासरे 12/30/ उत्तर फाल्गुनी नक्षत्रे 21/07/ हर्षण योग 25/57/ भद्रा करणे 12/30/ कन्या राशिगत चन्द्रमा घं.मि.पर।

**व्रत एवं त्यौहार-** भद्रा समाप्त घं.11 मि24पर। मोहिनी एकादशी व्रत।

**मेष :** कार्य व्यापार में सुधार होगा। इच्छित कार्य पूर्ति होगी। पुराने मित्रों से भेंट होगी। चिंता जनक समाचार होगा।

**वृष :** संचित कोष में वृद्धि होगी। रोजी रोजगार सामान्य रहेगा। मनोकूल वातावरण रहेगा। न सम्पर्कों पर व्यय होगा।

**मिथुन :** शुभ समाचारों की प्राप्ति होगी। अनावश्यक बहाने बाजी से बचे। यश बढ़ेगा। निर्माण कार्यों की योजनाएं बनेंगी।

**कर्क :** आत्मीय जनों का सानिध्य मिलेगा। कार्य व्यापार का बोझ रहेगा। नया निवेश अवसर बनेगा । संतति पक्ष की चिंता रहेगी।

**सिंह :** रुका धन वापस मिलेगा। विभिन्न क्षेत्रों से आए वृद्धि के प्रयास सफल होंगे। नौकरी में वातावरण आपके अनुकूल रहेगा ।

**कन्या :** आर्थिक व्यापारिक क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल होगी। संक्षिक प्रगति होगी। श्रम का प्रतिफल मिलेगा।

**तुला :** प्रभुत्व वृद्धि होगी। जनसंपर्क में वृद्धि होगी। प्रमाद त्यागे। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। उधार लेने देने से बर्षे।

**वृश्चिक :** आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। यश कीर्ति में वृद्धि। संबंधों में निकटता होगी। धन आगमन व संचय।

**धनु :** वराजनीतिक योजना को बल मिलेगा। पद प्रतिष्ठा की दिशा में लाभ मिलेगा। सामाजिक प्रभाव बढ़ेगा।

**मकर :** व्यक्ति विशेष के कारण समस्या आ सकती है। चली आ रही समस्या का समाधान होगा। सावधानी रखें।

**कुंभ :** आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। यात्रा की स्थिति सगत रहेगी। संयम। शिरोव्यथा व उदर व्याधि भय रहेगा।

**मीन :** उपहार आदि का लाभ । गृह कलह से अशांति रहेगी। पूर्व संकल्पित कार्य पूरे होंगे। योजनाएं पूर्ण होंगी।

# नए जमाने के हिसाब से खरीदें ज्वेलरी

ज्वेलरी सिर्फ एक आभूषण नहीं, भावनाओं की खनक और चमक भी होती है। यह न केवल खूबसूरती में चार चांद लगाती है, बल्कि परंपरा, परिवार और रिश्तों की भी पहचान होती है। लेकिन सोने के आभूषण खरीदना कोई सामान्य खरीदारी नहीं है, बल्कि एक इन्वेस्टमेंट है। ऐसे में यह जरूरी है कि आप अपनी पसंद, मौजूदा ट्रेंड और बजट- तीनों का संतुलन साधते हुए आभूषण खरीदें। चूड़ी, पायल, झुमका और अन्य भारतीय आभूषण हमारी सांस्कृतिक धरोहर का अहम हिस्सा हैं।



**झुमके की सुंदरता-** झुमका भारतीय महिलाओं के ज्वेलरी बॉक्स का एक अनमोल हिस्सा है, जिसकी चमक सदियों से बरकरार है। यह पारंपरिक कान की बालियों का एक ऐसा प्रकार है, जो न केवल पहनने वाली महिला की सुंदरता में चार-चांद लगाता है, बल्कि भारतीय सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक भी बन चुका है। झुमका खासतौर पर भारतीय त्योहारों, पारिवारिक आयोजनों और शादी-विवाह जैसे भव्य अवसरों पर पहना जाता है। इसकी डिजाइन में जो भव्यता और नजाकत है, वह इसे एक अलग ही पहचान देती है। खास बात यह है कि झुमका न केवल पारंपरिक लुक देता है, बल्कि आज के फैशन ट्रेंड्स का हिस्सा भी नजर आता है। गोल्ड झुमके खासतौर पर भारतीय आभूषण के बेहद अहम और शाही हिस्सा माने जाते हैं। ये झुमके आमतौर पर बड़े आकार के होते हैं और इनमें बारीक कारीगरी के साथ रत्न, कुंदन, मोती या अन्य कीमती पत्थरों की सजावट की जाती है। शादी के मौके पर दुल्हन के गहनों में गोल्ड झुमके अहम होते हैं।

**प्रेम और विश्वास का मंगलसूत्र**

मंगलसूत्र वैवाहिक जीवन की खुशहाली का प्रतीक माना जाता है। भारतीय परंपरा में मंगलसूत्र केवल एक आभूषण नहीं है, बल्कि यह वैवाहिक जीवन की अखंडता, प्रेम और विश्वास का प्रतीक माना जाता है। विशेष त्योहारों पर इसे खरीदना न सिर्फ धार्मिक रूप से शुभ होता है, बल्कि यह दांपत्य जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार भी करता है।

**चूड़ी की खनक**

चूड़ी के ट्रेंड पर बात करें तो इस समय सोने?और चांदी की चूड़ियां बहुत पसंद की जा रही हैं। सोने की चूड़ी पारंपरिक और शाही लुक देती है। इसमें विभिन्न डिजाइन होते हैं, जो आकार में मोटे या पतले होते हैं। पीले सोने में वाइट गोल्ड मिलाकार जालीदार डिजाइन की लाइटवेट चूड़ी आजकल बनाई जा रही है, जिन्हें महिलाएं सबसे ज्यादा पसंद कर रही हैं।

**नथ और बिछुए**

नथ और बिछुए भारतीय स्त्रियों के पारंपरिक शृंगार का अहम हिस्सा माने जाते हैं। त्योहारों के अवसर पर इन आभूषणों को खरीदना सौभाग्यवर्धक और मंगलकारी माना जाता है, खासकर उत्तर भारत, बिहार और झारखंड जैसे क्षेत्रों में नथ और बिछुए की खास मांग देखी जाती है। ऐसे में आप इन्हें चांदी से लेकर सोने तक में बनवा सकती हैं।

## खबर एक नजर

### नित्य क्रिया के लिए गई महिला से उसके जेठ ने की छेड़खानी

**रायबरेली।** जगतपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उसका जेठ आए दिन छेड़खानी करता है। बुधवार को जगतपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया है। कि उसका पति भठ्ठे पर रहकर मजदूरी का कार्य करता है। वह अपनी बेटी के साथ घर में रहती है। कल देर शाम वह नित्य क्रिया के लिए गांव से बाहर की तरफ गई थी तभी सुनसान जगह मौका पाकर उसका जेठ उसका हाथ पकड़ कर छेड़खानी करने लगा वही महिला के शोर शराबा के बाद जब तक ग्रामीण मौके पर पहुंचे तब तक छेड़खानी करने वाला जेठ मौके से फरार हो गया। महिला का आरोप है। कि जेठ उसके साथ आए दिन छेड़खानी करता है। पीड़िता ने थाने में तहरीर देकर अपने ही जेठ को नाम जद किया है। जब इस बाबत जगतपुर थानेदार अजय कुमार राय से बात की गई तो उन्होंने बताया की तहरीर मिली है। जांच कराई जाएगी।

### सेना के शौर्य का किया नमन

**रायबरेली।** ऑपरेशन सिंदूर को लेकर क्षेत्र में जश्न का माहौल है। भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान और पीओके में आतंकियों के नौ ठिकानों पर स्ट्राइक किए जाने पर लोगों ने जश्न मनाया । तहसील परिसर में अधिवक्ताओं ने भारत माता का जयकारा लगाया और सेना के सामर्थ को नमन किया। ज्ञात हो कि बीती आधी रात को जब देश के लोग सो रहे थे, उस समय भारतीय सेना ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान के आतंकवादियों के कैंप पर स्ट्राइक कर नौ आतंकियों के अड्डे को मिट्टी में मिलाने का काम किया गया। पहलगाम में आतंकी हमले में भारतीय महिलाओं का सिंदूर उजाड़ने वाले आतंकियों के लिए भारत का सिंदूर भारी पड गया। सुबह जब लोग सोकर उठे तो उन्हें यह खबर मिली । उसके बाद हर कोई एक दूसरे को बधाई देने लगा। बुधवार की सुबह जब तहसील कार्यालय खुला तो तहसील बार एसोसिएशन द्वारा एक जश्न का आयोजन किया गया। अधिवक्ताओं ने तहसील में भारत माता की जय और जय जवान के नारे लगाए तथा एक दूसरे को बधाई दी। इस मौके पर अध्यक्ष राकेश उपाध्याय ने कहा कि पूरा भारत एक है और हमारी सेना दुश्मन का खात्मा करने में सक्षम है। इस मौके पर प्रमुख रूप से शिव गोपाल सिंह, दिनेश त्रिपाठी, धर्मेश पाठक, रज्जन मिश्र, सीके शुक्ल, शिव जी पांडेय, चंद्रमणि त्रिपाठी, गोपाल द्विवेदी सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद थे।

### तेज आंधी के साथ हुई बरसात, आम को नुकसान

**रायबरेली।** मंगलवार की रात ऊंचाहार पूरे क्षेत्र में तेज आंधी के साथ बरसात हुई है। जिससे जहां एक ओर आम के फलों को भारी नुकसान हुआ है, वहीं दूसरी ओर बिजली व्यवस्था ध्वस्त हो गई। पूरे क्षेत्र में बीती रात आई तेज आंधी और बारिश से भारी नुकसान हुआ है। सबसे ज्यादा नुकसान आम की फसल को पहुंचा है। तेज हवाओं के कारण पेड़ों से अधपके आम गिर गए। कई पेड़ों की डालियां भी टूट गईं। इस प्राकृतिक आपदा से बड़े बड़े बागों में आम पेड़ से गिरकर जमीन पर फैल गए। इसके अलावा सब्जियों को भी नुकसान पहुंचा है। किसानों का कहना है कि उनकी महीनों की मेहनत बर्बाद हो गई है। दूसरी ओर तेज आंधी के कारण पूरे क्षेत्र की विद्युत वितरण व्यवस्था चौपट हो गई। विद्युत लाइनों पर पेड़ की टहनियां गिर गई। ऊंचाहार क्षेत्र के जमुनापुर उपकेंद्र की आपूर्ति रात करीब तीन बजे ठप हुई थी। जो बुधवार को दोपहर 12 बजे बहाल हुई है।

### गांजा तस्करी में अंकुश लगा पाने में नाकाम उपनिरीक्षक समेत चार निलंबित

**रायबरेली।** ऊंचाहार क्षेत्र में फैले गांजा व्यापार के नेटवर्क को मिल रहे पुलिसिया संरक्षण पर अब एसपी ने चाबुक चलाया है। उन्होंने ऊंचाहार कोतवाली में तैनात एक उपनिरीक्षक समेत चार पुलिस कर्मियों को निलंबित करते हुए विभागीय जांच के आदेश दिए है। ऊंचाहार क्षेत्र में गांजा का बहुत बड़ा नेटवर्क फैला हुआ है। इसका केंद्र ऊंचाहार का कमालपुर गांव है। गांजा के इस कारोबार को पुलिस का संरक्षण प्राप्त है। कुछ माह पूर्व सलोन पुलिस और बाराबंकी जनपद से ऐसा नारकोटिक्स ड्रग्स टीम ने गांजा की बड़ी खेप पकड़ी थी। उसके बाद एस ओ जी ने दो दिन पूर्व ऊंचाहार के रामसांडा गांव में करीब पांच किलो गांजा बरामद करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार किया था। इस पूरे काले कारोबार की आंतरिक रिपोर्ट जब पुलिस अधीक्षक तक पहुंची तो उन्होंने उपनिरीक्षक अजय मलिक, मुख्य आरक्षी संतोष कुमार सिंह, आरक्षी भूप लाल और आरक्षी आकाश कुमार को गांजा कारोबार में अंकुश लगा पाने में नाकाम ठहराते हुए निलंबित कर दिया है। इसके साथ ही इन पुलिस कर्मियों के विरुद्ध विभागीय जांच के भी आदेश दिए है।

### प्रशासन कर रहा कार्यकर्ताओं का उत्पीड़न-इं. वीरेन्द्र

**रायबरेली।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देशानुसार समाजवादी पार्टी की जिला कार्यकारिणी की बैठक पार्टी कार्यालय सुपर मार्केट में जिला अध्यक्ष इं. वीरेन्द्र यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष ने कहा कि विधानसभा मतदाता सूचियों में जोड़े गये एवं काटे गए नामों का गहन सत्यापन, पीडीए जनचर्चा कार्यक्रमों को और अधिक प्रभावशाली रूप से बूथों पर क्रियाशील करने, पीडीए समाज के लोगों के साथ कार्यकर्ता बेहतर सामंजस्य रखने के लिए कहा एवं विधानपरिषद की स्नातक एव शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में मतदाता बढ़ाने पर ज़ोर दिया साथ ही भाजपा सरकार के जनविरोधी कार्यों से आमजनों को हो रहे दुख एवं पीड़ा के मुद्दे उठाते रहने हेतु भी कहा। जिला चिकित्सालय में सीएमएस की मनमानी व हिटलरशाही से मरीज़ दवा इलाज के लिए दर दर भटक रहें हैं। बीजेपी सरकार में उनके नेताओं के इशारे पर प्रशासनिक अधिकारी विपक्ष के कार्यकर्ताओं को चिह्नित कर अन्याय व उत्पीड़न कर रहें हैं।

### पीड़ित पिता ने पुलिस से शादी रोकवाने की लगायी गुहार

**लालगंज (रायबरेली)।** दहेज लोभियों ने शादी पहले तय शादी तोड़कर 9 मई को दूसरी शादी की तैयारी में जुटा है। पीड़ित पिता ने प्रशासन को पत्र सौंपकर शादी पर रोक लगाने की मांग की। बताते चलें कि कानपुर के चौबेपुर के बड़ी मनोह गांव निवासी उमाकांत शुक्ला ने अपनी बेटी आयुषी का विवाह जयेश तिवारी पुत्र जय हिंद तिवारी, निवासी मना खेड़ा थाना लालगंज, रायबरेली से तय किया था। गोदभराई और वरीक्षा समेत सभी रस्में 10 दिसंबर 2023 को त्रिलोक ग्रीन्स, कानपुर में धूमधाम से संपन्न हुई। पीड़ित पिता उमाकांत शुक्ला के मुताबिक उन्होंने अपनी सामर्थ्य के अनुसार वर पक्ष की मांगों को पूरा किया। फल, फूल, मिठाई, दो सोने की अंगूठी व चेन समेत अन्य उपहार दिए। इसके बावजूद वरपक्ष 20 लाख रुपये अतिरिक्त दहेज की मांग करने लगा। दहेज न मिलने पर शादी से इनकार कर दिया गया। पीड़ित पिता उमाकांत शुक्ला सीओ अनिल कुमार सिंह और प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह से मिलकर अवगत कराया कि कानपुर में 01 दिसंबर 2024 को थाना रावतपुर में धारा 352, 351, 3बीएनएस और दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धाराओं में मुकदमा पंजीकृत हुआ। इसके बावजूद आरोपी जय हिंद तिवारी और उनके परिजन अब 9 मई 2025 को अपने बेटे जयेश की शादी मलकेगांव में विमल की पुत्री से करने जा रहे हैं। पीड़ित पिता का आरोप है कि आरोपी खुलेआम कह रहे हैं कि मेरा लड़का वायुसेना में है, अच्छा दहेज लेकर ही शादी करूंगा। उमाकांत शुक्ला ने इस शादी पर रोक लगाने और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की मांग की। पीड़ित पिता ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाते हुए कहा कि यदि दोषियों पर कार्यवाही नहीं हुई तो दहेज लोभियों का हौसला और बढ़ेगा। सीओ अनिल कुमार सिंह ने बताया कि मामले में कानुपर में मुकदमा लिख जा चुका है। आरोप पत्र न्यायालय भेजा चुका है। अब यहां से कार्यवाही सम्भव नहीं है।

## हवाई हमले से सुरक्षा को जीआईसी ग्राउंड में अभ्यास (ड्रिल) का आयोजन



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर व पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह की उपस्थिति में जीआईसी ग्राउंड में संभावित हवाई हमले से सुरक्षा हेतु एक पूर्व नियोजित अभ्यास (ड्रिल) आयोजित किया गया। जिलाधिकारी ने बताया कि इसका उद्देश्य हमारी सुरक्षा सुनिश्चित करना तथा मानसिक रूप से तैयार रहना है। भारत सरकार द्वारा आयोजित सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल का उद्देश्य नागरिकों और प्रशासन को युद्ध जैसी आपात स्थितियों के लिए तैयार करना है। इस अभ्यास में विभिन्न सुरक्षा उपायों और प्रशिक्षण सत्रों को शामिल किया गया है। हम सब की सजगता और तैयारी ही हमारी सुरक्षा की कुंजी है। आयोजित मॉक ड्रिल में पुलिस विभाग, अग्निशमन विभाग एवं आपदा मित्रों के द्वारा स्कूल के विद्यार्थियों एवं अन्य जनमानस को क्या करें के सम्बन्ध में अभ्यास एवं जागरूक किया गयाए जो निम्नवत है। कृपया घबराएं नहीं। बच्चों को अवश्य जागरूक करें। अलर्ट और सतर्कता- एयर रेड सायरन की आवाज पहचानें। मोबाइल, रेडियो अथवा अन्य माध्यमों से सरकारी अलर्ट प्राप्त करें। अफवाहों पर विश्वास न करेंय केवल आधिकारिक सूचनाओं पर ध्यान दें। सुरक्षित स्थान- निकटतम बंकर अथवा सार्वजनिक शरणस्थल की जानकारी रखें। अपने घर में एक मजबूत, बिना खिड़की वाला कमरा चिन्हित करें। शरणस्थल तक शीघ्र पहुँचने का मार्ग पूर्वनिर्धारित रखें। आवश्यक सामग्री तैयार रखें- कम से कम तीन दिन का पीने योग्य जल। सूखा भोजन जैसे बिस्कुट, ड्राई फ्रूट्स आदि। प्राथमिक चिकित्सा किट- टॉर्च और अतिरिक्त बैटरियाँ। पोर्टेबल रेडियो। आवश्यक दस्तावेज़ पहचान पत्र, चिकित्सा रिपोर्ट, बैंक विवरण आदि। मोबाइल चार्जर और पावर बैंक। अंधकार और सुरक्षा- रात के समय पूर्ण ब्लैकआउट सुनिश्चित करें, सभी लाइटें बंद रखें। खिड़कियों को मोटे पर्दों, काले कागज़ या ब्लाइंड से ढकें। शीशों से दूर रहें, आवश्यकता पड़ने पर ज़मीन पर लेट जाएँ। अभ्यास और पूर्व तैयारी- परिवार के साथ हवाई हमले से बचाव की ड्रिल का अभ्यास करें। बच्चों को सुरक्षित स्थान और प्रक्रिया से अवगत कराएँ। पड़ोसियों से संपर्क बनाए रखें और सामूहिक सहयोग सुनिश्चित करें। हमले के पश्चात सावधानियां- केवल सरकारी निर्देश मिलने पर ही बाहर निकलें। घायल व्यक्तियों को प्राथमिक उपचार दें। किसी भी संदिग्ध वस्तु या बम को न छुएँय तुरंत पुलिस अथवा संबंधित विभाग को सूचित करें। सोशल मीडिया और व्हाट्सएप पर आचरण एवं सावधानियाँ- अफवाह न फैलाएँ। किसी भी सूचना को साझा करने से पूर्व उसकी सत्यता की पुष्टि करें। भावनात्मक या उकसाने वाली पोस्ट से बचें। सरकारी या सुरक्षा एजेंसियों द्वारा जारी सूचनाओं को ही आगे बढ़ाएँ। अनधिकृत वीडियो या फोटो साझा करने से बचें। इससे आतंक और भ्रम फैल सकता है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासनद्ध सिद्धार्थ, अपर जिलाधिकारी विरा अमृता सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा, सिटी मजिस्ट्रेट राम अवतार, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट, मुख्य चिकित्सा अधिकारी सहित संबंधित अधिकारीगण व विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधिगण व जनसामान्य उपस्थित रहें।

### क्षेत्र में किया गया माक ड्रिल का आयोजन

डलमऊ रायबरेली। तहसील क्षेत्र के अंतर्गत गदागंज पुलिस एसडीएम व सीओ के नेतृत्व में गदागंज कस्बे के अंदर माक ड्रिल का आयोजन किया गया। उप जिला अधिकारी डलमऊ राजित राम गुप्ता और क्षेत्राधिकारी अरुण कुमार नवहार तथा कोतवाली प्रभारी बालेंदू गौतम द्वारा कस्बे का भ्रमण कर आपात स्थिति में घटना से निपटने के बारे में जानकारी दी गई तथा आपात स्थिति से निपटने के बारे में लोगों को नियम बताए गए व सायरन की उपयोगिता के बारे में भी जानकारी साझा की गई। कश्मीर के पालगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत द्वारा पाकिस्तान पर किए गए पलटवार के बाद देशभर में शांति एव लोगों को जागरूक करने के लिए मार्ग ड्रिल का आयोजन किया जा रहा है जिसके माध्यम से लोगों को सुरक्षा से संबंधित जागरूक किया जा रहा है पैदल ग्रस्त करके लोगों से बातचीत और शांत एवं सतर्क रहने के निर्देशदिए गए।

## पूर्व प्रमुख उमेश सिंह ने गुरुबख्शगंज चौराहे पर लगवाया निशुल्क प्याऊ

**समाजसेवी राजेश बाजपेई के किया शुभारम्भ, सबको मिल रहा शुद्ध शीतल पेयजल!**



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, सताँव, रायबरेली।** दिन प्रतिदिन बढ़ते तापमान के कारण आम आदमी को पेयजल की समस्या से न जूझना पड़े, इसलिए सताँव के पूर्व ब्लॉक प्रमुख उमेश प्रताप सिंह ने गुरुबख्शगंज चौराहे पर निशुल्क प्याऊ की व्यवस्था कर दी है। उमेश सिंह के साथ समाजसेवी राजेश बाजपेई ने प्याऊ का शुभारम्भ करते हुये कहा कि प्यासे को पानी पिलाना सबसे बड़ा पुण्य माना गया है। गुरुबख्शगंज चौराहे पर खीरों मार्ग के किनारे लगाये गये प्याऊ से आमजनों को बड़ी राहत मिल रही है। प्याऊ मे हर समय उपलब्ध शीतल पेयजल, सूखती हलक तर करने का सरल व सहज संसाधन है। चौराहे पर फल का ठेला लगाने वाले आशीष, प्रेम शंकर, ठेले पर कुल्फी फालूदा बेचने वाले पिन्टू खरोल, अनिल कुमार आदि ने कहा कि आग उगलती गर्मी मे चौराहे पर शुद्ध व ठंडा पेयजल उपलब्ध होने से न केवल स्थानीय लोगों को अपितु राहगीरों, चौराहे आने वाले आसपास के ग्रामीणों, रिक्शा-टैम्पो चालकों को बड़ी राहत मिल रही है। गुरुबख्शगंज व्यापार मंडल के अध्यक्ष लाला गुप्ता ने कहा कि पूर्व प्रमुख उमेश प्रताप सिंह ने चौराहे पर प्याऊ लगवा कर व्यापारियों व दूकानदारों को बड़ी राहत दी है। प्याऊ का शुभारम्भ करते हुये उमेश प्रताप सिंह ने कहा कि वे आम आदमी की हर समस्या का समाधान करने और पीडित परेशान लोगों की सहायता के अपने संकल्प से कभी नहीं डिगेंगे। उन्होने कहा कि प्याऊ का शीघ्र ही विस्तार किया जायेगा, जिससे प्रत्येक प्यासे को सुगमता से पेयजल प्राप्त हो सके। प्याऊ के शुभारम्भ के समय प्रधान संघ के पूर्व अध्यक्ष उदयभान सिंह, भाजपा के मंडल उपाध्यक्ष लाले शर्मा, नागर मेडिकल स्टोर के संचालक सौरभ गुप्ता, बेकरी संचालक मयंक दीक्षित के अलावा आशीष सिंह सुरेश सिंह, बबलू, रामू सिंह आदि अनेक लोग मौजूद रहे।

## आरेडिका में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन, 356 मरीजों का किया गया इलाज




**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लालगंज (रायबरेली)।** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली चिकित्सालय में बुधवार को चिकित्साधिकारियों एवं कर्मचारियों के सहयोग से मेदांता अस्पताल लखनऊ से आये विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 356 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। 121 रोगियों ने फाइब्रोस्कैन, 44 ने पीएफ टी और 75 रोगियों ने बीएमडी जैसी विशेष जांच सेवाओं का लाभ उठाया। शिविर में डा0 अनिल (पल्मोनोलॉजिस्ट), डा0 हिमांशू (गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट) एवं डा0 विजय मौर्या (अस्थि रोग विशेषज्ञ) ने मरीजों का इलाज किया। इस मौके पर प्रधान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 आभा जैन द्वारा विशिष्ट अतिथि चिकित्सकों को पौधा भेंट कर सम्मान किया, जो प्रकृति और स्वास्थ्य के सामंजस्य का प्रतीक रहा। आरेडिका प्रशासन का कहना है कि स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का मुख्य उद्देश्य केवल परीक्षण करना ही नहीं बल्कि समुदाय को उनके स्वास्थ्य के प्रति सम्यक जागरूकता प्रदान करना और उन्हें स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति संवेदनशील बनाना है। आरेडिका प्रशासन का यह भी कहना है कि भविष्य में निरंतर स्वास्थ्य संबंधी कार्यक्रमों के माध्यम से आरेडिका परिवार को जागरूक करने में अपनी भूमिका निभाता रहेगा। शिविर के समापन के बाद महाप्रबंधक प्रशांत कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में शाम को प्रशासनिक भवन के सभागार में एक विशेष स्वास्थ्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस मौके पर मेदांता अस्पताल, लखनऊ के विशेषज्ञ चिकित्सक डा0 संदीप वर्मा (जीआई सर्जरी, जीआई ऑन्कोलॉजी और बेरिएट्रिक सर्जरी) और डा0 रोहित कपूर (यूरोलॉजी और किडनी ट्रांसप्लांट सर्जरी) ने महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी साझा की। गोष्ठी में जीएम पीके मिश्रा सहित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सक्रिय भागीदारी करते हुए स्वास्थ्य संबंधी अत्यंत उपयोगी जानकारी प्राप्त की।

## पुलिस की नौकरी दिलाने के नाम पर युवक से 2.60 लाख ठगे, रिपोर्ट दर्ज

**आरोपी महेन्द्र पासवान के पहले भी इस तरह के कई मामले आ चुके सामने**

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के युवक और उसके दो साथियों पर एक युवक ने पुलिस की नौकरी लगवाने के नाम पर दो लाख साठ हजार रुपए हड़पने का आरोप लगाया। पीड़ित युवक की तहरीर पर पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है। मुख्य आरोपी महेन्द्र पासवान के पहले भी इस तरह के कई मामले सामने आ चुके हैं। सरेनी थाना क्षेत्र के छिवलहा गांव निवासी राहुल कुमार पासी पुत्र रामदुलारे पासी ने लालगंज पुलिस को तहरीर देकर पुलिस को बताया कि पलिया बिरसिंहपुर गांव का रहने वाला महेन्द्र पासवान पिछले साल 22 अगस्त को उससे मिला और पुलिस विभाग में नौकरी लगवाने का झांसा दिया। इस भरोसे पर राहुल ने महेन्द्र को 80 हजार रुपये नकद दिए और 40 हजार रुपये चेक से भुगतान किया। महेन्द्र ने राहुल से कहा कि आगे की प्रक्रिया के लिए कुछ और पैसे देने होंगे। इसके बाद राहुल ने उन्नाव जनपद के बारा गांव निवासी विकास और योगेश के बैंक खातों में कुल एक लाख 40 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए। पीड़ित राहुल के मुताबिक न तो उसे नौकरी मिली और न ही रुपए वापस मिले। जब उसने अपने पैसे वापस मांगे तो आरोपी टालमटोल करते रहे। अंततः परेशान होकर राहुल ने पुलिस से शिकायत की। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि राहुल की तहरीर के आधार पर तीनों आरोपियों महेंद्र पासवान, विकास और योगेश के खिलाफ धोखाधड़ी समेत संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। दोषियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी।

## एक राष्ट्र, एक चुनाव से पूर्ण होगी एक बार मतदान पांच साल उत्थान की मंशा

**भाजपा के प्रबुद्ध समागम में बोले हरचंदपुर के पूर्व विधायक राकेश प्रताप सिंह!**



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, रायबरेली।** हरचंदपुर ब्लॉक सभागार में बुधवार को भाजपा के प्रबुद्ध समागम में एक राष्ट्र, एक चुनाव विषय पर गहन चर्चा की गई। समागम में बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहे पूर्व विधायक राकेश प्रताप सिंह ने अपने सम्बोधन में कहा कि एक राष्ट्र, एक चुनाव से चुनावी खर्च कम होगा और विभिन्न प्रकार की व्यवस्थायें कम हो जायेंगी जिससे सरकारी कर्मचारियों को बड़ी राहत मिलेगी। राकेश सिंह ने कहा एक बार मतदान, पांच साल उत्थान के संकल्प को मजबूत करती यह व्यवस्था न केवल चुनावी व्यय में कटौती करेगी, बल्कि नीति-निर्माण, विकास योजनाओं, लोक सहभागिता एवं प्रशासनिक दक्षता को भी गति प्रदान करेगी। उन्होंने उदाहरण दिया कि यदि मौजूदा समय जैसी भीषण गर्मी में चुनाव हों तो, कल्पना की जा सकती है कि चुनाव कराने लगाई जाने वाली जनशक्ति किस कदर परेशान होगी। पूर्व विधायक ने कहा कि पाँच साल में एक बार चुनाव होगा तो बार.बार मतदाता सूची अपडेट करने की जरूरत नहीं होगी। मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण मे होने वाले व्यय से भी बचा जा सकेगा। प्रबुद्ध समागम में आये लोगों को भाजपा के जिलाध्यक्ष बुद्धिलाल पासी भी सम्बोधित किया। उन्होने कहा कि 1969 में बिहार सरकार के अल्पमत मे आने के बाद विधानसभा भंग करके पुनः चुनाव कराये गये, तभी से अलग-अलग चुनाव होने लगे। 1969 के पहले लोकसभा व राज्य विधान सभाओं के चुनाव एक साथ होते थे। अब पुनः एक राष्ट्र, एक चुनाव की कवायद चल रही है। यदि लोकसभा व राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ होने लगेंगे तो करोड़ो रुपये की बचत होना स्वाभाविक है। उन्होने कहा कि एक राष्ट्र, एक चुनाव आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

जिलाध्यक्ष ने कार्यक्रम मे मौजूद प्रधानों, जिला पंचायत व क्षेत्र पंचायतों के प्रतिनिधियों का आह्वान किया कि वे एक राष्ट्र, एक चुनाव से होने वाले फायदों की हर जगह चर्चा करें, जिससे आम आदमी तक इस व्यवस्था से अवगत हो सके। कार्यक्रम का संचालन युवा भाजपा नेता तिलक सिंह ने किया। प्रबुद्ध समागम में भाजपा के जिला उपाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह, हरचन्दपुर विधानसभा क्षेत्र के सभी मंडलों के अध्यक्ष, नगर पालिका की पूर्व अध्यक्ष के पति मुकेश श्रीवास्तव समेत भारी संख्या मे लोग मौजूद रहे।

## विशाल भण्डारे के साथ सम्पन्न हो गई सप्ताह भर से चल रही श्रीमद्भागवत महापुराण कथा

**बण्डे गाँव में विन्ध्येश बाजपेई के आवास पर आचार्य जय प्रकाश शास्त्री ने सुनाई रोचक अन्तर्कथायें**



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, सताँव, रायबरेली।** कोन्सा पंचायत के बण्डे गाँव में एक सप्ताह से चल रही श्रीमद्भागवत महापुराण कथा सोमवार को विशाल भण्डारे के साथ सम्पन्न हो गई। कथा यजमान विंन्ध्येश बाजपेई एवं उनकी सहधर्मिणी रिंकी बाजपेई के आवास पर प्रख्यात भागवताचार्य आचार्य जय प्रकाश शास्त्री ने सात दिन तक श्रीमद्भागवत महापुराण की रोचक कथायें सुनाईं। समापन दिवस की कथा में कथा व्यास आचार्य जय प्रकाश शास्त्री ने कहा कि श्रीमद्भागवत महापुराण का मूल मंत्र सदाचार है। जिस प्राणी मे सद आचरण का गुण है समाज उसे सम्मान देता है। सदाचारी भागवत प्रेमी व्यक्ति से भगवान विशेष प्रेम करते हैं। उन्होने बताया कि भागवत कथा में भक्ति ज्ञान, वैराग्य, ज्ञानयोग, कर्मयोग, समाज धर्म, स्त्री धर्म और राज धर्म का ज्ञान समाहित है। सार रूप मे कहा जाय तो श्रीमद्भागवत कथा सभी वेदों का सार है, इसके श्रवण से तृप्ति और मुक्ति मिलती है। सात दिन चले इस आध्यात्मिक महोत्सव का शुभारम्भ भव्य कलश यात्रा के साथ किया गया। आयोजन के यजमान बण्डे गाँव निवासी विंन्ध्येश बाजपेई एवं उनकी सहधर्मिणी रिंकी बाजपेई के साथ सैकड़ों धर्मानुरागियों ने पारम्परिक वेशभूषा मे कलश यात्रा निकाली। वापस लौटी कलश यात्रा कथा स्थल पर विसर्जित हो गई। पवित्र जल से पूर्ण कलश, वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कथा स्थल पर स्थापित किया गयाए और आचार्य जय प्रकाश शास्त्री ने आरती के साथ श्रीमद्भागवत कथा का भव्य शुभारम्भ किया। कथा के दौरान व्यास पीठ पर विराजमान आचार्य जय प्रकाश शास्त्री ने बताया कि श्रीमद्भागवत्कथा विश्व की सभी कथाओं में श्रेष्ठ है। जिस स्थान पर इस कथा का आयोजन होता है, वह स्थान तीर्थ स्थल बन जाता है। इसके आयोजन व श्रवण का सौभाग्य प्रभु प्रेमियों को ही मिलता है। यदि कोई नास्तिक भी इसे सुन लेता है, तो वह भी कई पापों से मुक्ति पा लेता है। यह कथा भगवान श्री कृष्ण के मुख की वाणी है, जिसमें उनके अवतार से लेकर कंस वध का वर्णन है। आचार्य ने बताया कि इस कथा को सबसे पहले अभिमन्यु के बेटे राजा परीक्षित ने सुना था, जिसके प्रभाव से उसके अंदर तक्षक नामक नाग के काटने से होने वाली मृत्यु का भय दूर हुआ और उसने मोक्ष को प्राप्त किया था, इसलिए श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण करना संसार का सर्वश्रेष्ठ सत्कर्म है। सात दिन की कथा के बाद सोमवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। यजमान बिंध्येश बाजपेयी व रिंकी बाजपेयी ने कथा वाचक व उनकी टीम के रोहित तिवारी, कपिल तिवारी, पंकज सिंह व शुभम द्विवेदी को अंगवस्त्र व दक्षिणा देकर ब्यास पीठ का आशीर्वाद लिया। कथा के व्यवस्थित संचालन में चन्द्र कुमार बाजपेई, दुर्गेश बाजपेयी, अनुभव बाजपेई, नीलू बाजपेयी, हर्षित बाजपेयी व शशांक बाजपेयी ने सराहनीय योगदान दिया।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल

**रायबरेली।** बछरावां थाना क्षेत्र के अंतर्गत लखनऊ प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर टोडरपुर गांव के पास मोहनलालगंज से बछरावा की ओर आ रहा है एक बाइक सवार युवक अज्ञात वाहन की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उसकी स्थिति को गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार आपको बताते चले कि घायल युवक पृथ्वीपाल पुत्र अयोध्या उम्र 40 वर्ष निवासी गढ़ी मोहनलालगंज बाइक से बछरावां की तरफ किसी काम से आ रहा था। जैसे ही वह राष्ट्रीय राजमार्ग पर तोडरपुर गांव के पास पहुंचा तभी किसी अज्ञात वाहन ने उसे पीछे से टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस के द्वारा घायल अवस्था में उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचाया गया।

# बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष ने एसडीएम को सौंपा मांग पत्र



**स्वतंत्र भारत, रामनगर बाराबंकी।** बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष जगदम्बा सिंह ने तहसील परिसर में फैली अव्यवस्थाएं व जनहित की प्रमुख समस्याओं को लेकर नौ सूत्रीय मांग पत्र उप जिलाधिकारी को देकर और उच्च अधिकारियों को रजिस्ट्र डाक से पत्र भेजकर व्यवस्थाये दुरुस्त कराये जाने की मांग की है।उन्होंने अपने पत्र में कहा है कि तहसील भवन में लेखपाल और राजस्व निरीक्षक नहीं बैठते हैं।सप्ताह में कम से कम दो दिन उनके बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाय जिससे फरियादियों को भटकना न पड़े।तहसील परिसर में फैली गंदगी की साफ सफाई व शुद्ध पेयजल की व्यवस्था कराई जाय।अविवादित वरासत बैनामें के नामांतरण वाद तथा धारा 38 की पत्रावलियों और अविवादित धारा 116 राजस्व 24 का निस्तारण शासन की ओर से तय समय से कराया जाय।नामांतरण आदेश पारित होने के बाद एक सप्ताह के अंदर खतौनी में फीडिंग कराई जाय।तहसील मुख्यालय पर समस्या को लेकर आने वाले पीड़ितों के मामले को सुनकर यदि सुलह समझौता करवाकर निपटारा कराया जाए तो लोगों को काफी सहूलियत मिलेगी।

# जिला जज ने बैंकों के प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**स्वतंत्र भारत, बाराबंकी।** जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती प्रतिमा श्रीवास्तव एवं सत्यदेव गुप्ता प्रधान न्यायाधीश पारिवारिक न्यायालय के द्वारा आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत 10 मई के प्रचार-प्रसार हेतु भारतीय स्टेट बैंक, बैंक ऑफ इंडिया, आर्यावर्त ग्रामीण बैंक, सेन्ट्रल बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, केनरा बैंक, यूको बैंक के चार पहिया वाहन की रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया।अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत प्रथम विजय सिंह द्वारा बताया गया कि प्रचार प्रसार वाहन के द्वारा जनपद बाराबंकी के विभिन्न स्थानो पर जाकर आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में लोगो को पम्पलेट्स वितरित कर जागरुक किया जायेगा। आम जनमानस को राष्ट्रीय लोक अदालत में सुलह समझौता के माध्यम से किस प्रकार से अपने मुकदमों निस्तारण सुलभता से किया जा सकता है, इसके बारे में लोगो को जागरूक किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत में प्री-लिटिगेशन स्तर पर बैंक के ऋण वसूली वादों को, न्यायालय पर लम्बित सुलह-समझौता के माध्यम से निस्तारित होने वाले वाद, वैवाहिक वादों, विभिन्न विभागो में लम्बित सुलह योग्य मामलों आदि को चिन्हित कर उनका निस्तारण सुलह समझौता के माध्यम से कराया जाता है जिससे समय व धन की बचत होती है। इस अवसर पर विनय कुमार एडीजे प्रथम, श्रीकृष्ण चन्द्र सिंह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं श्रीमती सुधा सिंह मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट समेत अन्य न्यायिक अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# समूह की महिलाओं ने बैंक मैनेजर पर लगाया पैसा मांगने का आरोप



**स्वतंत्रभारत, रामनगर बाराबंकी।** समूह के खातों में पैसा भेजने के नाम पर मैनेजर के द्वारा सुविधा शुल्क मांगे जाने का आरोप लगाते हुए ग्राम संगठन की अध्यक्ष ने आधा दर्जन महिलाओं के साथ तहसील मुख्यालय पहुंचकर एसडीएम को शिकायती पत्र दिया है। थाना क्षेत्र के नाचना गाँव निवासी भारत माता ग्राम संगठन की अध्यक्ष लीलावती ने उप जिलाधिकारी को दिए गए शिकायती पत्र में कहा है कि उसके आर्यावर्त ग्रामीण बैंक के खाते में सरकार द्वारा समूहों की धनराशि आती है जिसे समूहों के खाते में भेजा जाता है। सरकार द्वारा भेजे गए 3 लाख रुपयो को समूहो के खाते में डालने के लिए बुधवार को आधा दर्जन महिलाओं के साथ आर्यावर्त ग्रामीण बैंक पहुंची तो मैनेजर ने मेरे पति के नाम कर्जा होने का हवाला देते हुए पैसा ट्रांसफर करने के नाम पर दस हजार रुपयों की मांग की जबकि इससे पूर्व कई बार मैनेजर के द्वारा खाते में पैसा ट्रांसफर किया गया है। ग्रामीण बैंक मैनेजर सरवन कुमार का कहना है कि आरोप निराधार हैं।

## खबर एक नजर

### एसडीएम की अगुवाई में किया गया मॉकड्रिल



**स्वतंत्र भारत, रामनगर बाराबंकी।** ब्लैक आउट के पूर्वाभ्यास से पहले कस्बा रामनगर में एसडीएम विवेकशील की अगुवाई में मार्क ड्रिल किया गया इस दौरान सीओ गरिमा पंत नगर पंचायत अध्यक्ष रामशरण पाठक कोतवाल अनिल कुमार पांडेय व्यापार मंडल अध्यक्ष रविकांत पांडेय पूर्व सभासद दयाशंकर तिवारी पवन कुमार ओझा सहित भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा। अधिकारियों ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि आप लोग किसी तरह की अफवाहों के चक्कर में न पड़े सरकारी निर्देशों का पालन करें।

### आज बदला जाएगा ट्रांसफार्मर,सात घंटे बाधित रहेगी बिजली

**स्वतंत्र भारत हैदरगढ़ बाराबंकी।** 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र सुबेहा में गुरुवार को मौजूदा 5 एमवीए की क्षमता के स्थान पर 10 एमवीए का ट्रांसफार्मर रखा जायेगा। जिसके कारण सा? सात घंटे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। जेई सद्दाम हुसैन ने बताया कि ट्रांसफार्मर बदलने को लेकर 8 मई को सुबह 10 बजे से शाम 5ः30 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। कहा कि क्षमता वृद्धि के बाद क्षेत्र में बार-बार होने वाली बिजली कटौती की समस्या से उपभोक्ताओं को निजात मिल जाएगी।उन्होंने उपभोक्ताओं से इस दौरान सहयोग की अपील की

### दो बर्ष पूर्व परदेश गये युवक का लौटा शव

**स्वतंत्र भारत हैदरगढ़ बाराबंकी।**परिवार को अच्छी परवरिश देने का सपना लेकर दो वर्ष पूर्व घर से सऊदी अरब गया 45 वर्षीय युवक तो नही लौटा, परन्तु उसका 37 दिन पुराना शव जरूर आया। शव के गाँव पहुँचते ही परिजनों के सब्र का बांध टूट गया। रो रो कर उनका बुरा हाल है। वही परदेस से शव के आने की सूचना पर जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों का हुजूम उम? पड़ा। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुबेहा थाना क्षेत्र के रेहुरा गांव निवासी चार भाइयों में सबसे ब?ा संतोष कुमार विश्वकर्मा अपने परिवार को अच्छी परवरिश देने का सपना लेकर लगभग 2 वर्ष पूर्व सऊदी अरब गए था और वहां पर वेल्डिंग का काम करता था। जहां पर बीते 1 अप्रैल को सऊदी अरब के रियाद शहर में हुई सड़क दुर्घटना में उसकी मौत हो गई थी। संतोष की मौत खबर पहुंचते ही परिवार पर गमों का पहाड़ टूट पड़ा था। तभी से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल था। बुधवार को 37वें दिन उसका शव पैतृक गांव पहुंचा। शव पहुंचते ही परिवार में कोहराम मच गया। पत्नी और बच्चों की चीख-पुकार से पूरा माहौल गमगीन हो गया।। मृतक के तीन बच्चे है। जिसमें दो बेटियां और एक बेटा शामिल है। जहां बड़ी बेटी स्वाती और बेटे सत्यम की शादी की उम्र हो चुकी है,वहीं छोटी बेटी मीनाक्षी अभी नाबालिग है।शव के गांव पहुंचने की खबर फैलते ही सैकड़ों ग्रामीण अंतिम दर्शन के लिए पहुंचे। क्षेत्रीय विधायक दिनेश रावत, प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह और प्रधान प्रतिनिधि सनत तिवारी भी मृतक के घर पहुंचे व दुखी परिवार को सांत्वना दी तथा हर संभव सहायता का आश्वासन भी दिया।

### पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा चलाया गया जागरुकता अभियान



**हैदरगढ़ बाराबंकी** पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के साथ बढ़ते तनाव के बीच उभरे नए और जटिल खतरों को देखते हुए आज विभिन्न राज्यों में किए गए मार्क ड्रिल और जागरूकता अभियान के तहत हैदरगढ़ में भी अधिकारियों द्वारा कस्बे में पैदल मार्च के अलावा जागरूकता अभियान चलाया गया।कस्बे के प्रमुख मार्गों पर दलबल के साथ पैदल भ्रमण के बाद कस्बा स्थित परिवहन निगम के बस स्टेशन पर नगर पंचायत अध्यक्ष आलोक तिवारी, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि राम भीख त्रिवेदी, योगेश द्विवेदी, विनोद चौरसिया सहित बड़ी संख्या में मौजूद लोगों से एसडीएम एमएसटी खान एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी सुमित कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक अजय प्रकाश त्रिपाठी ने कहा कि वर्तमान समय में सभी को अफवाहों से सावधान रहना है, किसी भी तरह की अफवाह ना तो बातचीत के माध्यम से और ना ही सोशल मीडिया के माध्यम से फैलाएं। इसके अलावा आज रात्रि 9 बजे से 9. 15 बजे तक अपने घरों दुकानो वाहनों की लाइट बंद रखें।अधिकारियों ने कहा कि ब्लैक आउट की स्थिति में रेडियो मोबाइल या अन्य माध्यमों से सरकारी निर्देश सुनते रहे ।यही नहीं परिवार के सदस्यों विशेष रूप से बच्चों को और दिव्यांगजनों को एक जगह पर सुरक्षित रखें । यही नहीं अकेले रह रहे पड़ोसियों को भी जागरूक करें । इसके अलावा आपात स्थितियों में जरूरी दवाई एवं टॉर्च आदि जरूरी सामान अपने पास जरूर रखें। अधिकारियों ने कहा कि यह जागरूकता अभियान एक अभ्यास तहत किया गया है। जिससे आपात परिस्थितियों में लोग जागरुक रहे और अपनी सुरक्षा कर सकें।

# डीएम व एसपी के मार्ग दर्शन में किया गया मॉकड्रिल अभ्यास

**स्वतंत्र भारत, बाराबंकी।** जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी व पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय के मार्गदर्शन में पुलिस लाइन के प्रांगण में युद्ध अथवा किसी भी आपातकालीन/संकट की स्थिति के दौरान/से निपटने के लिए आपदा विशेषज्ञों सहित मेडिकल टीम, फायर ब्रिगेड एवं अन्य सम्बंधित संसाधनों के साथ लाइव मॉक ड्रिल/बचाव का अभ्यास किया गया। मॉक ड्रिल के दौरान पुलिस अधिकारी/आपदा विशेषज्ञ द्वारा उपस्थित छात्र/छात्रों, एनसीसी कैडेड एवं आम नागरिकों को युद्ध जैसे भयावय स्थिति/संकट के समय ''क्या करे या क्या न करें'' के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी।बताया गया कि युद्ध की स्थिति से पहले ''क्या करें और क्या ना करें'' की स्पष्ट गाइडलाइन्स जानना बहुत ?रूरी होता है ताकि आप और आपके परिजन सुरक्षित रह सकें।

## आपदा, युद्ध अथवा संकट की घड़ी में क्या करें?

आपदा, युद्ध अथवा संकट की घड़ी में क्या करें से सम्बंधित जानकारी देते हुए बताया गया कि घर में प्राथमिक चिकित्सा किट के साथ राशन, पानी, टॉर्च, बैटरियाँ और नकद पैसे रखें। मोबाइल फोन और पावर बैंक चार्ज रखें। रेडियो या सरकारी समाचार स्रोत से स्थिति की जानकारी लेते रहें। बच्चों, बुजुर्गों और दिव्यांगों के लिए विशेष योजना बनाएं। सभी को एक आपातकालीन योजना के बारे में बताएं। अगर संभव हो तो सुरक्षित क्षेत्र की ओर प्रस्थान करें। घर में मजबूत दीवारों के पास या नीचे शरण लें। यदि निकासी का आदेश हो तो तुरंत पालन करें।
आपदा, युद्ध अथवा संकट काल की घड़ी में हम क्या ना करें कि जानकारी देते हुए बताया गया कि आपदा, युद्ध अथवा संकट काल की घड़ी में हम अफवाहों पर विश्वास न करें, सोशल मीडिया या अनजान स्रोतों से मिली खबरों को सत्य माने बिना न फैलाएं। बिना योजना के बाहर न निकलें, बाहर निकलना खतरनाक हो सकता है। केवल रुरत पड़ने पर और सुरक्षा सुनिश्चित करके ही जाएं। ध्यान भटकाने वाले काम न करें, युद्ध की स्थिति में अनुशासन बहुत जरूरी है। लापरवाही जानलेवा हो सकती है। हथियार या संदिग्ध वस्तु छूने से बचें, किसी भी विस्फोटक या संदिग्ध वस्तु को न छुए, तुरंत प्रशासन को सूचित करें। भीड़भाड़ वाले इलाकों से बचें, खुले बाजार या स्टेशन जैसे क्षेत्रों में रहने से खतरे की सम्भावना बढ़ जाती है अतः ऐसे स्थिति में अनावश्यक घर से बाहर न निकलें।
इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन, प्रशिक्षु आईएएस तेजस के.,अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) अरुण कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) इन्द्रसेन, उपजिलाधिकारी नवाबगंज आनन्द कुमार तिवारी, सहित आपदा विशेषज्ञ, आपदा मित्र, एनसीसी कैडेड, छात्र/छात्राएं, गणमान्य नागरिक व मीडिया बंधु आदि उपस्थित रहे।

# शादी की ढेरुवा साड़ी से लटकता मिला प्रेमी-प्रेमिका का शव

**स्वतंत्र भारत, जैदपुर बाराबंकी।** शादी के मंडप से प्रेमी के साथ लापता हुई युवती व उसके प्रेमी का शव गाँव के बाहर स्थित एक आम की बाग में शादी की ढेरुवा साड़ी से लटकता मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा फारसेंसिक टीम ने साक्ष्य एकत्रित किया है घटनास्थल से मृतक युवक की बाईक व सुसाइड नोट बरामद हुआ है। मसौली थाना क्षेत्र के ग्राम लालपुर मजरे भरथीपुर में बुधवार की सुबह उस समय हड़कंप मच गया जब गांव से करीब 5 सौ मीटर की दूरी पर स्थित मायाराम चौहान की आम की बाग में एक ही साड़ी के फंदे से एक युवती व युवक का शव लटकता मिला जंगल मे लगी आग की तरह फैली खबर देखते ही देखते ग्रामीणों की भी लग गयी सूचना पर पहुंची पुलिस ने प्रेमी युगल के शव को उतरवा कर कब्जे मे ले लिया। प्रेमी युगल की शिनाख्त 22 वर्षीय शिल्पा यादव पुत्री राज बहादुर यादव व 28 वर्षीय भानू प्रताप सिंह पुत्र पारसनाथ सिंह निवासी लालपुर मजरे भरथीपुर के रूप मे हुई। पुलिस ने फारसेंसिक टीम को बुलाकर साक्ष्य एकत्रित करते हुए शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### शादी के मंडप से प्रेमी के संग फरार हुई थी युवती

5 मई को शिल्पा यादव की शादी थी सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम प्यारेपुर सरैया निवासी राकेश यादव का पुत्र सुनील कुमार बैंड बाजे के साथ बारात लेकर आया था घरातियों ने जोरदार स्वागत सत्कार किया और द्वारपूजा के दौरान अचानक दुल्हन बनी शिल्पा अपने प्रेमी भानुप्रताप सिंह के साथ फरार हो गयी शिल्पा के गायब होने का पता चलते ही वधू पक्ष मे हड़कंप मच गया लेकिन बात बनाने के लिए शिल्पा के पिता ने अपने छोटे भाई धर्मराज की पुत्री के साथ विवाह की रास्में अदा की।

### घटनास्थल से मिला सुसाइड नोट

प्रेमी युगल के पास से मिले सुसाइड नोट मे युवती शिल्पा की तरफ लिखा हुआ है कि हम दोनो की मौत मे दोनो परिवारों की कोई गलती नही है हम दोनो लोग एक साथ जी नही सकते है तो एक साथ मर सकते है। घटनास्थल से मृतक भानुप्रताप सिंह की बाइक भी बरामद हुई है।

### फोरेंसिक टीम के साथ सीओ ने घटनास्थल का लिया जायजा दोनो परिजनों से की पूछताछ

बुधवार की सुबह मिली दिल दहला देने वाली सूचना पर थाना मसौली, रामनगर, बदोसराय की पुलिस के साथ पहुंची क्षेत्राधिकारी रामनगर गरिमा पंथ ने फोरेंसिक टीम से साक्ष्य एकत्रित किया तथा मृतक प्रेमी युगल के परिजनों से पूछताछ की।

### परिजनों ने युवती का शव जलाने से किया इनकार

**स्वतंत्र भारत, जैदपुर बाराबंकी।** शादी के मंडप से प्रेमी के साथ भाग कर फांसी लगाने वाली किशोरी के परिजनों ने दाह संस्कार से इंकार कर दिया है युवक के परिजनों ने किया दाह संस्कार गांव मे पुलिस का पहरा मौजूदगी मे किया गया।बताते चले कि दो दिन पूर्व थाना क्षेत्र के ग्राम लालपुर मजरे भरथीपुर मे 5 मई को शादी के मंडप से फरार हुई युवती शिल्पा यादव व उसके प्रेमी भानुप्रताप सिंह का शव गाँव के बाहर स्थित बाग मे मिला था पोस्टमार्टम होने के बाद युवक के परिजनों ने तो भानुप्रताप सिंह का शव लाकर दाह संस्कार कर दिया ।

# पुलिस द्वारा आयोजित ग्राम चौपाल में पहुंचे एसपी

**स्वतंत्र भारत जैदपुर बाराबंकी।** पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय के निर्देश पर आज पंचायत भवन ब?गांव मे उपनिरीक्षक विपिन सिंह की अध्यक्षता मे पुलिस ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल मे तीन शिकायते आयी। जिसमे दो शिकायतों का मौ? पर ही निस्तारण किया गया।पंचायत भवन ब?गांव स्थित सीएससी सभागार मे आयोजित ग्राम चौपाल मे राम लखन रावत ने पारिवारिक विवाद होने की शिकायत की जिसमे दोनों पक्षों को मौ? पर बुलाकर विवाद का निपटारा किया गया। चौपाल मे अफरीन पत्नी जमीर ने विनीत पुत्र पुत्तीलाल पर पैसे के लेनदेन की शिकायत की मौ? पर दोनो पक्षों को बुलाकर विवाद का निस्तारण किया गया। अब्दुल मतीन अंसारी ने मोहर्रम मे निकलने वाले अलम जुलुस के रास्ते पर विपक्षी रामचंद्र यादव द्वारा दीवार ख?ी करने की शिकायत की मामला राजस्व से संबंधित होने के कारण शिकायतकर्ता को थाना समाधान दिवस मे बुलाया गया है।ग्राम चौपाल मे मौजूद उपनिरीक्षक अभय गुप्ता ने कहा कि किस प्रकार हमारे भौतिक जीवन के साथ एक अदृश्य साइबर जगत भी समानान्तर रूप से चल रहा है इसलिए हमें आधुनिक तकनीक तथा मोबाइल एवं इंटरनेट का बड़ी सावधानी पूर्वक उपयोग करना है। साथ ही डिजिटल अरेस्ट व अन्य अपराधों से बचने हेतु जानकारी दिए कि डिजिटल अरेस्ट जैसा कुछ नहीं होता, यदि आपके साथ कभी ऐसी स्थिति बनती है तो तुरंत नजदीकी थाने मे संपर्क कर पुलिस को अवगत कराएं। अपनी निजी जानकारियां जैसे बैंक खाता संबंधित गोपनीय जानकारी एवं ओटीपी किसी को न बताएं। सावधान रहें सुरक्षित रहें।उपनिरीक्षक रमेशंद्र ने अपने वक्तव्य मे महिला एवं बालक/बालिकाओं पर घटित होने वाले अपराधों के संबंध मे विस्तृत चर्चा की एवं अपराधों के रोकथाम हेतु अपनाये जाने वाले तरीकों और विस्तार पूर्वक चर्चा की गई एवं अन्य आवश्यक जानकारियां दी। महिला आरक्षी रितु व किरन उपस्थित महिलाओ एवम् बालिकाओं को मिशन शक्ति (नारी सुरक्षा,नारी सम्मान,नारी स्वावलंबन) फेज्-5 के तहत महिला सुरक्षा व बचाव संबंधी जानकारी दी गई और शासन द्वारा जारी हेल्प लाइन नम्बर, 1090, 112, 1076, 1098, 108, की विस्तृत जानकारी देते हुए संकट के समय इनके प्रयोग हेतु बताया गया। साथ ही विभिन्न साइबर अपराधों के बारे में बताते हुए इनसे बचने और सतर्क रहने हेतु 1930 हेल्प लाइन नंबर के बारे में बताते हुए जागरूक कर म सीयूजी नंबर 9454403070 पर संपर्क करने हेतु बताया गयाग्रचौपाल मे ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नूर मोहम्मद, मतीन अंसारी, राजेंद्र यादव, कृष्ण कुमार गुप्ता, नूरल आमीन अंसारी राजेश् वर्मा सहित भारी संख्या मे महिलाएं एव पुरुष मौजूद रहे।

# सौंपा मांगों का ज्ञापन

**स्वतंत्र भारत जैदपुर बाराबंकी ।** जैदपुर में बिजली विभाग के मीटर रीडरों ने अपनी मांगों को लेकर उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। मीटर रीडरों का कहना है कि पिछले दो महीने से उन्हें वेतन नहीं मिला है। साथ ही उनकी जमा की गई 20 हजार रुपए की सिक्योरिटी राशि भी अभी तक वापस नहीं की गई है। फिरोज अहमद, अनिल कुमार, अम्बरीष कुमार, विशाल, जसवंत, हरदीप, अमरेश, अलीम, मेहताब अब्बास, मनीष, समीर, बृजेश, प्रमोद और अतुल समेत सभी मीटर रीडरों ने मिलकर यह ज्ञापन दिया है। मीटर रीडर अलीम ने बताया कि वेतन नहीं मिलने से उन्हें आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मीटर रीडरों द्वारा एस डी ओ संदीप सिंह को ज्ञापन दिया गया हो। उन्होंने ने बताया कि इनकी समस्या को लेकर बात की गयी है।

# सेतु निर्माण में तेजी व नालों की तत्काल सफाई के डीएम ने दिए निर्देश

**स्वतंत्र भारत, बाराबंकी।** मानसून का दस्तक से पहले नगर क्षेत्र में जलभराव की समस्या न होने पाए इसके दृष्टिगत आज जिलाधिकारी श्री शशांक त्रिपाठी ने शहर के विभिन्न जलभराव हेतु संवेदनशील स्थलों का भौतिक निरीक्षण कर तैयारियों की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जगनेहटा के समीप जमुरिया नाले और रेठ नदी के संगम स्थल पर पी0डब्लू0डी0 निर्माण खंड-03 द्वारा बनाए जा रहे नए पुल, शहर के प्रमुख स्थलों यथा जयहिंद इंटर कॉलेज, पटेल तिराहा और घोसियाना क्षेत्र के समीप नाले का निरीक्षण किया।

### निर्माणाधीन सेतुओं के कार्य में तेजी लाने के निर्देश

जिलाधिकारी ने निर्माण खंड-03 द्वारा बनाए जा रहे पटेल तिराहे के समीप पुराने सेतु को तोड़कर नए सेतु निर्माण व रेठ नदी तथा जमुरिया नाले के संगम बिंदु पर बनाये जा रहे सेतु निर्माण के कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्य की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताई और सम्बंधित निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि से कहा कि आगामी वर्षा ऋतु से पूर्व निर्माण कार्यों को पूर्ण कर इसे चलने योग्य बनाया जाय जिससे कि नगरवासियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि निर्माण में आने वाली बाधाओं को सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ तत्काल निस्तारित करें और किस प्रकार निर्माण को वर्षा ऋतु से पूर्व पूर्ण किया किया जाएगा इसकी कार्ययोजना भी प्रस्तुत करें।

# डीएम ने चौपाल लगाकर जनता की सुनीं समस्याएं

**स्वतंत्र भारत, बाराबंकी।** जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने जनता से सीधा संवाद स्थापित करने के लिए नगर पालिका परिषद के सत्यप्रेमी नगर वार्ड में बुधवार को चौपाल लगाकर जनता की समस्याओं को सुना। सत्यप्रेमी नगर वार्ड के भुइहारे बाबा मंदिर के परिसर में आयोजित चौपाल कार्यक्रम में जिलाधिकारी श्री शशांक त्रिपाठी ने उपजिलाधिकारी नवाबगंज श्री आनन्द कुमार तिवारी, नगर पालिका नवाबगंज ईओ श्री संजय शुक्ला और अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ जनता की समस्याओं को सुना और कई मामलों का मौके पर ही समाधान किया। चौपाल में सबसे अधिक शिकायतें साफ-सफाई और जल निकासी को लेकर आईं। डीएम ने नगर पालिका के अधिकारियों को सभी वार्डों और मोहल्लों में तत्काल सफाई अभियान चलाने और जलनिकासी की समस्याओं को दूर करने के निर्देश दिए। सत्यप्रेमी वार्ड निवासी राजकिशोर ने बताया कि उनके मोहल्ले में बन्दरों का ब?ा आतंक है जिस पर जिलाधिकारी ने बंदरों को पक?ने हेतु ईओ नगर पालिका को अभियान चलाने के निर्देश दिए। नरेंद्र श्रीकृष्ण ने बताया कि राम सेवक पार्क के पास शाम को अराजक तत्व दारू पीकर घूमते रहते है जिस पर जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारियों को कार्यवाही के निर्देश दिए। संगीता सिंह और गणेश प्रसाद ने स?क पर घूमने वाले आवारा पशुओं की समस्या से अवगत कराया जिस पर जिलाधिकारी ने ईओ नगर पालिका को निर्देश दिया कि अभियान चलाकर आवारा पशुओं को पक?कर गौशाला भेजा जाए। अनिल तिवारी ने बिजली के लटकते तारों की समस्या बताई। उषा शर्मा और ज्योति प्रकाश शुक्ला ने जलभराव की समस्या से जिलाधिकारी को अवगत कराया जिस पर जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए सभी नालियों की समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने नियमित डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# ऑपरेशन सिंदूर पर विश्व हिंदू महासंघ ने मिठाई बांटी

**अयोध्या।** देश की सुरक्षा के लिए भारतीय सेना द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर विश्व हिंदू महासंघ के पदाधिकारियों ने सोमवार को रिकाबगंज चौराहे पर उत्सव का माहौल बनाया। संगठन के कार्यकर्ताओं ने राहगीरों को मिठाई बांटकर सेना के शौर्य व साहस को सलाम किया तथा पूरे जोश के साथ ÷भारत माता की जय÷, ÷वंदे मातरम÷ और ÷जय हिन्द÷ के नारे लगाए।जिलाध्यक्ष राजकुमार सोनकर ने कहा, ÷ऑपरेशन सिंदूर भारतीय सेना की वीरता और रणनीतिक दक्षता का प्रमाण है। हमारे जवानों ने देश के दुश्मनों को करारा जवाब देकर यह सिद्ध कर दिया कि भारत अपनी सुरक्षा के प्रति एकदम सजग और सक्षम है।÷ प्रदेश उपाध्यक्ष धीरेन्द्र सिंह ने कहा, ÷यह अभियान हर भारतवासी के लिए गर्व का क्षण है। हमने रिकाबगंज चौराहे पर मिठाई बाँटकर आमजन के साथ इस विजय को साझा किया है। हम सभी जवानों के साहस, संयम और समर्पण को नमन करते हैं।

# सेना के शौर्य व साहस की हो रही है सराहना

**स्वतंत्र भारत, बाराबंकी।** भारतीय सेना द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर के अंतर्गत पाकिस्तान के अंदर छिपे 9 बड़े आतंकी संगठनों के अड्डों को सफलतापूर्वक ध्वस्त किए जाने की खबर से पूरे देश में गर्व और उत्साह की लहर दौड़ गई है। इस ऐतिहासिक अभियान के लिए बाराबंकी जिले के वरिष्ठ भाजपा नेता राकेश वर्मा करें ने भारतीय सेना और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हृदय से आभार प्रकट किया।राकेश करें ने कहा, ÷भारतीय सेना ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया है कि देश की सुरक्षा और अखंडता के साथ किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने जो संकल्प लिया था, उसे सेना ने धरातल पर उतार कर दिखाया है। हम सभी देशवासी सेना के इस पराक्रम और प्रधानमंत्री जी के मजबूत निर्णय के लिए उनके कृतज्ञ हैं।श्री करें ने आगे कहा कि यह ऑपरेशन न केवल आतंकवाद के खिलाफ एक सशक्त संदेश है, बल्कि यह देश की रणनीतिक और सैन्य ताकत का प्रमाण भी है। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता से देश के नागरिकों में उत्साह है और यह संकेत है कि भारत अब आतंकी साजिशों को किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं करेगा।

# अयोध्या के तीनों टोल बंद कराने को लेकर डीएम से भाकियू ने वार्ता की

**अयोध्या।**जनपद में संचालित अयोध्या -प्रयागराज रोड पर भरत कुंड, अयोध्या -लखनऊ रोड पर रौनाही, अयोध्या- रायबरेली रोड पर मीठे गांव टोल प्लाजा बन्द करने के सम्बन्ध में भारतीय किसान यूनियन का प्रतिनिधिमंडल जिला अधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे से विस्तृत वार्ता करके केंद्रीय स?क एवं परिवहन मंत्री मा0 नितिन गडकरी का लोकसभा के वक्तव्य के अनुपालन में तीनों टोल प्लाजो को बंद करने का दबाव बनाया। भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय महासचिव घनश्याम वर्मा ने जिलाधिकारी से कहा कि केंद्रीय स?क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने लोकसभा में वक्तव्य दिया है कि 60 किलोमीटर की दूरी के बाद टोल की स्थापना की जाएगी, 20 किलोमीटर की त्रिज्या में निवास करने वाले नागरिकों/ किसानों को टोल से फ्री किया जाएगा और यह भी स्वीकार किया है कि भारत देश में तमाम टोल फर्जी ढंग से संचालित हैं। जिनको बंद किया जाएगा श्री गडकरी के बयान के अनुसार फैजाबाद के तीनों टोल प्लाजा अवैध है।अयोध्या -प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग व अयोध्या-रायबरेली राष्ट्रीय राजमार्ग की माप फैजाबाद से होती है और दोनों राष्ट्रीय राजमार्ग अर्थात जनपद की सीमा 40 किलोमीटर से कम ही है इस प्रकार दोनों टोल अयोध्या जनपद की सीमा के बाहर अर्थात अयोध्या मुख्यालय से 60 किलोमीटर के बाद स्थापित होने चाहिए ऐसी दशा में दोनों टोल फ्री होने चाहिए।

# चेन्नई ने बिगाड़ा कोलकाता का खेल, 2 विकेट से हराया

**नई दिल्ली।** चेन्नई सुपर किंग्स ने कोलकाता नाइट राइडर्स को दो विकेट से हरा दिया। बुधवार को ईडेन

**ब्रेविस ने 52 रन, शिवम दुबे ने 45 रन बनाए; नूर अहमद को 4 विकेट**



गार्डंस में खेले गए मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी गत विजेता केकेआर ने 20 ओवर में छह विकेट खोकर 179 रन बनाए थे। जवाब में सीएसके ने 19.4 ओवर में आठ विकेट गंवाकर 183 रन बनाए और सत्र की तीसरी जीत दर्ज की।

**केकेआर की उम्मीदों को झटका**

इस शिकस्त ने केकेआर की प्लेऑफ की उम्मीदों को झटका दिया है। अजिंक्य रहाणे की टीम 12 मैचों में छह जीत और पांच हार के साथ छठे पायदान पर है। उनके खाते में 11 अंक हैं और नेट रन रेट 0.193 है। वहीं, चेन्नई के छह अंक हो गए। टीम पहले ही प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी है।

**भारतीय सशस्त्र बलों की खिलाड़ियों ने की सराहना**

इस मुकाबले से पहले केकेआर और सीएसके के खिलाड़ी बीसीसीआई अधिकारियों के साथ 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता के लिए भारतीय सशस्त्र बलों की सराहना के लिए सीमा रेखा के पास पंक्ति बनाकर खड़े हुए थे। ऑपरेशन सिंदूर एक जवाबी मिसाइल हमला था जो दिन के शुरुआती घंटों में पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकी ठिकानों को निशाना बनाकर किया गया था। कैब के अनुसार मैच के लिए स्टेडियम में कुल 42,373 दर्शक मौजूद थे। मैच से पहले राष्ट्रगान बजाया गया और खिलाड़ी सशस्त्र बलों को सम्मान देने के लिए सीमा रेखा के पास खड़े हुए। ईडेन गार्डंस की स्क्रीन पर संदेश दिखाया गया, 'हमें अपने सशस्त्र बलों पर गर्व है।'

**चेन्नई की पारी**

लक्ष्य का पीछा करने उतरी चेन्नई की आयुष म्हात्रे और डेवोन कॉन्वे की सलामी जोड़ी बिना खाता खोले पवेलियन लौट गई। इसके बाद उर्विल पटेल ने कुछ अच्छे शॉट खेले और 11 गेंदों में 31 रन बनाकर आउट हुए।

# रोहित शर्मा ने टेस्ट क्रिकेट से किया संन्यास का एलान

**वनडे में जारी रखेंगे खेलना**



**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के नियमित कप्तान रोहित शर्मा ने तत्काल प्रभाव से टेस्ट क्रिकेट से संन्यास का एलान कर दिया है। इससे अब सबसे लंबे प्रारूप में उनके भविष्य को लेकर चल रहीं अटकलों पर विराम लग गया है। रोहित टेस्ट प्रारूप में भारत के सबसे सफल बल्लेबाज हैं, जिन्होंने 67 टेस्ट मुकाबलों में 12 शतकों और 18 अर्धशतकों की मदद से 40.57 के औसत से 4301 रन बनाए। रोहित ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास का एलान अपने सोशल मीडिया हैंडल से किया। उन्होंने इंस्टा स्टोरी पर अपनी टेस्ट कैप की तस्वीर साझा की और कैप्शन में लिखा- मैं आप सभी साथियों को बताना चाहता हूं कि मैं टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले रहा हूं। इस प्रारूप में अपने देश का प्रतिनिधित्व करना मेरे लिए बहुत गर्व की बात है। आप सभी का बहुत-बहुत धन्यवाद। मैं वनडे में भारत के लिए खेलना जारी रखूंगा।

**रोहित टी20 से ले चुके संन्यास**

भारत को टी20 विश्व कप 2024 का खिताब जिताने के बाद रोहित शर्मा ने विराट कोहली के साथ इस प्रारूप से संन्यास का एलान कर दिया था। भारत ने यह खिताब दक्षिण अफ्रीका को सात रन से हराकर अपने नाम किया था। भारतीय टीम को दूसरी बार टी20 विश्व कप का खिताब दिलाने के बाद दोनों दिग्गजों ने टी20 से संन्यास लेकर सभी को चौंका दिया था। अब 38 वर्षीय बल्लेबाज ने क्रिकेट से लंबे प्रारूप से संन्यास की घोषणा कर दी है। अब वह सिर्फ वनडे में भारत का नेतृत्व करते नजर आएंगे।

**इंग्लैंड सीरीज पर मिलेगा भारत को नया टेस्ट कप्तान**

रोहित के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास के बाद यह साफ हो गया है कि इंग्लैंड दौरे पर भारतीय टीम को नया टेस्ट कप्तान मिलेगा। इस दौड़ में जसप्रीत बुमराह, केएल राहुल, शुभमन गिल और ऋषभ पंत सबसे आगे चल रहे हैं। इस सीरीज की शुरुआत जून में होगी।

**खराब दौर से गुजर रहे थे रोहित**

रोहित 2024-25 सीजन के दौरान खराब दौर से गुजरे। उन्होंने 15 मैचों में 10.83 के औसत से 164 रन बनाए। रोहित बांग्लादेश और न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज के दौरान खराब फॉर्म में थे। इसके बाद वह बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पहले मैच में अपने बेटे के जन्म के कारण नहीं खेले थे। एडिलेड में हुए दूसरे टेस्ट के दौरान जब रोहित वापस आए तो उन्होंने ओपनिंग नहीं की और यशस्वी जायसवाल तथा केएल राहुल को पारी का आगाज करने भेजा।

# ऑपरेशन सिंदूर के बाद धर्मशाला में आईपीएल नहीं!



**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर का असर आईपीएल 2025 पर भी पड़ा है। पाकिस्तान के खिलाफ भारतीय सेना के सफल ऑपरेशन के बाद पंजाब किंग्स और मुंबई इंडियंस का मैच धर्मशाला से वानखेड़े स्टेडियम शिफ्ट कर दिया गया है। बीसीसीआई के एक सूत्र ने समाचार एजेंसी एएनआई को इस बारे में जानकारी दी। इसके मुताबिक ऑपरेशन सिंदूर के बाद धर्मशाला एयरपोर्ट बंद कर दिया गया है। इस वजह से टीमों के आवागमन में काफी परेशानी हो रही थी। यह मैच 11 मई को खेला जाने वाला था। गौरतलब है कि ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत ने पाकिस्तान पर हमला किया है। यह हमला पहलगाम आतंकी हमले का बदला चुकाने के लिए किया गया है। ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना ने पाकिस्तान स्थित नौ आतंकी ठिकानों को तबाह कर दिया है।

**सरकार के फैसले का इंतजार**

इतना ही नहीं, इस बात की भी संभावना है कि पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच गुरुवार को होने वाला मैच भी शिफ्ट हो जाएगा। बीसीसीआई सूत्र ने बताया कि पंजाब और दिल्ली के बीच होने वाले मैच पर संशय के बादल मंडरा रहे हैं। इसके मुताबिक धर्मशाला सीमा के करीब है और बोर्ड इसको लेकर सरकार के संपर्क में बना हुआ है।

# भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने दक्षिण अफ्रीका को दी मात, फाइनल में बनाई जगह

**नई दिल्ली।** जेमिमा रॉड्रिग्स (123) की शतकीय, दीप्ति शर्मा (93) और स्मृति मंधाना (51) की अर्धशतकीय पारियों के बाद अमनजोत कौर की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर भारतीय महिला टीम ने बुधवार को त्रिकोणीय श्रृंखला के पांचवें मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका की महिला टीम को 23 रनों से हरा दिया है। तीन हार के साथ दक्षिण अफ्रीका त्रिकोणीय श्रृंखला से बाहर हो गई। भारत रविवार को फाइनल मुकाबले में श्रीलंका से भिड़ेगा। 338 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत अच्छी नहीं हुई और उसने अपना पहला विकेट लारा गुडॉल (चार)रन का विकेट गंवा दिया। इसके बाद मियान स्मिट ने तेजमिन ब्रिट्स के साथ दूसरे विकेट के लिए 63 रन जोड़े। 15वें ओवर में अमनजोत कौर ने तेजमिन ब्रिट्स (26) को आउट



कर इस साझेदारी को तोड़ा। मियान स्मिट (39) को दीप्ति शर्मा ने आउट किया। नोंडुमिसो शंघासे (36) के रूप में दक्षिण अफ्रीका का चौथा विकेट गिरा। सिनालो जाफ्टा (21) रन बनाकर आउट हुई। एन डर्कसन ने 80 गेंदों में पांच चौके और दो छक्के लगाते हुए (81) रन बनाए। कप्तान क्लोई ट्राइऑन 43 गेंदों में (67) रन को दीप्ति शर्मा ने बोल्ड कर दक्षिण अफ्रीका के मैच जीतने की उम्मीदों को ध्वस्त कर दिया। 48 ओवर के बाद कम रोशनी को लेकर अंपायर हरमनप्रीत कौर और बल्लेबाजों से बात की।

## ताइपे ओपन में श्रीकांत-उन्नति दूसरे दौर में

**नई दिल्ली।** भारतीय पुरुष और महिला कंपाउंड तीरंदाजी टीमें विश्व कप के दूसरे चरण के फाइनल्स में पहुंच गई जिससे भारत के कम से कम दो पदक पक्के हो गए। भारत के ओजस देवताले, अभिषेक वर्मा और ऋषभ यादव की नंबर एक टीम ने ब्रिटेन को क्वार्टर फाइनल में 239-232 से हराया । इसके बाद डेनमार्क को 232-231 से मात दी। वहीं, भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी किदाम्बी श्रीकांत ने बुधवार को ताइपे ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट में अपना अभियान शानदार तरीके से शुरू करते हुए सीधे गेम में जीत दर्ज कर कई अन्य युवा खिलाड़ियों के साथ दूसरे दौर में जगह बनाई।

महिला कंपाउंड वर्ग में भारत की मधुरा धमनगांवकर, चिकिता तानीपर्थी और ज्योति सुरेखा वेन्नम ने कजाखस्तान की टीम को क्वार्टर फाइनल में हराया।

**अंक तालिका**

| टीम | मैच | जीते | हारे | रद्द | रन रेट | अंक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| गुजरात | 11 | 8 | 3 | 0 | +0.793 | 16 |
| बंगलुरु | 11 | 8 | 3 | 0 | +0.482 | 16 |
| पंजाब | 11 | 7 | 3 | 1 | +0.376 | 15 |
| मुंबई | 12 | 7 | 5 | 0 | +1.274 | 14 |
| दिल्ली | 11 | 6 | 4 | 1 | +0.362 | 13 |
| कोलकाता | 12 | 5 | 6 | 1 | +0.193 | 11 |
| लखनऊ | 11 | 5 | 6 | 0 | -0.469 | 10 |
| हैदराबाद | 11 | 3 | 7 | 1 | -1.192 | 7 |
| राजस्थान | 12 | 3 | 9 | 0 | -0.718 | 6 |
| चेन्नई | 12 | 3 | 9 | 0 | -1.992 | 6 |

# उतार-चढ़ाव के बाद शेयर बाजार में सेंसेक्स 105 अंक चढ़ा

**नई दिल्ली।** भारत के पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकी ठिकानों पर मिसाइल हमलों के बीच शुरुआती कारोबार में बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में भारी उतार-चढ़ाव देखने को मिला। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 30.14 अंक गिरकर 80,610.93 पर पहुंचा और निफ्टी 5.75 अंक गिरकर 24,377.70 अंक पर पहुंचा। हालांकि बाद में बाजार संभला। बुधवार को सेंसेक्स 105.71 अंक बढ़कर 80,746.78 पर बंद हुआ; निफ्टी 34.80 अंक बढ़कर 24,414.40 की बढ़त के साथ बंद हुआ।



**कॉइनस्विच:** कॉइनस्विच, जिसके 2 करोड़ से अधिक उपयोगकर्ता हैं, ने अपनी पाँचवीं प्रूफ ऑफ रिजर्व्स रिपोर्ट जारी की है। रिपोर्ट के अनुसार, कॉइनस्विच के पास उपयोगकर्ताओं की कुल जमा राशि से अधिक क्रिप्टो और भारतीय रुपयों की संपत्ति मौजूद है। 31 मार्च 2025 तक कॉइनस्विच की कुल आरक्षित संपत्तियां 2,764.20 करोड़ थीं, जबकि ग्राहकों की जमा राशि 2,138.64 करोड़ थी, जिससे 625.56 करोड़ का सरप्लस बनता है। कॉइनस्विच के उपाध्यक्ष बालाजी श्रीहरि ने कहा, यह उद्योग विश्वास पर टिका है, और पारदर्शिता कोई विकल्प नहीं बल्कि नींव है।

**नवीन पेशकश:** कैलाशी देवी कलर्स के डोरी में वापस आ गई है और इस बार वह अकेली नहीं है। खलनायक किसी भी ड्रामा की जान होते हैं, जो न केवल शो में हंगामा बरपाते हैं, बल्कि उत्सुकता बढ़ाते हुए दर्शकों को हर मोड़ पर बांधे रखते हैं। और कैलाशी ठाकुर से बेहतर ऐसा कोई नहीं कर सकता है, जिसकी भूमिका को महान अदाकारा सुधा चंद्रन ने मनमोहक सटीकता के साथ जीवंत किया है। पहले सीज़न में, सुधा के परिवार की क्रूर मालकिन कैलाशी के किरदार को खूब सराहा गया था। सुधा चंद्रन ने डोरी में कैलाशी देवी के रूप में वापसी करने पर कहा, सबसे महान खलनायक किसी न किसी तरह से बार-बार वापसी करने का कोई न कोई तरीका ढूंढ़ लेते हैं, क्योंकि उनके अंधेरे के बिना, प्रकाश उतना उज्ज्वल नहीं चमकेगा।

**एसबीआई:** एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस ने हैक-एआई-थॉन के पहले संस्करण की शुरुआत की है। यह एक राष्ट्रीय स्तर की नवाचार पहल है, जो होनहार प्रतिभाओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के माध्यम से जीवन बीमा के भविष्य को एक नई पहचान देने के लिए प्रेरित करती है। एसबीआई लाइफ के 'हैक-एआई-थॉन' के रीजनल राउंड में लोगों की ओर से ज़बरदस्त प्रतिक्रिया मिली, जिसमें पूरे भारत से 7,500 से अधिक टेक छात्रों ने पंजीकरण कराया। इन फाइनलिस्ट में से शीर्ष 15 टीमों को मुंबई में आयोजित होने वाले ग्रैंड फिनाले में अपने नवाचार प्रस्तुत करने का मौका मिलेगा। एसबीआई लाइफ के ब्रांड, कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन और सीएसआर प्रमुख रविंद्र शर्मा ने लॉन्च के अवसर पर कहा, जब विभिन्न विचारधाराओं वाले लोग पारंपरिक सीमाओं से बाहर आकर मिलते हैं।

# सोने ने छुआ एक लाख का आंकड़ा, चांदी की चमक बढ़ी

**नई दिल्ली।** सर्राफा बाजार में सोना 1000 रुपये चढ़कर एक लाख 750 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। मंगलवार को सोने का बंद भाव 99750 रुपये था। 99.5प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत भी 1050 रुपये बढ़कर एक लाख 350 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई। मंगलवार को इसका बंद भाव 99 हजार 300 रुपये था। यह उछाल सोने के लिए अब तक के रिकॉर्ड स्तर के करीब है। इससे पहले 22 अप्रैल को सोना एक लाख एक हजार 600 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर पहुंचा था।



**व्यापार विस्तार:** पेटीएम का क्यू4 एफवाई 2025 का राजस्व 1,911 करोड़ रहा। ईएसओपी से पहले ईबीआईटीडीए और पीएटी में सुधार हुआ और यह क्रमशः 81 करोड़ और (23) करोड़ रहा। मार्गदर्शन के अनुसार यूपीआई प्रोत्साहन को छोड़कर लाभप्रदता हासिल की। योगदान लाभ बढ़कर 1,071 करोड़ हो गया, जो 12 प्रतिशत क्यूओक्यो वृद्धि को दर्शाता है, जबकि योगदान मार्जिन में सुधार होकर 56 प्रतिशत हो गया। पेटीएम भुगतान उपकरणों के लिए मर्चेंट सब्सक्राइबर बेस में 8 लाख की वृद्धि हुई, जो मार्च 2025 तक कुल 1.24 करोड़ तक पहुँच गया। मार्च 2025 तक 12,809 करोड़ का मजबूत नकद संतुलन बनाए रखा।

**पोर्टफोलियो पहल:** ब्रिटानिया गॉबल्स केक को नए स्वाद और नरमी के साथ फिर से तैयार किया गया है। इसके फ्रूट, चॉकलेट, पाइनएप्पल, ऑरेंज, मिल्क और बटर फ्लेवर अब पहले से कहीं ज़्यादा सॉफ्ट और टेस्टी हो गए हैं। दया दयानंद शेट्टी और सर शिवाजी साटम को केक इन्वेस्टिगेशन डिपार्टमेंट के अफसरों के रूप में दिखाया गया है, जो एक चोर की तलाश में हैं। ब्रिटानिया के चीफ़ बिज़नेस ऑफिसर ब्रेड, केक्स और रस्क, युधिष्ठिर श्रिंगी ने कहा, ब्रिटानिया में हम हमेशा अपने उपभोक्ताओं की बात सुनते हैं और उनके बदलते स्वाद व पसंद के अनुसार अपने उत्पादों को लगातार बेहतर बनाते रहते हैं।

**व्यापार श्रंखला:** केएल डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी ने शैक्षणिक वर्ष 2024-2025 के पंजीकृत और योग्य स्नातक छात्रों को 100प्रतिशत प्लेसमेंट ऑफर मिले हैं। कुल 425 कंपनियों ने प्लेसमेंट ड्राइव में हिस्सा लिया और 6,100 जॉब अवसर प्रदान किए। केएलईएफ डिम्ड टू बी यूनिवर्सिटी के वाइस प्रेसिडेंट, कोनेरू लक्ष्मण हविश ने कहा कि हम प्रत्येक छात्र को शिक्षा, व्यावहारिक कौशल और आत्मविश्वास प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## गारंटीड इनकम प्लान्स, भविष्य की आर्थिक नींव

नई दिल्ली। बच्चे के पहले कदम से लेकर स्कूल का पहला दिन, शिक्षा और उससे आगे का जीवन। आज के दौर में जीवन सिर्फ रोटी-कपड़ा-मकान तक सीमित नहीं है, बल्कि उसमें अच्छी शिक्षा, अपने बिज़नेस के सपने और कुछ बड़ा करने की चाह भी जुड़ गई है। ऐसे में, सही फाइनेंशियल प्लानिंग यह तय करती है कि कोई भी सपना सिर्फ सपना बनकर न रह जाए। यही वह स्थिति है, जहाँ गारंटीड इनकम प्लान्स एक मजबूत सहारा बनते हैं, जो न सिर्फ आपके पैसों की सुरक्षित बढ़त का भरोसा देते हैं, बल्कि आपके बच्चे के भविष्य को भी सुरक्षित रखते हैं। एसबीआई लाइफ स्मार्ट प्लेटिना सुप्रीम ऐसा ही एक प्लान है। यह एक इंडिविजुअल, नॉन-लिंक्ड, नॉन-पार्टिसिपेटिंग लाइफ इंश्योरेंस सेविंग प्रोडक्ट है, जो जीवन में सुरक्षा के साथ-साथ हर वर्ष एक तय इनकम भी देता है, ताकि आप अपने सपनों को सच कर सकें।

**समावेशन विस्तार:** प्रीमियम ऑडियो स्टोरीटैलिंग की एमेज़ॉन कंपनी, ऑडिबल ने भारत के राष्ट्रीय महत्व एवं सांस्कृतिक विरासत पर आधारित 10 ऑडियोबुक्स की सीरीज़ पेश करने के लिए मिनिस्ट्री ऑफ़ इन्फ़ॉर्मेशन एंड ब्रॉडकास्टिंग के साथ सहयोग किया। इस श्रृंखला की पहली ऑडियोबुक विवेकानंद की कहानी है, जो मिनिस्ट्री ऑफ़ इन्फ़ॉर्मेशन एंड ब्रॉडकास्टिंग द्वारा 1 मई से 4 मई तक मुंबई में आयोजित फ्लैगशिप कल्चरल शोकेज़, वेव्स 2025 में रिलीज़ की गई। शैलेष सवलानी, कंट्री मैनेजर, भारत ऑडिबल ने कहा, स्टोरीटैलिंग भारत के कल्चर और संस्कृति का हिस्सा है।

**वित्तीय परिणाम दर्ज किए:** घरेलू साज-सज्जा और सुगंध उत्पाद बनाने वाली कंपनी सत्व सुकुन लाइफकेयर लिमिटेड बीएसईः 539519 ने 31 मार्च, 2025 को समाप्त चौथी तिमाही और बारह महीनों के लिए मजबूत वित्तीय परिणाम दर्ज किए हैं। सत्व सुकुन लाइफकेयर लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर मीत तरूणकुमार ब्रह्मभट्ट ने कहा कि कंपनी की सफलता नवाचार-संचालित उत्पाद विकास, विनिर्माण क्षमताओं में निवेश और एक विस्तारित ग्राहक आधार के संयोजन से प्रेरित है, जो दीर्घकालिक टिकाऊ विकास की दिशा में अपना रास्ता मजबूत करता है। 31 मार्च 2025 को समाप्त तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 74.5प्रतिशत बढ़कर 84.22 लाख रुपए हो गया।

## तीन फीसदी से नीचे आ सकती है खुदरा महंगाई

**नई दिल्ली।** ऊंची ब्याज दरों से राहत मिलने के बाद अब आम लोगों को महंगाई से भी राहत मिल सकती है। बैंक ऑफ बड़ौदा की रिपोर्ट के अनुसार, अप्रैल के आंकड़ों में खुदरा महंगाई की दर तीन फीसदी से नीचे जा सकती है। इसके आंकड़े अगले हफ्ते जारी होंगे। रिपोर्ट के अनुसार, खुदरा महंगाई में कमी से आरबीआई को दरों में कटौती का और अवसर मिलेगा। जून में होने वाली बैठक में रेपो दर में ज्यादा कटौती हो सकती है। टमाटर, प्याज और आलू उत्पादक राज्यों में गर्मी में कमी आई है। टमाटर की खुदरा कीमत अगस्त, 2024 के बाद से सबसे कम हो गई है। यह अप्रैल, 2025 में सालाना आधार पर 34.4प्रतिशत कम हो गई है। आलू और प्याज की कीमतें अप्रैल, 2025 में सालाना आधार पर क्रमशः 11प्रतिशत और 5.7प्रतिशत घटी हैं।

**विस्तार पहल:** अकाउंटिंग संस्थाओं में से एक, सीपीए ऑस्ट्रेलिया द्वारा किए गए 16वें एशिया-प्रशांत छोटे व्यवसाय सर्वेक्षण के अनुसार, भारत का छोटा व्यवसाय क्षेत्र एशिया-प्रशांत क्षेत्र में सबसे गतिशील और आशावादी क्षेत्रों में से एक है। सर्वे के नतीजों से पता चला है कि भारत के 78 छोटे व्यवसायों ने पिछले साल विकास किया, जिससे देश मे महामारी के बाद की मजबूत वापसी दिखाई देती है। प्रफुल्ल छाजेड़, जो सीपीए ऑस्ट्रेलिया के सर्टिफाइड प्रैक्टिसिंग अकाउंटेंट हैं और भारत में 30 से ज्यादा सालों का अकाउंटिंग और फाइनेंस का अनुभव रखते हैं, उन्होंने कहा कि, यह तेजी एक सक्रिय व्यवसायिक माहौल, इनोवेशन पर जोर देने और तेजी से हो रहे डिजिटल बदलाव की वजह से आई है।

**व्यापार विस्तार:** मिशलिन टायर्स एंड सर्विसेज स्टोर की शुरुआत की है। यह स्टोर शहर के प्रमुख टायर डीलर टायरऑन व्हील्स के साथ साझेदारी में खोला गया है, जो टायर बिक्री, व्हील बैलेंसिंग और अलॉय व्हील्स की व्यापक रेंज के लिए जाना जाता है। टायरऑन व्हील्स लखनऊ में दो आउटलेट हैं,गोमतीनगर,आशियाना चौराहा। मिशलिन इंडिया के एमडी शांतनु देशपांडे ने लॉन्च पर कहा, हम लखनऊ जैसे सांस्कृतिक रूप से समृद्ध और तेज़ी से विकसित होते शहर में मिशलिन की मौजूदगी बढ़ाकर बेहद उत्साहित हैं।

**नया आयाम:** कलर्स के शो लाफ्टर्स शैफ्स अनलिमिटेड एंटरटेनमेंट में मदर्स डे स्पेशल एपिसोड ने हर किसी की आंखें नम कर दीं। सेट को एक प्लेफुल समर कैंप में बदला गया, जहां बच्चे अपने पसंदीदा सेलिब्रिटी शेफ्स जैसे कपड़े पहनकर मंच पर छा गए। मजेदार गेम्स, मस्तीभरा डांस और अंकिता लोखंडे, रुबीना दिलैक और एल्विश यादव की हूबहू नकल के साथ माहौल मस्ती और हंसी से गूंज उठा। कृष्णा अभिषेक ने असली कैंप लीडर की तरह बच्चों की एनर्जी को मैच करने की कोशिश की, और वायरल स्टार गुरुजी अभिनव की एंट्री ने शो में चार चांद लगा दिए।

**वित्तीय समावेशन:** फोनपे ने आज अपने नेक्स्ट जेन स्मार्टस्पीकर को लॉन्च करने की घोषणा की, जो मर्चेंट्स की बढ़ती व्यावसायिक जरूरतों को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किया गया एक नेक्स्ट जेन वर्शन है। लेटेस्ट अपग्रेड में अपने पिछले वर्शन के फीचर को बरकरार रखते हुए महत्वपूर्ण सुधार किए गए हैं। फोनपे में मर्चेंट बिजनेस के चीफ बिज़नेस अफसर, युवराज सिंह शेखावत ने कहा, कि हम अपने भारत में बने नेक्स्ट जेन स्मार्टस्पीकर्स को पेश करने के लिए उत्साहित हैं, जो हैं। इन डिवाइस का स्वदेशी रूप से निर्माण हमारे मर्चेंट की विशिष्ट फीचर और प्राथमिकताओं के लिए प्रोडक्ट को अपनाने में अधिक लचीलापन देता है।

## छोटे व्यवसायों को विकास और रोजगार में दिख रही है नई उम्मीदें

**नई दिल्ली।** दुनिया की जानीमानी अकाउंटिंग संस्थाओं में से एक, सीपीए ऑस्ट्रेलिया द्वारा किए गए 16वें एशिया-प्रशांत छोटे व्यवसाय सर्वेक्षण के अनुसार, भारत का छोटा व्यवसाय क्षेत्र एशिया-प्रशांत क्षेत्र में सबसे गतिशील और आशावादी क्षेत्रों में से एक है।

सर्वे के नतीजों से पता चला है कि भारत के 78प्रतिशत छोटे व्यवसायों ने पिछले साल विकास किया, जिससे देश मे महामारी के बाद की मजबूत वापसी दिखाई देती है। प्रफुल्ल छाजेड़, जो सीपीए ऑस्ट्रेलिया के सर्टिफाइड प्रैक्टिसिंग अकाउंटेंट हैं उन्होने कहा कि, यह तेजी एक सक्रिय व्यवसायिक माहौल, इनोवेशन पर जोर देने और तेजी से हो रहे डिजिटल बदलाव की वजह से आई है।

**एमजी विंडसर प्रो:** जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने एमजी विंडसर प्रो को लॉन्च किया। तकनीकी सुविधाएं और सुरक्षा फीचर्स के साथ 52.9 किलोवाट की नई बैटरी शामिल की गई है। एमजी विंडसर प्रो को एक आकर्षक प्रारंभिक बीएएएस मूल्य 12.49 लाख रुपये . 4.5 रुपये /किमी और एक्स-शोरूम कीमत 17,49,800रुपये पहली 8,000 बुकिंग्स के लिए वैध पर लॉन्च किया गया। प्रबंध निदेशक अनुराग मेहरोत्रा ने कहा एमजी विंडसर ने भारत के 4डब्ल्यू-आईवी सेगमेंट की वृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

**बीएनडी सेवा:** एयरटेल बिज़नेस ने आज बिज़नेस नेम डिस्प्ले बीएनडी सेवा के लॉन्च की घोषणा की है। यह सेवा उद्योग में अपनी तरह की पहली, नई तकनीक पर आधारित सुविधा है, जिसका उद्देश्य कंपनियों और उपभोक्ताओं के बीच होने वाले संवाद को अधिक विश्वसनीय और प्रभावी बनाना है। इस सेवा के ज़रिए कंपनियां, अपनी आउटगोइंग कॉल्स के दौरान ग्राहकों के मोबाइल स्क्रीन पर अपना ब्रांड नाम प्रदर्शित कर सकेंगी। डायरेक्टर एवं सीईओ, शरत सिन्हा ने कहा, एयरटेल में हमारा निरंतर प्रयास एक ऐसा संचार अनुभव देने का है जो स्मार्ट, सुरक्षित और पारदर्शी हो।

# ऑपरेशन सिंदूर पर सियासी सवालों का संघ से आया जवाब

## विरोधियों ने याद दिलाया आतंकवाद के समूल नाश का वादा, आरएसएस ने बताया न्याय की शुरुआत

**नई दिल्ली, ब्यूरो।** पहलगाम में पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादियों द्वारा अंजाम दिए गए सांप्रदायिक नरसंहार के जवाब में सीमा पार स्थित आतंक के बड़े अड्डों पर की गई लक्षित विध्वंसक कार्रवाई की भले ही देश के सियासी गलियारों में काफी तारीफहो रही हो लेकिन कुछ विरोधी नेताओं की ओर से इस कार्रवाई को नाकाफी बताकर सरकार पर सियासी स्कोर करने की कोशिशें भी होती दिख रही हैं। इसी के तहत बीते दिनों प्रधानमंत्री मोदी द्वारा सार्वजनिक मंच से आतंकवाद की बची-खुची जमीन को मिट्टी में मिला देने और आतंकवाद का समूल नाश कर दिए जाने का वादा याद दिलाते हुए सवाल उठाया जा रहा है कि बीती रात आतंक के नौ अड्डों को ध्वस्त कर देने से क्या इस बात की कोई गारंटी है कि अब पहलगाम जैसी वारदात दोबारा नहीं होगी। जिन विरोधियों की ओर से आतंकवाद को पूरी तरह समाप्त करने की दिशा में कदम उठाए जाने की मांग की गई है उनमें पूर्व केंद्रीय मंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता राशिद अल्वी, सपा नेता वीरेन्द्र सिह से लेकर एआईएमआईएम के सांसद असदुद्दीन ओवैसी तक का नाम मुख्य रूप से शामिल है। जहां एक ओर इन सबने सेना के पराक्रम और शौर्य की खुले दिल से तारीफकी है वहीं दूसरी ओर इनका कहना है कि आतंकवाद के तमाम अड्डों को पूरी तरह समाप्त किया जाना चाहिए ताकि देश को पहलगाम जैसी तकलीफका फिर कभी सामना नहीं करना पड़े। हालांकि इस तरह के बयान कहीं ना कहीं राजनीतिक रूप से सरकार पर दबाव बनाने और राजनीतिक स्कोर करने के लिए ही दिए जा रहे हैं लेकिन सत्तारूढ़ भाजपा की मातृ संस्था राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ यानी आरएसएस की ओर से सामने आई प्रतिक्रिया को इनसे जोड़ कर देखें तो साफहो जाता है सियासी बयानों को भी ना सिर्फ सकारात्मक नजरिए से देखा जा रहा है बल्कि संघ ने आश्वस्ति जताते हुए साफ तौर पर बताने की कोशिश की है कि बीती रात हुई सैन्य कार्रवाई पहलगाम के पीड़ितों के लिए न्याय की शुरुआत ही है।

बीती रात सीमा पार स्थित आतंकवादियों के नौ ठिकानों को सैन्य कार्रवाई के द्वारा ध्वस्त कर दिए जाने के बाद अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए आरएसएस के राष्ट्रीय प्रचार प्रमुख सुनील आम्बेकर ने ऑपरेशन सिंदूर को पहलगाम के पीड़ितों के लिए न्याय की शुरुआत करार देते हुए कहा है कि पूरा देश इस इंसाफ के समर्थन में है। यानी आरएसएस की ओर से सांकेतिक तौर पर आश्वस्त किया गया है कि आतंकवाद के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर को अंतिम कार्रवाई नहीं समझा जाए बल्कि यह पहलगाम के पीड़ितों के लिए न्याय की शुरुआत ही है। दूसरी ओर ऑपरेशन सिंदूर को आतंकवाद के समूल नाश के लिए नाकाफी बताने वालों की ओर से भी सरकार को यही बताने की कोशिश की गई है कि इतने भर को ही पर्याप्त मान लेना उचित नहीं होगा। असदुद्दीन ओवैसी के मुताबिक पाकिस्तानी डीप स्टेट को ऐसी सख्त सीख दी जानी चाहिए कि फिर कभी दूसरा पहलगाम न हो और इसके लिए पाकिस्तान में मौजूद आतंक के ढांचे को पूरी तरह नष्ट कर देना चाहिए। इसी प्रकार राशिद अल्वी का कहना है कि ऑपरेशन सिंदूर के तहत न्यूनतम कार्रवाई ही की गई है जबकि आतंकवादियों को इससे बेहतर जवाब दिए जाने की जरूरत है। इसी तर्ज पर वीरेन्द्र सिंह ने भी बीती रात हुई कार्रवाई को अपर्याप्त करार देते हुए कहा है कि देश के सभी 140 करोड़ लोगों को अपनी सेना पर गर्व है और उससे ऐसी कार्रवाई की अपेक्षा है ताकि आतंकवाद की पूरी तरह कमर टूट जाए और भविष्य में किसी की भी भारत की ओर टेढ़ी नजर से देखने की हिम्मत ना पड़े।

# सचिव प्रधान की स्वच्छता ग्राहियों की डीपीआरओ ने ली बैठक



**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय ब्लाक सभागार में बुधवार को पचायत राज विभाग के तत्वावधान में सचिव, स्वच्छता ग्राही, प्रधानों के साथ बैठक कर गाँव के कूड़ा कचरा को आरआरसी सेंटर में ले जानकर निस्तारण के लिए जिला पंचायत राज अधिकारी (डीपीआरओ) संतोष कुमार श्रीवास्तव ने अपील की है। कहा कि गाँव में हमारी लडाई कूड़े से है जिसमें प्लास्टिक, लोहा सहित 36 प्रकार के कूड़े आते है गाँव से कूडा हटाना ही हम सभी का उद्देश्य है। आरआरसी सेंटर एक फैक्ट्री व अस्पताल है जहाँ कूड़ा कचरा जैसे मरीज को लेजाने वाली ई रिक्शा एम्बुलेंस का कार्य करती है जिसमें गये कचरे को अलग अलग कर रिसाइक्लिंग सेंटर ले जाना होता है जहाँ पर सही उपचार किया जाता है। जिससे गाँव को स्वच्छ रखा जा सके हम सभी की जिम्मेदारी है कि गाँव साफव स्वच्छ दिखना चाहिए। जिला समन्वयक विनोद श्रीवास्तव ने बताया कि स्वच्छ बाजार अभियान के तहत हलिया, कोटा शिव प्रताप सिंह, देवरी बाजार सहित छह बाजारों में विशेष अभियान चलाया जाएगा जिसमें दुकानदारों से आंशिक शुल्क लेकर कूड़ा एकत्रित कराये जाने का अभियान चलेगा। आरआरसी सेंटर पर बरसात में गाड़ी पहुचने सहित अन्य किसी प्रकार की समस्या आने की लिखित जानकारी स्वच्छता ग्राही से ली जाएगी। बीडीओ विजयशंकर त्रिपाठी ने सभी सचिवों व ग्राम प्रधानों को समय से समस्या का निस्तारण करने का निर्देश दिया है। इस मौके पर एडीपीआरओ प्रेमदास, एडीओ पंचायत रूपेश श्रीवास्तव आदि सहित प्रधान, सचिव चंद्र प्रकाश श्रीवास्तव, दिनेश सिंह, बालकृष्ण व हलिया लालगंज के स्वच्छता ग्राही मौजूद रहे।

# सफाईकर्मी को मारपीट कर किया घायल



**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के गुर्गी गांव के सब्जी मंडी के पास बुधवार को युवक व तीन अज्ञात लोगो ने पुरानी रंजिश को लेकर एक युवक व तीन अज्ञात लोगो ने सिर पर वार कर घायल कर दिया। सफाईकर्मी ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई कि मांग किया है पुलिस मामले कि जांच पड़ताल करने में जुट गई है। हलिया थाना क्षेत्र के बरडीहा कला हलमुकाम हलिया निवासी सफाईकर्मी श्री कृष्ण धरकार ने बुधवार को थाने में तहरीर देकर बताया है कि दोपहर दो बजे देवरी बाजार में सरकारी कार्य करके बाइक से वापस आ रहा था की रास्ते में गुर्गी गांव के सब्जी मंडी के पास पुरानी रंजिश को लेकर हलिया गांव निवासी एक युवक व तीन अज्ञात मुझे रोककर डंडे से मुझे मारने लगे जिससे मेरा सिर फट गया है। बाएं हाँथ के अंगुली व दाहिने हाँथ व पैर में चोट आई है गाली गलौज दिया है व जान से मारने कि धमकी दिए है। साथी सफाईकर्मी कि मोबाइल भी बीच बचाव में टूट गई है। पुलिस मामले कि जांच पड़ताल करने में जुट गई है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह ने बताया कि सफाईकर्मी द्वारा मारपीट करने वाले एक युवक व तीन अज्ञात लोगो के विरुद्ध तहरीर दिया है। मामले कि जांच पड़ताल किया जा रहा है कार्रवाई किया जायेगा।

# न्याय की गुहार लेकर धरने पर बैठी महिला

**चुनार (मिर्जापुर)।** तहसील व थाने पर न्याय की गुहार लगाकर थक चुकी महिला अब खुद न्याय पाने के लिए आगे निकली तो चुनार कोतवाली से फोन आने शुरू हो गए कि मुकदमा लिखकर तुमको जेल भेज दूंगा वहीं पुलिस कर्मियों के धमकाने के बाद भी डरी नहीं। महिला न्याय न मिलने तक धरने पर बैठने का निर्णय लिया है। जानकारी के अनुसार स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के शिवशंकरी धाम के निकट जी एस मार्का ईट भट्टे पर धरने पर बैठी महिला राजपति देवी ने बताया कि मैं अपने ससुर मोहन सिंह, बेटी कुमारी पायल सिंह नौ वर्ष, बेटा आर्यन सिंह 10 वर्ष के साथ 6 मई 2025 की सायं से ही धरने पर बैठे हैं, पीड़ित राजपति देवी ने बताया कि ईट भट्ठा व्यवसायी ने मेरे ससुर से पांच बीघा 12 विश्वा जमीन,दो मंजिला मकान, कुआं,पंप सेट, इत्यादि ईट भट्ठा स्थापित करने के लिए सन 2009 में 21 वर्षों के लिए सहमति पत्र के माध्यम से लिया था, जिसकी प्रत्येक वर्ष किराया देने की बात भी सहमति पत्र में कही गई थी, मगर ईट भट्ठा व्यवसाई की अब नियत खराब हो गई है। जिससे मुझे लगभग 8 वर्षो से किराया देना बंद कर दिया है जिसकी शिकायत न्याय की गुहार लेकर कई बार तहसील दिवस एवं थाना दिवस चुनार में करने के बाद भी न्याय नहीं मिला। जिससे परेशान होकर हमने स्वयं निर्णय लिया है,वही घबराए ईट भट्ठा व्यवसाई ने पैसे के बल पर चुनार कोतवाली से दबाव बनवाकर कोतवाली से ही उक्त पीड़ित महिला को मोबाइल पर धमकी दिलाई जा रही है कि ईट भट्टे से हट जाओ नहीं तो तुम्हारे खिलाफ मुकदमा लिखकर जेल भेज देंगे। महिला ने न्याय की गुहार पुलिस अधीक्षक से लगाई है।



# अनियंत्रित बाइक सवार दम्पति ट्रैक्टर ट्राली से टकराकर घायल, रेफर

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के हलिया लालगंज मार्ग मवई कला एक पेट्रोल पंप के पास मंगलवार कि शाम बाइक सवार दम्पति ट्रैक्टर ट्राली से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुँचे ग्राम प्रधान गुर्गी ने ऑटो से दोनों घायलों को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आए जंहा पर चिकित्सक ने दोनों कि हालत गंभीर देखकर मंडलीय चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया है। लालगंज थाना क्षेत्र के मवेडी गांव निवासी 25 वर्षीय कमलेश कोल बाइक से अपनी पत्नी 22 वर्षीय गरिमा के साथ ससुराल हलिया थाना क्षेत्र के बरुआ गांव जा रहा था कि जैसे ही हलिया लालगंज मार्ग मवई कला गांव के एक पेट्रोल पंप के पास पहुंचा कि अनियंत्रित होकर सामने से जा रहे ट्रैक्टर ट्राली के चालक द्वारा ट्रैक्टर मोड़ दिए जाने से बाइक सवार ट्राली में टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुँचे ग्राम प्रधान गुर्गी रमेश मौर्या ने दोनों घायलों को ऑटो से उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आए जंहा पर चिकित्सक रविराज ने दोनों घायलों का प्राथमिक उपचार करने के बाद मंडलीय चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया है। सूचना मिलने पर एसआई शिव जी यादव मौके पर पहुंचकर मामले कि जांच पड़ताल करने में जुट गए है।

# ऑपरेशन सिंदूर : भारतीय सेना के सम्मान में चुनार नगर में निकला बाइक जुलूस

**चुनार(मिर्जापुर)।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा चुनार नगर के स्टेशन रोड से विश्व हिंदू परिषद

**विश्व हिंदू परिषद के नगर अध्यक्ष जगदीश गुप्ता के नेतृत्व में बाइक जुलूस निकाला गया**

के नगर अध्यक्ष जगदीश गुप्ता के नेतृत्व में बाइक जुलूस निकाला गया। बहादुर सैनिकों ने जिस तरह त्रिशक्ति का ऑपरेशन सिंदूर



पाकिस्तान में आतंकवादी ठिकानों पर 25 मिनट में 9 पाकिस्तान में आतंकवादी अड्डों हाफिज अजहर के अड्डे, हिजबुल ट्रेनिंग सेंटर मुर्शीद, जैश अड्डा, लश्कर का अड्डा, जैसे मोहम्मद का अड्डा, हिज्बुल मुजाहिदीन का अड्डा, को भारतीय सेना ने अटैक कर नेस्तनाबूद कर दिया। जिसमें 90 आतंकवादी थे भारत के सैनिकों को सम्मान में सलाम करते हुए। भारत माता की जय घोष करते हुए खुशी का इजहार किया पूरे नगर में भ्रमण किया।विश्व हिंदू परिषद का अध्यक्ष जगदीश गुप्ता ने कहा कि 22 अप्रैल को पहलगाम में हमारे हिंदू भाइयों को आतंकवादियों ने घेर कर गोलियों भून डाला था जिस पर हमारे भारत के सैनिकों ने आतंकवादियों के ठिकानों पर अटैक कर बदला लिया। जिसको उपलक्ष में हम लोगों ने नगर में सैनिकों के सम्मान में जुलूस निकाला।

इस दौरान जुलूस में उपस्थित, बचाऊ लाल सेठ, अभिलाष राय सभासद किशन मोदनवाल, सभासद गौतम जायसवाल, अमित सोनकर, मुकेश प्रजापति, स्माइल भाई, सागर सोनकर, आर्यन गुप्ता, नानहू, लक्ष्मीकांत गुप्ता हिमांशु प्रजापति आदि रहे।

# मृत महिला के नाती कि तहरीर पर ट्रेलर चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**हलिया (मिर्जापुर)।** वाराणसी के चेतगंज थाना क्षेत्र के सराय गोवर्धन निवासी सुमित जायसवाल ने बुधवार को ड्रमण्डगंज थाना में तहरीर देकर गाड़ी में पीछे से टक्कर मारने वाले अज्ञात ट्रेलर चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले कि जांच पड़ताल करने में जुट गई है। दिए गए तहरीर में बताया है कि मेरी नानी रेनू जायसवाल निवासी अन्नपूर्णा बिल्डिंग विद्यापीठ थाना सिगरा वाराणसी निवासी व मेरे मौसी का लड़का नमित जायसवाल निवासी बड़ी बाजार थाना जैदपुरा वाराणसी अपनी गाड़ी से चालक लक्ष्मण प्रसाद के साथ नागपुर से वापस घर आ रहे थे कि मंगलवार कि रात्रि में लगभग 10.30 बजे बड़ा घुमान थाना ड्रमण्डगंज पर तेजगति से लापरवाही पूर्वक ट्रेलर का चालक नाम पता अज्ञात द्वारा गाड़ी में पीछे से टक्कर मारते हुए आगे जा रही गाड़ी से भी टक्कर मार दिया। टक्कर लगने के कारण मेरी नानी व मौसी के पुत्र व चालक लक्ष्मण प्रसाद को भी चोटे आई जिसको एम्बुलेंस 108 से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लाया गया जंहा पर डॉक्टर द्वारा मेरी नानी रेनू जायसवाल को मृत्यु घोषित कर दिया गया। जिस पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले कि जांच पड़ताल करने में जुट गई है।

# छात्र-छात्राओं को दी गई ब्लैकआउट की जानकारी

**मिर्जापुर।** नगर के इंटर एवं डिग्री कालेजों मेंबुधवार को छात्र-छात्राओं को मॉक ड्रील और ब्लैकआउट के बारेमेंजानकारी दी गई। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन नेनगर के मुसफ्फरगंज स्थित केबीपीजी कालेज मेंमॉकड्रील के साथ ही ब्लैकआऊट किया है। इस दौरान क्या करना चाहिए आदि के बारेमेंजानकारी दी। डीएम ने बताया कि ब्लैकआउट एक निश्चित अवधि के लिए होता है। इस दौरान घर और आसपास की सभी लाइट बंद करके अपनेघरों मेंरहें। घर की खिड़की बंद कर दें। रोशनी वाले स्थान पर कालेरंग का कागज आदि लगा दें। आधिकारिक सूचनाओं पर ही विश्वास करें। सोशल मीडिया के अफ्वाहों सेदूर रहें। इसी तरह सेनगर के महुअरिया स्थित राजकीय इंटर कालेज में भी मॉकड्रील और ब्लैक आउट के बारे में छात्रों को प्रधानाचार्यराजकुमार दीक्षित और वाइस प्रिंसपल जय कुमार सिंह नेजागरूक किया।

# नि:शुल्क खाद्यान्न का वितरण 9 से 25 तक

**स्वतंत्र भारत मऊ।** जनपद के अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अन्तर्गत माह मई 2025 के सापेक्ष आवंटित खाद्यान्न का वितरण 9 मई 2025 से 25 मई 2025 के मध्य कराये जाने के निर्देश दिये गये हैं। यह जानकारी जिला पूर्ति अधिकारी विकास गौतम ने दी है।


**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता 30वाँ (वि0 / याँ) वृत्त, लो0नि0वि0, लखनऊ**

पत्रांकः-1160 /202 सी.बी.-30/2025 दिनांकः-06-05-2025

**शुद्धि - पत्र**

एतद्द्वारा यह सूचित किया जाता है कि जो निविदा इस कार्यालय के पत्रांक 993/202सी.बी.-30/2025 दिनांक 19.04.2025 द्वारा आमंत्रित की गयी थी। उसमे अपरिहार्य कारणो से निम्न परिवर्तन किये गये हैः-

| क्र.सं. | विवरण | पूर्व की तिथि | संशोधित तिथि |
|---|---|---|---|
| 1. | ऑनलाईन निविदा प्रपत्र अपलोड होने की तिथि | 09.05.2025 से 16.05.2025 अपराह्न 12:00 बजे तक | 26.05.2025 से 31.05.2025 अपराह्न 12:00 बजे तक |
| 2. | ऑनलाईन निविदा की टेक्निकल बिड खोलने की तिथि | 16.05.2025 अपराह्न 12: 30 बजे तक | 31.05.2025 अपराह्न 12: 30 बजे तक |

निविदा की शेष शर्ते पूर्ववत रहेगी।

(अभय कुमार गुप्ता)
अधीक्षण अभियन्ता
30वाँ (वि0 / याँ) वृत्त
लो0नि0वि0, लखनऊ

उ0प्र0 233462 दिनांक- 06.05.2025
Web.: www.upidadv.gov.in

**कार्यालय पुलिस उप आयुक्त, मुख्यालय/लाइन्स, लखनऊ।**

**सूचना सार्वजनिक नीलामी**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि **दिनांक 13.05.2025 समय प्रातः 10:00 बजे** रिजर्व पुलिस लाइन कमिश्नरेट लखनऊ परिसर स्थित राजकीय सम्पत्ति भण्डार मे उपलब्ध निष्प्रयोज्य घोषित राजकीय सम्पत्ति/इलेक्ट्रानिक सम्पत्ति आदि की सार्वजनिक नीलामी मे बोली बोलने वाले इच्छुक व्यक्ति समय से पूर्व उपस्थित होकर रू0 20,000/– अग्रिम जमानत के रूप मे जमा कर बोली बोल सकते है।

**सार्वजनिक नीलामी की शर्ते**

(1) सामग्री जिस स्थान पर जिस स्थित मे उपलब्ध है उसी दशा मे नीलाम की जायेगी।
(2) बोली बोलने वालो को बोली से पूर्व जमानत के रूप मे रूपया 20,000/– की धनराशि जमा करनी होगी।
(3) निष्प्रयोज्य राजकीय सम्पत्ति की उच्चतम बोली की धनराशि जीएसटी सहित बोली दाता को बोली समाप्त होने पर तुरन्त जमा करनी होगी इसके बाद उपरोक्त सामग्री को उच्चतम बोली दाता के के पक्ष मे अवमुक्त कर दिया जायेगा बोली दाता उच्चतम बोली की धनराशि जीएसटी सहित जमान करने पर बोली दाता जमानत धनराशि रूपया 20,000/– उ०प्र० राज्य के पक्ष मे जब्त कर ली जायेगी तथा नीलामी से पृथक करते हुए दूसरी बोली दाता के पक्ष मे विचार किया जायेगे।
(4) नीलामी की प्रक्रिया मे शामिल कोई एक बोली या सभी बोली को निरस्त करने का अधिकार समिति को होगा।

सख्याः न–24/2025
दिनांकः मई 02, 2025

पुलिस उप आयुक्त,
मुख्यालय/लाइन्स,
लखनऊ।

उ0प्र0 233449 दिनांक- 06.05.2025
Web.: www.upidadv.gov.in


# युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**स्वतंत्र भारत मऊ।** दक्षिण टोला थाना क्षेत्र के ब्राह्मण टोला मोहल्ले में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। सूत्रों द्वारा बताया जा रहा है कि रजत सिंह पुत्र पुजारी सिंह 26 वर्ष निवासी ब्राह्मण टोला थाना कोतवाली बुधवार की दोपहर लगभग 2ः00 बजे अपने घर में शराब पीकर के आया हुआ था। परिवार के लोगों ने इसी बात को लेकर उसे डांट फटकार लगा दिया।

जिससे क्षुब्ध होकर घर के कमरे में चला गया थोड़ी देर बाद जब घर वालों ने उसे खाने पीने के लिए पूछने गए तो देखा कि युवक फांसी के फंदे पर झूल रहा था। इस घटना को देख पूरे घर में कोहराम मच गया। देखते ही देखते आसपास के लोग एकत्रित हो गए तभी किसी ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। और मामले की जान पड़ताल में जुट गई।

# आपातकालीन संकट से निपटने को मॉकड्रिल

**स्वतंत्र भारत गाजीपुर।** भारत सरकार के आदेश के क्रम मे जिलाधिकारी अविनाश कुमार, पुलिस अधीक्षक डा. ईरज राजा, अपर जिलाधिकारी वि.रा. दिनेश कुमार, मुख्य राजस्व अधिकारी आयुष चौरधी, अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र, जी एम अफीम फैक्ट्री दौलत कुमार, असि.कमा. सी आई एस एफ विजय गुप्ता , आई एन एस पी फायर आर के मिश्रा, आई एन एस पी सी आई एस एफ आर के सिंह एवं उनके प्रशिक्षित टीम की उपस्थिति मे दिनांक 07.05.2025 को जनपद के अफीम फैक्ट्री परिसर में युद्ध अथवा किसी भी आपातकालीन/ संकट की स्थिति/ब्लैक आउट के दौरान/से निपटने के लिए मेडिकल टीम, फायर ब्रिगेड एवं अन्य सम्बंधित संसाधनों के साथ लाइव मॉक ड्रिल/बचाव का अभ्यास किया गया। मॉक ड्रिल के दौरान पुलिस अधिकारी/ उपस्थित छात्र/छात्रों, एन0सी0सी0 कैडेड एवं आम नागरिकों को युद्ध जैसे भयावय स्थिति/संकट के समय ''क्या करे या क्या न करें'' के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। बताया गया कि बताया गया कि युद्ध की स्थिति से पहले ''क्या करें और क्या ना करें'' की स्पष्ट गाइडलाइन्स जानना बहुत ज़रूरी होता है ताकि आप और आपके परिजन सुरक्षित रह सकें।

# ट्रेलर की टक्कर से इनोवा कार सवार महिला की मौत, दो घायल

**हलिया (मिर्जापुर)।** ड्रमण्डगंज थाना क्षेत्र के मिर्जापुर रीवा राष्ट्रीय राजमार्ग 135 ड्रमण्डगंज घाटी भैसौड वलाय पहाड़ के बड़का घुमान पर सोमवार कि देर रात्रि में तेजगति आ रहे ट्रेलर ने इनोवा कार में पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे इनोवा कार सवार एक महिला कि मौत हो गई जबकि इनोवा कार चालक सहित युवक घायल हो गया। सूचना मिलने पर एम्बुलेंस सेवा वाहन 108 के कर्मी दिलीप यादव ने घायलों को एम्बुलेंस सेवा वाहन से उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आया।जहां पर चिकित्सक ने महिला को मृत घोषित कर दिया जबकि घायल इनोवा चालक व युवक को उपचार के बाद हालत सामान्य होने पर डिस्चार्ज कर दिया है। वाराणसी के सिगरा चेतगंज निवासी 72 वर्षीय रेनू जायसवाल अपने नाती 20 वर्षीय नमित जायसवल व इनोवा चालक नाम अज्ञात के साथ मध्य प्रदेश के इंदौर से इनोवा कार से वापस वाराणसी लौट रहे थे कि जैसे ही ड्रमण्डगंज घाटी के बढ़का मोड़ पर पहुँचे कि पीछे से तेजगति से आ रहे ट्रेलर चालक ने कार में जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे कार सवार महिला कि मौत हो गई जबकि कार चालक व युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंचे एम्बुलेंस सेवा वाहन के कर्मी दिलीप यादव ने घायलों को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आया जंहा पर चिकित्सक रविराज ने महिला को मृत घोषित कर दिया। जबकि कार चालक व युवक को उपचार के लिए भर्ती कर उपचार शुरू कर दिया हालत सामान्य होने पर दोनों को डिस्चार्ज कर दिया है। हादसे में ट्रेलर चालक व खलासी को भी चोटे आई है नाम नहीं पता चल सका है। महिला कि मौत कि सूचना पर पुलिस कार्रवाई में जुट गई है।



# तहसीलों में भ्रष्टाचार के खिलाफ अधिवक्ताओं ने किया हल्ला बोल

**स्वतंत्र भारत मऊ।** डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने तहसीलों में फैले भ्रष्टाचार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। कलेक्ट्रेट पुस्तकालय भवन में चल रही बैठक में डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष विद्यानिधि उपाध्याय ने दो टूक चेतावनी दी कि अगर भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं की गई, तो पूरे मंडल को बंद कर आंदोलन किया जाएगा। इससे पहले अधिवक्ता रितेश कुमार श्रीवास्तव ने कहा, अब सम्मान से कोई समझौता नहीं होगा। आंदोलन अब निर्णायक होगा। आंदोलन के केंद्र में वरिष्ठ अधिवक्ता कालिकदत्त पाण्डेय ने कहा कि याचना नहीं अब रण होगा, संग्राम बड़ा भीषण होगा।अधिवक्ता अतुल राय ने कहा कि तहसीलों में ऑपरेशन सिंदूर जैसा अभियान चलाने की जरूरत है ताकि भ्रष्टाचार की जड़ें उखाड़ी जा सकें।अधिवक्ता सतिराम यादव ने आरोप लगाया कि कानून को ताक पर रखकर मनमाने निर्णय लिए जा रहे हैं, जिससे आम जनता को न्याय नहीं मिल पा रहा है। विशेष रूप से घोसी के एसडीएम अभिषेक गोस्वामी, तहसीलदार शैलेन्द्र सिंह और मधुबन के एसडीएम अखिलेश सिंह यादव के खिलाफ अधिवक्ताओं ने गंभीर आरोप लगाए हैं।


पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।



स्वतंत्र भारत

एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अतुल शुक्ला** द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक : **के.के. श्रीवास्तव**

स्थानीय संपादक : **विष्णु मोहन***

फोन : 0522-4043151

swatantrabharat77@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु उत्तरदायी।

**समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।**

### ऑपरेशन सिंदूर के बाद रूस और चीन ने की अपील

## संयम बरतें भारत और पाक

**नई दिल्ली।** भारत की ओर से किए गए ऑपरेशन सिंदूर पर दुनियाभर की प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। रूस और चीन ने भारत और पाकिस्तान दोनों देशों से संयम बरतने की अपील की है। एयर स्ट्राइक के बाद रूस के विदेश मंत्रालय ने कहा कि वह भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते सैन्य टकराव को लेकर बेहद चिंतित है और उसने दोनों देशों से संयम बरतने का आह्वान किया है। रूसी विदेश मंत्रालय की वेबसाइट पर प्रकाशित एक बयान में उसने यह भी कहा कि वह आतंकवाद के सभी रूपों की निंदा करता है। इससे पहले, भारत ने बुधवार सुबह रूस, अमेरिका, ब्रिटेन और सऊदी अरब समेत कई प्रमुख देशों से संपर्क किया और उन्हें पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में नौ आतंकी ठिकानों पर किए गए सैन्य हमले के बारे में जानकारी दी। सूत्र ने बताया, वरिष्ठ भारतीय अधिकारियों ने कई देशों में अपने समकक्षों से बात की है और उन्हें भारत द्वारा उठाए गए कदमों के बारे में जानकारी दी है। इससे पहले चीन ने भारत और पाकिस्तान से क्षेत्र में शांति व स्थिरता के व्यापक हित को ध्यान में रखते हुए संयम बरतने का बुधवार को आह्वान किया। भारती की कार्रवाई के बाद चीन के विदेश मंत्रालय ने बयान में कहा, हम मौजूदा स्थिति को लेकर चिंतित हैं। भारत और पाकिस्तान एक दूसरे के पड़ोसी हैं और हमेशा रहेंगे। वे दोनों चीन के पड़ोसी भी हैं। पहलगाम आतंकवादी हमले का स्पष्ट संदर्भ देते हुए उसने कहा, चीन हर तरह के आतंकवाद का विरोध करता है।



## मलबे के ढेर में बदल गया बहावलपुर में जैश का अड्डा

**लाहौर।** सात मई को भारतीय सशस्त्र बलों ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में आतंकी संगठनों के खिलाफ अभूतपूर्व सैन्य कार्रवाई की। इस ऑपरेशन में

**ऑपरेशन सिंदूर के बाद का वीडियो**

पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में स्थित बहावलपुर के जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) के मुख्यालय मरकज सुभान अल्लाह को पूरी तरह नष्ट कर दिया गया। भारतीय वायुसेना ने मंगलवार देर रात 1.30 बजे (आईएसटी) पाकिस्तान के सात शहरों- बहावलपुर, मुरीदके, सियालकोट, भीमबेर, कोटली, मुजफ्फराबाद और अन्य में नौ आतंकी ठिकानों पर एक साथ हवाई हमले किए। इन ठिकानों में जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के प्रमुख केंद्र शामिल थे। बहावलपुर में जैश का मरकज सुभान अल्लाह आतंकी प्रशिक्षण और आतंकी गतिविधियों का मुख्य केंद्र था। यह भारतीय मिसाइलों और खास किस्म के गोला-बारूदों से पूरी तरह तबाह हो गया। पाकिस्तान के लोगों ने इसी मरकज के कई वीडियो शेयर किए हैं जिनमें ये पूरी तरह मलबे के ढेर में बदला नजर आ रहा है। एयर स्ट्राइक के बाद बहावलपुर के मरकज सुभान अल्लाह की तस्वीरें और वीडियो सामने आए हैं, जो इसकी तबाही की गवाही देते हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कई यूजर्स ने दावा किया कि विशाल मस्जिद और कैंपस, जो आतंकवादियों के प्रशिक्षण और नमाज के लिए इस्तेमाल होता था, वह अब मलबे के ढेर में बदल चुका है। धमाकों की आवाज से पूरा इलाका दहल गया, और स्थानीय अस्पतालों के बाहर घायलों की भीड़ देखी गई। पाकिस्तान के इंटर सर्विस पब्लिक रिलेशंस के डायरेक्टर जनरल अहमद शरीफ चौधरी ने हमले की पुष्टि करते हुए कहा कि बहावलपुर के अहमद ईस्ट एरिया में सुभानउल्लाह मस्जिद को निशाना बनाया गया। हालांकि, पाकिस्तान ने नागरिक हताहतों का दावा किया, जिसे भारत ने खारिज करते हुए कहा कि केवल आतंकी ठिकाने टारगेट किए गए।



## आतंकी मसूद अजहर का गम, काश मैं भी मारा जाता

**नई दिल्ली।** जैश-ए-मोहम्मद के प्रमुख मौलाना मसूद अजहर ने बुधवार को कबूल किया कि बहावलपुर में उसके संगठन के मुख्यालय पर भारतीय मिसाइल

**10 परिजनों और चार करीबियों की मौत के बाद बोला जैश सरगना**

हमले में उसके परिवार के 10 सदस्य और चार करीबी सहयोगी मारे गए हैं। अजहर के हवाले से जारी एक बयान में कहा गया कि बहावलपुर में जामिया मस्जिद सुभान अल्लाह पर हमले में मारे गए लोगों में जैश सरगना की बड़ी बहन और उसका पति, एक भांजा और उसकी पत्नी, एक भांजी और परिवार के पांच अन्य बच्चे शामिल हैं।

बयान में कहा गया कि हमले में अजहर के एक करीबी सहयोगी और उसकी मां तथा दो अन्य करीबी साथियों की भी जान चली गई। इसमें कहा गया, 'क्रूरता के इस कृत्य ने सारी हदों को पार कर लिया है। अब दया की कोई उम्मीद नहीं की जानी चाहिए।' अजहर को 1999 में विमान आईसी-814 के अपहृत यात्रियों की रिहाई के ऐवज में जेल से छोड़ा गया था।

उसके बाद से बहावलपुर जैश का अड्डा बना हुआ था। संयुक्त राष्ट्र ने मई 2019 में अजहर को 'वैश्विक आतंकवादी' घोषित किया था। तब चीन ने जैश प्रमुख को आतंकवादी घोषित करने के प्रस्ताव पर अपनी रोक को हटा लिया था। उस समय नई दिल्ली ने पहली बार संयुक्त राष्ट्र से इस बाबत संपर्क किया था।

अजहर अप्रैल 2019 से कभी सार्वजनिक तौर पर नहीं दिखा है और माना जाता है कि वह बहावलपुर में किसी 'सुरक्षित जगह' पर छिपा हुआ है। यह समूह भारत में कई आतंकवादी हमलों में शामिल रहा है, जिनमें 2001 में संसद पर हमला, 2000 में जम्मू कश्मीर विधानसभा पर हमला, 2016 में पठानकोट में भारतीय वायुसेना के अड्डे पर हमला और 2019 में पुलवामा आत्मघाती हमला शामिल हैं।



## भारत के एक्शन से डरा पाकिस्तान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने बुधवार को कहा कि अगर नयी दिल्ली नरम रुख अपनाता है तो पाकिस्तान,

**तनाव 'खत्म' करने को तैयार**

भारत के साथ तनाव 'खत्म' करने के लिए तैयार है। पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में आतंकवादी ठिकानों पर भारत द्वारा की गई सैन्य कार्रवाई के कुछ घंटों बाद पाकिस्तान के रक्षा मंत्री का यह बयान आया है। 'ब्लूमबर्ग टेलीविजन' ने आसिफ के हवाले से खबर में बताया कि पाकिस्तान केवल तभी जवाब देगा जब उस पर हमला होगा। उन्होंने कहा, 'हम पिछले एक पखवाड़े से लगातार कह रहे हैं कि हम भारत के खिलाफ कभी भी कोई शत्रुतापूर्ण कार्रवाई शुरू नहीं करेंगे, लेकिन अगर हम पर हमला होता है तो हम जवाब देंगे। अगर भारत नरम रुख अपनाता है तो हम निश्चित रूप से इस तनाव को खत्म करेंगे।' बातचीत की संभावना को लेकर मंत्री ने कहा कि उन्हें ऐसी किसी संभावित बातचीत के बारे में जानकारी नहीं है।

## फेक न्यूज : पाकिस्तान वायरल कर रहा झूठे वीडियो

**नई दिल्ली।** भारत ने वायुसेना के श्रीनगर अड्डे पर पाकिस्तानी वायुसेना के हमले की खबरों को अफवाह करार देते हुए लोगों से इस पर ध्यान न दिए


**भारत ने कहा इस पर ध्यान न दें**

जाने की सलाह दी है। सूचना प्रसारण मंत्रालय के प्रेस सूचना ब्यूरो (पीआईबी) ने कहा है कि पाकिस्तान परस्त कुछ सोशल मीडिया एकाउंट के जारिए ऐसे वीडियो प्रसारित किए जा रहे हैं जिसमें दावा किया जा रहा है कि पाकिस्तानी वायु सेना ने श्रीनगर में वायुसेना के अड्डे पर हमला किया है। पीआईबी ने कहा है कि ये वीडियो पुराने हैं और भारत से जुड़े नहीं है। सरकार ने लोगों से अपुष्ट सूचनाओं पर ध्यान न देने की अपील की है। पीआईबी ने भारतीय सेना के ब्रिगेड मुख्यालय पर पाकिस्तान के हमले के बारे में सोशल मीडिया के दावों को भी असत्य करार दिया है। सरकार ने पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर (पीओके) में भारत के आपरेशन सिंदूर के परिप्रेक्ष्य मे सोशल मीडिया पर वायरल उस तस्वीर को पुराना बताया है जिसमें भारतीय वायुसेना के एक लड़ाकू विमान को ध्वस्त दिखाया गया है। सरकार की ओर से कहा गया है कि यह तस्वीर सितंबर 2004 में बाड़मेर (राजस्थान) में भारतीय वायुसेनाके मिग-29 लड़ाकू विमान की दुर्घटना की है। सरकारी बयान में कहा गया है, ऑपरेशन सिंदूर के परिप्रेक्ष्य में पाकिस्तान परस्त सोशल मीडिया एकाउन्ट के जरिए एक विमान दुर्घटना की तस्वीर को विभिन्न रूपों में पुनः फैलाया जा रहा है।




## अफगान मूल की पत्रकार ने पाक के मंत्री को लताड़ा

**इस्लामाबाद।** विदेशी मीडिया स्काई न्यूज में एक शो के दौरान पाकिस्तान के सूचना प्रसारण मंत्री अत्ताउल्लाह तरार झूठ बोलने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन एंकर ने उन्हें बुरी तरह लताड़ दिया जिसके बाद वह बगले झांकने लगें। स्काई न्यूज के एक डिबेट शो में अफगान मूल की तेज़तर्रार पत्रकार याल्दा हकीम ने पाकिस्तानी सूचना मंत्री तरार से ऐसा तीखा सवाल पूछ डाला कि मंत्री की सिट्टी-पिट्टी गुम हो गई। स्काई न्यूज के एक पैनल इंटरव्यू के दौरान जब पाकिस्तान के मंत्री आतंकवाद पर सफाई देने की कोशिश कर रहे थे, तब याल्दा हकीम ने बेहद सख्त लहजे में कहा, दुनिया को बेवकूफ बनाना बंद कीजिए। आप अच्छी तरह जानते हैं कि पाकिस्तान ने दशकों तक आतंकियों को पाला-पोसा है। इस एक लाइन ने मंत्री का चेहरा देखने लायक बना दिया। जवाब देने के बजाय वो बगलें झांकते नजर आए और विषय बदलने की कोशिश करने लगे।



## एयरस्ट्राइक पर भड़का तुर्की

**इस्लामाबाद।** भारत की एयरस्ट्राइक पर पाकिस्तान का दोस्त तुर्की भड़का नजर आ रहा है। तुर्की ने पाकिस्तान के प्रति अपनी एकजुटता व्यक्त करते हुए भारत के इस कदम को अनुचित आक्रामकता करार दिया है। तुर्की के विदेश मंत्री हाकन फिदान ने पाकिस्तान के उप-प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक दार से फोन पर बात की और भारत के हमलों की निंदा की। तुर्की विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा, तुर्की के विदेश मंत्री हाकन फिदान ने उप-प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक दार से बात कर भारत की अनुचित आक्रामकता के खिलाफ पाकिस्तान के प्रति तुर्की की एकजुटता व्यक्त की। भारत ने पाकिस्तान की संप्रभुता का उल्लंघन किया और निर्दोष नागरिकों की जान ली।

## एयरस्ट्राइक : मुजफ्फराबाद में मच गई थी अफरातफरी

**मुजफ्फराबाद।** पीओके स्थित मुजफ्फराबाद में भी भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत आधी रात जब एयरस्ट्राइक की तो

**बार-बार हिल रही थी धरती**

मुजफ्फराबाद में अफरातफरी मच गई। लोग घरों से बाहर निकलकर सुरक्षित ठिकानों की ओर भागने लगे। स्थानीय लोगों ने बताया कि एयरस्ट्राइक की वजह से धरती बार-बार हिल रही थी। एक स्थानीय ने बताया कि धमाके हो रहे थे। चारों तरफ अफरा-तफरी मची थी। लोग जान बचाने के लिए पहाड़ी की ओर भाग रहे थे। तभी मस्जिद की लाउडस्पीकर से ऐलान किया जाने लगा कि लोग घरों से बाहर निकल जाएं और सुरक्षित स्थानों पर शरण लें। 46 वर्षीय मोहम्मद शैर मीर ने बताया कि जैसे ही हम अपने घर से बाहर निकले वहां जोरधार धमाका हुआ। इससे सभी लोग डर गए। बकौल मीर वह और उनका परिवार डर गया था। इसके बाद उसने सपरिवार अपना घर खाली कर दिया और सपरिवार पहाड़ी पर चला गया। मुजफ्फराबाद के अन्य लोगों ने बताया कि वहां 10-15 मिसाइलें आकर गिरीं, जिसमें बिलाल मस्जिद की इमारत जमींदोज हो गई है। उसकी छत टूट चुकी है और मीनार गिर गई है। सुबह होने पर जब लोग पहाड़ी से उतरकर नीचे आए तो उन्हें चारों ओर मलबे और ढेर बिखरे मिले।



### एक नज़र

#### आतंकियों की मौत पर पाक फौज ने मनाया मातम

**इस्लामाबाद।** भारत ने हमला भले ही पाकिस्तान में आतंकवादियों पर किया हो, लेकिन मातम पड़ोसी मुल्क की सेना मना रही है। भारत के खिलाफ आतंकवादियों का इस्तेमाल करता रहा पाकिस्तान बुधवार को एक बार फिर दुनिया के सामने बेनकाब हो गया। पाकिस्तान और पाक अधिकृत कश्मीर में मारे गए आतंकवादियों के जनाजों में पाकिस्तानी सेना, पुलिस और आईएसआई के अफसर भी मातम मनाते नजर आए। इस दौरान भारत के खिलाफ नारेबाजी भी की गई।

#### इंडोनेशिया में भीषण सड़क हादसा, 11 की मौत

**योग्याकार्ता (इंडोनेशिया)।** इंडोनेशिया के मध्य जावा प्रांत में एक डंप ट्रक ने एक मिनी बस को टक्कर मार दी, जिससे 11 लोगों की मौत हो गई। सभी मृतक शिक्षिका थीं। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। स्थानीय आपदा प्रबंधन एजेंसी ने एक बयान में कहा, यह हादसा पुरवेरजो जिल के कालीजांबे गाव में हुआ है। डंप ट्रक निर्माण सामग्री से भरा हुआ था और मिनी बस से टकराने के बाद एक घर से भी टकरा गया। मिनी बस में मगेलन जिले की शिक्षिकाओं का एक समूह सवार था। यह समूह पुरवेरजो जिले में एक अंतिम संस्कार में शामिल होने जा रहा था। पुरवेरजो के पुलिस प्रमुख एंड्री अगुस्तियानो ने कहा, डंप ट्रक नियंत्रण खो बैठा और मिनी बस से टकरा गया।

#### गाजा में 48 महिलाओं और बच्चों की मौत

**गाजा।** इस्राइल और हमास के बीच चल रही जंग अब अपने 20वें महीने में पहुंच गई है, लेकिन हालात सुधरने की जगह और भी भयावह होते जा रहे हैं। जहां मंगलवार रात एक बार फिर इस्राइल ने गाजा में जोरदार हमला किया। इस हवाई हमलों में कम से कम 48 लोगों की मौत हो गई, जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। यह जानकारी अस्पताल अधिकारियों ने बुधवार को दी। यह हवाई हमला गाजा के बीचों-बीच बुरेज शरणार्थी कैंप में एक स्कूल पर हुआ, जहां सैकड़ों विस्थापित लोग शरण लिए हुए थे। इस हमले में 27 लोगों की मौत हो गई, जिनमें 9 महिलाएं और 3 बच्चे शामिल हैं। यह स्कूल युद्ध शुरू होने के बाद से पांचवीं बार निशाना बना है। हालांकि इस्राइली सेना ने इन हमलों पर कोई टिप्पणी नहीं की है, लेकिन उसका कहना है कि हमास नागरिक इमारतों और स्कूलों से ऑपरेट करता है, इसलिए वह जिम्मेदार है।

#### मार्क कॉर्नी बोले- बिकाऊ नहीं कनाडा
#### ट्रंप ने कहा- यह तो समय ही बताएगा

**वॉशिंगटन।** व्हाइट हाउस में मंगलवार को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात के बाद कनाडाई प्रधानमंत्री मार्क कॉर्नी ने कहा कि कनाडा ब्रिकी के लिए नहीं है और यह कभी नहीं होगा। उनके इस बयान पर डोनाल्ड ट्रंप ने बेफिक्र होकर मुस्कुराते हुए जवाब दिया, यह तो समय ही बताएगा कि भविष्य में कनाडा के साथ क्या होगा। यह बातचीत ओवल ऑफिस में एक निजी बैठक के दौरान हुई। इसके बाद दोपहर के भोजन का आयोजन हुआ, जहां दोनों नेताओं ने तनावपूर्ण व्यापार संबंधों, कनाडाई वस्तुओं पर जारी और अमेरिकी टैरिफ पर चर्चा की। ट्रंप ने बाद में कहा, अगर कनाडा और अमेरिका के बीच कोई समझौता होता है तो यह दोनों देशों के लिए एक शानदार मिलन होगा।

## दहशत : ऐसा लगा जैसे आसमान लाल हो गया

**इस्लामाबाद।** भारत द्वारा मंगलवार को की गई एयरस्ट्राइक के बाद कई शहरों के आतंकी ठिकानों पर एक के बाद एक मिसाइल से हमले होने लगे, जिससे वहां खौफ का माहौल बन गया। कई लोगों ने भारत की एयर स्ट्राइक को अपनी आंखों से

**एयरस्ट्राइक के बाद बुरी तरह घबराए पाकिस्तानी**

देखा। एक युवक ने बीबीसी उर्दू से कहा कि मैं अपनी छत पर लेटा हुआ था, तभी दो मिसाइलें आई और हमारे ऊपर से गुजर गई। अचानक, एक मिसाइल ज़मीन पर गिरी और फिर पूरे इलाके में एक मिनट के लिए लाइट चली गई। फिर बिजली वापस आ गई और दूसरी मिसाइल भी गिर गई। बहुत शोर हुआ, मिसाइल गिरने के बाद ऐसा लगा जैसे आसमान लाल हो गया हो। उसके बाद, लगभग चार ऐसे ही हमले हुए। मिसाइल ने मरकज तैय्यबा मस्जिद को निशाना बनाया। लोग बाहर निकल आए और मस्जिद की तरफ भागे कि क्या हो रहा है। बाद में पता चला कि भारत ने हमला कर दिया है। एक और चश्मदीद मोहम्मद बिलाल ने बताया कि वह नांगल सहदान के रहने वाला है। जब मिसाइलें गिरी तो वह अपने गांव के घर में अकेला था। उसने कहा, मैं रात को कॉल सुनने के लिए छत पर गया और अचानक मैंने एक मिसाइल को आते और विस्फोट होते देखा। मैं तुरंत घर से निकलकर यहां मस्जिद में आ गया। उन्होंने लगातार तीन मिसाइलें दागीं और मैंने उन्हें फटते हुए सुना। वहां बहुत डर गया था। वहीं, मुरीद के निवासी मुहम्मद यूनुस शाह ने बताया कि भारत द्वारा दागी गई चार मिसाइलें नांगल सहदान स्थित शैक्षणिक परिसर पर गिरीं, जहां एक मस्जिद भी स्थित है।



## ऑपरेशन सिंदूर : पूरा हुआ महिलाओं का अनोखा व्रत

**हाजीपुर।** भारतीय सेना की पाकिस्तान में आतंकवाद के खिलाफ चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर से पूरे देश में जश्न है। इस ऑपरेशन से

**पहलगाम हमले के 15 दिन बाद भरी मांग**

लोकतंत्र की जन्मभूमि कहे जाने वाले बिहार के वैशाली जिले की कुछ महिलाओं का भी एक अनोखा व्रत पूरा हो गया है।


जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए हमले में मारे गए लोगों की विधवाओं के साथ न्याय न होने तक हाजीपुर शहर की इन महिलाओं ने अपने माथे पर सिंदूर न लगाने का संकल्प लिया था। इन्होंने 15 दिनों तक अपनी मांग में सिंदूर नहीं लगाया। मंगलवार आधी रात को जब भारतीय सेना की सर्जिकल स्ट्राइक हुई, तो बुधवार सुबह 10 बजे हाजीपुर के गांधी आश्रम के मंच पर इन महिलाओं ने एक-दूसरे के माथे में सिंदूर भरकर अपना व्रत पूरा किया। इससे पहले महिलाओं ने मंदिर में पूजा-अर्चना की और सामूहिक रूप से मोहल्लों में टोली निकालकर लोगों को सिंदूर लगाओ पर्व का संदेश दिया। गांधी आश्रम के जिस मंच पर महिलाओं ने सिंदूर लगाया, वहां कभी महात्मा गांधी और भगत सिंह ने देश की स्वतंत्रता का बिगूल फूंका था।

## 'सरू' में मेल लीड वेद बिरला के किरदार में होंगे शगुन पांडे



भारत में छोटे शहरों से कई लोग बड़ा सपना लेकर आगे बढ़ना चाहते हैं। पढ़ाई, खेल और कला जैसे रास्ते उन्हें आगे बढ़ने का मौका देते हैं। लेकिन जब ये लोग बड़े शहर पहुंचते हैं, तो कई नई मुश्किलें सामने आती हैं, जो उनके सब्र और हिम्मत की परीक्षा लेती हैं। ज़ी टीवी, जो हमेशा प्रेरणादायक और अपनी सी लगने वालीं कहानियां दिखाता है, अब ऐसा ही एक नया शो ला रहा है - 'सरू'। यह शो एक ऐसी लड़की की कहानी है जो अपने छोटे शहर की सीमाओं से बाहर निकलकर कुछ बड़ा करने का सपना देखती है। सरू की दुनिया उसके गांव से जुड़ी हुई है, जहां वो बहुत सुकून महसूस करती है। लेकिन उसके गांव में आगे की पढ़ाई का कोई साधन नहीं है। इसलिए उसे गांव छोड़कर शहर जाना पड़ता है। मगर सबसे बड़ी चुनौती होती है उसकी मां, जो उसे बाहर भेजने के सख्त खिलाफ है। इस शो में मोहक मटकर, सरू का लीड किरदार निभा रही हैं, जो एक जुझारू लड़की है। अनुष्का मर्चंडे शो में अनिका के नेगेटिव रोल में नज़र आएंगी। इनके साथ जुड़ रहे हैं शगुन पांडे, जो इस शो में मेल लीड की भूमिका निभाएंगे। वो वेद बिरला का किरदार निभा रहे हैं, जो एक सभ्य, विनम्र और उसूलों वाला नौजवान है।

## मैंने कभी कोई शॉर्टकट नहीं लिया - विपिन हीरो



विपिन हीरो सिर्फएक एक्टर नहीं, बल्कि एक टैलेंटेड परफॉर्मर हैं, जो कई कलाओं में माहिर हैं। इनमें गाना, कम्पोज करना, लिखना और एक्टिंग शामिल है। अभी वह एण्डटीवी के कल्ट कॉमेडी शो 'भाबीजी घर पर हैं' में मलखान सिंह की भूमिका निभा रहे हैं। इस शो में विपिन अपने साथ सिर्फ उम्दा कॉमिक टाइमिंग लेकर नहीं आए हैं, बल्कि टीका (वैभव माथुर) के उत्साही और शरारती साथी भी बन गये हैं। अपनी खूबसूरती और जोश से उन्होंने तुरंत दर्शकों का दिल जीत लिया है। विपिन हीरो ऊर्फ मलखान सिंह ने कहा, ''जब मैं सात साल का था, तब से जानता था कि मुझे परफॉर्म करना है। म्यूजिक, एक्टिंग और राइटिंग मेरे लिये सिर्फशौक नहीं, बल्कि मुझे खुद से और दुनिया से जोड़ने वाली चीजें थीं। सबसे पहले मैंने सिंगिंग शुरू की और मैं कड़ी ट्रेनिंग लेकर घंटों गाया करता था। मैं परफॉर्म करने के किसी भी मौके को नहीं जाने देता था। फिर मैंने एक्टिंग को भी समझना शुरू किया, यह मानकर कि खुद को व्यक्त करने की यह दोनों कलाएं एक-दूसरे को बढ़ावा देती हैं। सिंगिंग से मुझे भावना और लय मिली और यह एक्टिंग के लिये भी जरूरी है। खासकर कॉमेडी में तो इन्हीं से काम बनता है।

### बाजार दर्पण

